
# आज की ग्लोबल व्यवस्था में भी चीन अपने पूर्वजों की तरह लूटेरा,।

**दैनिक समाज जागरण**

आधुनिक विश्व में जहां चीन आज भी अपने पूर्वजों से सीख नहीं ली है। आज की ग्लोबल व्यवस्था में भी चीन अपने पूर्वजों की तरह लूटेरा, सनकी बीबी तथा ताकत की तानाशाही की प्रकृति से उबर नहीं पाई है। उन्हें आज भी दुनिया बहसी, दरिंदे तथा चीन की तानाशाही मिटाने के लिए एकजुट है जैसा लगता है। जबकि चीन को याद होना चाहिए कि सिर्फ वही एक अकेला राष्ट्र नहीं जो अपनी आजादी में रक्त बहाए हैं। अगर देखा जाए तो विश्व में आजादी के लिए कोई राष्ट्र सबसे ज्यादा कुर्बानियां दी है वह अकेला राष्ट्र है "इंडिया"। अगर चीन के अंदर सचमुच तानाशाही के अलावा राष्ट्रभक्त भी जीवित है। तो वह इंडिया की इतिहास से पढ़ें, पता चल जाएगा कि आजादी के लिए किसने सबसे ज्यादा लहू की महासागर बहाया था। आप इसे नहीं समझ सकते क्योंकि आपकी राष्ट्रभक्ति के दायरे ऐसे हैं कि वहां से सिर्फ अपना राष्ट्र ही दिखता है। बाकी के मुल्कों की संप्रभुता सिर्फ लकीरे हैं। और मातृभूमि दूसरों की मामूली जमीन के टुकड़े हैं। अरे! जिसे जमीन समझ रहे हैं। उसे मिट्टी के टुकड़े समझते शायद मिट्टी की अहमियत समझ आती। संप्रभुता से पहचान होती। मगर आप अपनी ताकत का, विकास का ऐसा चर्बी आंखों में भर रखा है। की मित्र क्या दुश्मन क्या, आप कौन पराया कौन कुछ भी नहीं दिखती बस कभी हमें शोषण की गई थी तो फिर हम भी उन्हीं की तरह आज ताकतवर है सीमा विस्तार क्यों नहीं कर सकते। अरे! भैया यह 19वीं सदी नहीं 21 वीं सदी है । ग्लोबल विश्व में हर कोई सब जानता है। हूं हंसी आती है बात भले पुरानी हो मगर सत्य तो सत्य है। तुम तो साम्राज्य वादियों से भी चार कदम आगे निकले। साम्राज्यवादी "उपनिवेश "बनाया और तुमने अपनी नीतियों में "उपनिवेश" संबोधन शब्द हटा दिया और जोड़ दिया "गुलामी" । यह कहां का और कैसा तुम्हारा सोचने की तरीके हैं। तथा संप्रभुता तोड़ने के अपने जनधन पाप को छुपाने हेतु दूसरों की इतिहास उनसे भी खेल जाते हो। साम्राज्यवादी विचारधारा की ग्लोबल सेंटर अमेरिका भी मानवता की एक सीमा को समझती, तथा मानती भी है मगर आप तो साम्राज्यवादी लकीरों को भी बौना कर चुके हैं। जहां मानव, मानवता की कोई जगह नहीं ।

बस दुनिया में लोग मरते हैं तो मरे । कटते हैं तो कट जाए। कोई फर्क नहीं। हम तो खुश हैं। जी जरा ठहर ये यही आप मात खा गए। क्योंकि आपने जब दूसरों की इतिहास ओं के साथ खिलवाड़ कर रहे थे । तब यह भूल गए कि ताकत के दम पर लक्ष्मी को गुलाम बनाया जा सकता है परंतु इतिहास के ऊपर धन नहीं "सत्यमेव जयते " के तहत सरस्वती चलती है । इतिहास की सच्चाई को भले ही ताकत तथा धन के दम पर कुछ समय अवधि तक छुपाई जा सकती है। लेकिन हादसों की सच्चाई को हमेशा हमेशा के लिए दफना ही नहीं जा सकती क्योंकि इतिहासकारों की मानें तो जब समय का पहिया घूमता है तो इतिहास की सच्चाई कब्र से निकलकर जिंदा हो जाती है। जिस दिन ऐसा होता है जिस दिन ऐसा हो जाता है इतिहास इस सच को अपने मरे होने के बावजूद सम्मानित, शानदार, जानदार, दमदार, ताकतवर जगह दे देती है। कई उदाहरण पड़े हैं विश्व में ऐसे की जब न्याय की बात विश्व में आई इतिहासो के अनगिनत सच्चाई जमीन फाड़कर अपना स्थान पाया। ताकतों पीढ़ियों का खेल है जो एक सा हर पीढ़ी के पास नहीं रहती। उदाहरण के तौर पर सन 1962 ईस्वी की इतिहासो को आपने अपनी सुविधा अनुसार तोड़ मरोड़ कर पेश किया। जो सरकार गलत है। कहा जाता है की 19वीं सदी आधुनिक युग में कुछ भी छिपा पाना संभव नहीं । अगर यह सही है तो सन 1962 ईस्वी की चाइना द्वारा सुनियोजित साजिश के तहत इंडिया पर की गई हमले की इतिहास के साथ छेड़छाड़ तथा अधूरी क्यों लिखी गई। ताज्जुब की बात है कि विश्व बिरादरी बिना सत्यापन किए, चाइना द्वारा लिखित इतिहास को सही मान लिया। क्या है यह कसूर चाइना की महिमा मंडल के लिए सत्य को नजर-अंदाज ही गई। इंडिया की सादगी तथा संप्रभुता की सत्यता को पचा नहीं पाई दुनिया। चलो कोई बात नहीं! हर राष्ट्रों की अपनी-अपनी विवशता है। अपनी अपनी समस्या है। वाह ! रे लोकतंत्र। जरूरत पड़ने पर हर राष्ट्र तेरी दुहाई देते हैं। और जरूरत पड़ने पर तेरी कफन की भी सौदा कर देते हैं 1962 ईस्वी में जहां पूरी दुनिया शीत युद्ध के कारण दो फार में बैठी थी कोई भी छोटी घटना कभी भी दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी विश्व युद्ध में बदल जा सकती थी। ऐसा नहीं कि हम भयावह स्थिति में भी शांति के प्रयास नहीं किए जाते थे मगर ताकतवर मुल्कों ने इतिहास को ऐसा तोड़ मरोड़ करते है की हर शांति प्रयास हंसी के पात्र बन जाया करती थी । इस समय काल में चीन अपनी साम्राज्यवादी नीतियों का विस्तार भी किया और उस घटनाक्रम के इतिहास के साथ छेड़छाड़ भी की। ताज्जुब की बात चाइना को कोई ऐसा करने से रोकना तो दूर टोकना को भी अपनी दायित्व नहीं समझा । 1962 ईस्वी में चाइना की करतूत देखिए। उसने सर्वप्रथम इंडिया को अपना भाई कहा। भाई के लिए हर त्याग हर लड़ाई मे साथ साथ रहने का वादा किया। हिंद के एक ही पिता के दो भाई कि गुणगान की। इंडिया के साथ लड़ाई लड़ने से हाथ तौबा की और जैसे ही इंडिया भाई के प्रेम के रास्ते पर चली। वही कल तक एक थाली के दो भाई की गुणगान करने वाला चीन कमबख्त पीठ पर छुडा (चाकू) गोप दी। खुद मारी इंडिया के पीठ पर चाकू और इतिहास में इंडिया को ही साम्राज्यवादी होने का आरोप लगा दिया जिससे दुनिया की सहानुभूति इंडिया को ना मिल पाए। इसलिए इतिहास के पन्नों को भी बदल दी गई गुण मिलान उस समय इंडिया की घाव जैसे की तन से मिट जाने के बावजूद मन मे एसी पीड़ा की दर्द मिटती ही नहीं। वेंटिलेशन पर पड़ी हमारी इंडिया जब इस घाव के दर्द से ही नहीं उबर पाई थी तब इतिहास किसके द्वारा लिखी जा रही थी उसे देखने की औकात कहां। उसमें शब्द क्या भरे जा रहे हो इतनी इल्म कहां । जिसका नाजायज फायदा चीन ने उठा ली । इस विवाद की विषाद बिछाकर कि वे जमीन जिन्हें उसने इंडिया से छीनी है वह चीन की थी। इंडिया उसे कब्जा किए हुए था । जबकि यह सच्चाई नहीं इतिहास की। यह तो साम्राज्यवादी तथा लुटेरा शब्द चाइना के माथे ना लगे इसलिए यह चाइना की एक तरफा पक्ष है। जबकि सच्चाई यह है कि चाइना की सियासत दो कमरों में बैठकर बनाई गई है। 1962 ईस्वी समय काल में भारत तुरंत तुरंत ही आजादी पाई थी गुलामी का ऐसी दर्द सेइंडिया गुजरी थी कि आजादी मिलते ही पार्टीशन हो गए। रक्त ना रहे इसके लिए पार्टीशन हुई फिर भी चारों तरफ रक्त बहते रहने की माहौल में आजादी का सूरज दिखा। और तुरंत चीन ने भी इंडिया को इस लाचारी का फायदा उठा लिया जमीन भी हड़पी इंडिया की, शमशान बनाया इंडिया को । साथ ही साथ इतिहास के पन्नों में इंडिया को ही कटघरे में खड़ा कर दिया । 1962 ही चीन ने जब देखा कि इंडिया अपने विकास रथ में राष्ट्रवाद का फ्यूल भर रही है पचा नहीं पाया। झोंक दी इंडिया को एक युद्ध में । ताकि इंडिया टूटे कमजोर हो । इंडिया के नेतृत्व करता चाइना की दोगली नीति समझ नहीं पाए । जिसकी कीमत इंडिया को अपनी जमीन खो कर चुकानी पड़ी। इंडिया 1947 ईस्वी की आजादी उपरांत सैन्य ताकत से मुंह मोड़ विकास की रास्ते पर चल पड़ी। चीन जान चुका था कि इंडिया की फौज कमजोर है बस क्या था। 20 अक्टूबर 1962 को हमला कर दी। सुखी इंडिया इसलिए ना मानसिक रूप से तैयार थी फिर भी 25 से 50 गोलियां लेकर इंडिया के सपूतों ने उनका डटकर मुकाबला किया जहां चीन की सैनिक 25 से 50 गोलियां चला कर हथियारों की क्षमता कर चली वही इंडिया के बेटे 25 से 50 गोलियां तथा 56 इंच का सीना गोलियां वजीर लेने को फुला कर युद्ध किया। सब जानते थे कि यह युद्ध तो एक शेर तथा बकरी के बच्चे मेमनो की तरह ही है। जहां बेचारी इंडिया के साथ जन धन की हानी हो रही है। फिर भी इंडिया के सपूतों ने चीन के गोलियों का जवाब अपने अपने सीने को आगे कर की। उनके साथ ही युद्ध की सप्लाई लाइन भी इंडिया विकसित नहीं कर पाई थी। युद्ध लड़ने के लिए हथियार तथा भोजन सैनिकों को मुहया कराने पहली प्राथमिकता होती है जो इंडिया की नहीं थी क्योंकि चीन तो हमें मार दे मगर हम मां के सपूत तुम्हारे हवाले छोड़ कर अपनी धरती को पीछे नहीं जाएंगे । इस सोच को जिंदा रखने हेतु कई कई दिनों तक हमारी भूखी फौज अपने चमड़े की बेल्ट अपनी ही शहीदों की कच्चे मांस तक को खाना मंजूर की ।ताकी वह उस समय तक जीवित रहे तब तक निर्दई चाइना के हमलावर गोली ना मार दे। भारतीय फौज हमेशा अजय रही है। हमारे पास हथियार नहीं तो क्या। हम पर कर्ज तो जरूर है मातृभूमि का बिरगती हो जायेगे मगर पीठ नहीं दिखाएंगे। कायरता की कलंक को माथे पर नहीं लगने देंगे। ऐसा पापी राष्ट्र चाइना जिसके पास मानवता नाम की कोई चीज नहीं । वह इस बरबर नरसंहार को अपने युद्ध जीतने की गाथा गढकर सुनाती है। जरूरत पड़ने पर दुनिया को 1962 ईस्वी की अपनी जीत का घौसं देती है । ऐसा कब तक चलेगा इतिहास के साथ छेड़छाड़। ऐसा अपराध को बंद करनी होगी। वरना हर युग में संप्रभुता के कारण युद्ध के काले बादल मंडराते रहेंगे।

जय हिंद



**कुमार गौरव**

बैठकी

# "लम्बी होती लाइनें और सिकुड़ते संसाधन"

**दैनिक समाज जागरण**

सरजी, चार-पांच दिनों से कहाँ चले गये थे!! सुना कि आपकी तबियत ठीक नहीं थी!!--- मास्टर साहब बैठते हीं पुछ दिये!

मास्टर साहब, बेटा मेरे इलाज के लिए



बनारस ले गया था लेकिन वहाँ हास्पिटल में जिस न्यूरोलॉजिस्ट से दिखाना था उसके यहाँ इतनी लम्बी लाइन लगी थी कि दो दिनों के बाद अवसर मिला! वही हाल बनारस से वापस आते हुए, ट्रेन में.. इतनी भीड़ थी कि पुछिये मत!-- मैं थका सा!

लिजिये दो दिन हुए, संयुक्त राष्ट्र संघ ने जनसंख्या संबंधित वैश्विक आंकड़ा प्रकाशित किया है! जिसके अनुसार जून 2023 तक हम विश्व चैम्पियन हो जायेंगे! मतलब दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश!-- कुंवरजी ने बात पकड़ी!

सही कहा कुंवरजी ने,मैं भी पढ़ा हूँ! भारत की आबादी 142 करोड़ 86 लाख और हमारी तुलना में चीन की 142 करोड़ 57 लाख रहेगा! 1950 तक भारत की आबादी मात्र 36 करोड़ थी और चाइना की 55 करोड़, वहीं अमेरिका की 14 करोड़ 80 लाख लेकिन आज! हम कहाँ और वो कहाँ !!--- सुरेंद्र भाई, चिंतित लगे!

ए भाई, इ सुनके त हमार माथा घुमे लागल! अबहीं इ हाल बा त, आगे का होई!!-- मुखियाजी गंभीर थे!

आज से 77 साल बाद जनसंख्या की स्थिति पर थिंक टैंक, मतलब पिउ रिसर्च सेंटर ने एक अनुमानित आंकड़ा दिया है कि 2100 तक चीन की आबादी मात्र 76 करोड़ रहेगी लेकिन भारत टॉप पर हीं रहेगा! प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार भारत की आबादी विश्व की तुलना में 17 दशमलव 77 प्रतिशत वहीं चीन की 17 दशमलव 88, जबकि जून के बाद भारत आगे हो जायेगा! 2100 तक विश्व के परिप्रेक्ष्य में भारत का 15 प्रतिशत तो चीन का 7.1 प्रतिशत रहेगा!भारत के संदर्भ में, एक और आंकड़ा है-- 2040 तक 18 बर्ष और उससे कम आयू की जनसंख्या 43 करोड़ 50 लाख, 19 से 40 बर्ष के बीच की जनसंख्या 53 करोड़,40 से 60 बर्ष की जनसंख्या 42 करोड़ 50 लाख, जबकि 60 और उपर के आयू की जनसंख्या 25 करोड़ के आसपास रहेगी!---मास्टर साहब ने आगे की कही!

इसबीच भतिजा चाय का ट्रे रख गया और हम सभी चाय की चुस्कियों के साथ आगे बढ़े....



मास्टर साहब, सबसे शोचनीय बात तो ये है कि लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या लेकिन हमारे पास विश्व का मात्र 2.5 प्रतिशत जमीन है!-- डा. पिंटू बहुत देर बाद!

बस! अतने बा!! ए भाई हईसे जनसंख्या बढ़ी त आगे का होई! एक त असहीं जनसंख्या बढ़ला से पर्यावरण खराब होता! बे समय बारिश आ ओला पड़ी के फसल नष्ट हो जाता! देखते बानी जा कि, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान में लोग भूखे मरता! अब आगा हमरो देश में उहे लउकी का !--- मुखियाजी घबड़ाये लगे!

मुखियाजी, जनसंख्या विस्फोट से हर क्षेत्र में असंतुलन तो होगा हीं! मूलभूत आवश्यक्ताओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा! माल्थस ने सच कहा है कि "जनसंख्या में वृद्धि गुणक में होता है लेकिन संसाधनों में संख्या के क्रम में"!



आज, देख नहीं रहे! जीवन के हर क्षेत्र में, जन्म से लेकर मृत्यु तक,लम्बी-लम्बी लाइनों में लगना पड़ रहा है,चाहे अस्पताल हो या स्कूल,बैंक हो या ट्रेन, राशन दुकान हो या गैस सिलेंडर! हमारे यहाँ की भीड़ देखकर विदेशी आश्चर्य करते हैं! पिछली बार जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आये थे तो वापस जाकर उन्होंने स्टेटमेंट दिया था कि " मेरे स्वागत में इतनी भीड़ थी कि मैं अपने जीवन में देखा हीं नहीं" !-- पारस नेता अपनी चुप्पी तोड़े!

लेकिन एक बात है!-- पिंटू जी मुस्कुराये!

उ का डाक्दर साहब!!-- मुखियाजी प्रश्नवाचक मुद्रा में!

अब भारत बड़ी जनसंख्या के चलते, चीन को पछाड़ कर दुनिया का सबसे बड़ा मार्केट बन रहा है! अब विश्व की बड़ी-बड़ी, कंपनियां भारत में निवेश कर रहीं हैं! यहाँ उन्हें मैन पावर भी सहज हीं उपलब्ध है! सबसे अहम बात की हमारे देश में युवाशक्ति पुंज है और इतिहास कहता है कि जिस देश की जनसंख्या में युवा अधिक थे वे देश हीं विकसित देश बने हैं जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप आदि! तो हमारे लिए ये एक अवसर भी हो सकता है!---उमाकाका ने साकारात्मक रुख दिखाया!

कुछो कहीं इ जनसंख्या विस्फोट आ सीमित संसाधन, भविष्य के मुसिबत त लउकते नु बा!

ए सरजी, देश के नेता लोग के इ विकराल समस्या नईखे लउकत!!-- मुखियाजी सही कहे!

मुखियाजी,1950 से हीं बढती जनसंख्या एक चुनौती रही है! आजादी के बाद से हीं चुनाव और चुनाव में वोट की राजनीति, इस कदर हावी रही कि हमारे राजनीतिक नेतृत्वकताओं ने इस समस्या को नजर-अंदाज किया! राजनीति को धर्म से, पर्सनल लॉ से जोड़ा गया और भविष्य में कैसे आबादी के आधार पर अपनी सत्ता बचायी रखी जा सकती है, इसपर ,खासतौर पर फोकस किया गया! राजनीतिज्ञों ने तो एक विशेष वर्ग की जनसंख्या कैसे बढ़े और एक वर्ग विशेष की जनसंख्या कैसे सीमटे इसपर सारा फोकस रखा! खैर ये तो राजनीति की बात है! हमारे यहाँ इस, विकराल हो रही समस्या के प्रति न्यायालय ने भी स्वतः संज्ञान नहीं लिया! जबकि वही न्यायालय आज समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की याचिका पर केंद्र सरकार और भारतीय समाज की मान्यताओं के विपरीत संज्ञान ले रहा है!--- मै चुप हुआ!

ए सरजी, आजादी के बाद कांग्रेस ने तो परिवार नियोजन की योजना के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण करने का प्रयास तो की थी!-- सुरेंद्र भाई ने याद दिलाया!

हाँ, आजादी के बाद बस हिंदूओं की जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास किये गये! जिसके तहत हिन्दू कोर्ट बिल लाया गया जिससे हिन्दू, एक से अधिक विवाह न कर सके जबकि मुस्लिमों को चार-चार शादियों की छूट रही और उनमें जबरदस्त जनसंख्या बढ़ौतरी हुई! परिवार नियोजन भी सिर्फ हिंदूओं के लिए क्योंकि इस्लाम में ये मना है, ऐसा मुसलमान कहते हैं क्योंकि जनसंख्या बढ़ाकर पुरे विश्व में इस्लाम का झंडा फहराना इनका धार्मिक लक्ष्य है !--मैं चुप हुआ!

इमरजेंसी में भी जबरन 70 लाख हिंदूओं की नसबंदी की गयी! अजी छोड़िये, हमने सही या गलत, सुन रखा है कि आजादी और बंटवारे के बाद भारत में 88 प्रतिशत हिन्दू और 6 प्रतिशत मुसलमान थे लेकिन आज सही ढंग से जनगणना हो तो मुसलमानों की जनसंख्या 25 प्रतिशत से कम नहीं !आखिर "गजवा ए हिंद" के लिए जनसंख्या बढ़ाना जरुरी है न! पीएफआई का लक्ष्य भी तो यही है !--- कुव़रजी हाथ चमकाये!

देखिये कुंवरजी, आज देश का हर




मुसलमान मानता है कि 57-58 इस्लामिक स्टैटस से अधिक सुखी और सुकून का जीवन भारत के मुसलमानों का है! तो इस खुशी को आने वाली पीढ़ियों के लिए तभी बचा सकते हैं जब हर तबके और संप्रदाय के नागरिक सहयोग करेंगे! अगर भूतकाल के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता की समीक्षा करें तो उसे सिर्फ हिंदूओं में और वो भी अधिकांशतः सबर्णों ने हीं आत्मसात किया!---पारसनेता पहलु बदले!

सुनी सभे, इ जनसंख्या विस्फोट, केवनो किसीम के आवश्यकता पूर्ति के लाइन लम्बा करते नु बिया! मोदी सरकार के एकरा प विशेष ध्यान देबे के चाहीं! आ जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करेके चाहीं!--- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

## युवाओं के देश भारत को अब विश्व में अग्रणी होने के लिए दिशादर्शन देना होगा।

# भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊजार्वान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं'

स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊजार्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं' और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है' स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थी' स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि


देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,
नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था"

भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी,

युग का युवा मत देख दाएं बाएं,
झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,
देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,
सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60% युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि

खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# अभय चौटाला ने दिया 'मंत्र', कार्यकताओं से कहा...जब मिलो किसी से तब कहो ये बात

**के आर अरुण**

बहादुरगढ़ः इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कार्यकताओं को एक नया नारा दिया है. अभय का कहना है कि आज से जिस किसी से भी मिलो तो उसको राम-राम के साथ कहो...परिवर्तन करो, परिवर्तन करो. उन्होंने कहा कि अगर किसी से फोन पर भी बात करो या गुड मॉर्निंग का मैसेज भेजो तो राम-राम के साथ ह्यपरिवर्तन करो, परिवर्तन करोह्न जरूर कहो. अगर कोई सरकार का आदमी मिल जाए तो उससे तीन बार कहो...परिवर्तन करो.

अभय चौटाला का मानना है कि अगर लोग इसी तरीके से अभिवादन करने लगें और सरकार के खिलाफ परिवर्तन की बयार चला दें तो प्रदेश से बीजेपी का सफाया हो जाएगा. अभय चौटाला की परिवर्तन पदयात्रा का बहादुरगढ़ में आज दूसरा दिन



था. अब तक करीब 53 दिनों में 11 किलोमीटर का सफर यह यात्रा तय कर चुकी है. अभय चौटाला का कहना है कि परिवर्तन यात्रा अपने पहले चरण में 2000 गांव और शहरों में जाएगी.

**मुख्यमंत्री को लिखेंगे पत्र**

आगे कहा कि गांव और शहरों से सामने आई सभी समस्याओं पर मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा जाएगा. अलग-अलग विभागों से जुड़ी समस्याओं के लिए उन विभागों को भी पत्र लिखा जाएगा. कहा कि मुख्यमंत्री को लिखेंगे कि आप प्रदेश के मुखिया हैं और लोगों की समस्या का समाधान करना आपकी नैतिक जिम्मेदारी है. चौटाला ने यहां भाजपा सरकार के मंत्रियों पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है. बता दें कि अभय चौटाला की परिवर्तन पद यात्रा कल सोनीपत जिले में प्रवेश करेगी.

# पैतृक गांव पहुंचने पर भावुक हुए एनडीए टॉपर अनुराग, कहा...अब चुकाऊंगा इस मिट्टी का ऋण

**के आर अरुण**

चरखी दादरीः NDA टॉपर अनुराग सांगवान का उनके पैतृक गांव चंदेनी में ग्राम पंचायत द्वारा भव्य सम्मान किया गया. समारोह के दौरान अनुराग सांगवान भावुक हो गए और कहा कि चंदेनी फौजियों का गांव रहा है. एनडीए में सफलता के बाद अब गांव की मिट्टी का ऋण चुकाने का मौका मिला है. फौजियों के गांव में मेरा नाम भी जुड़ गया है.

आगे कहा, युवाओं को भी फौज को नौकरी नहीं माननी चाहिए. बल्कि, देश के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ते हुए देश सेवा के लिए फौजी बनना चाहिए. बता दें कि चरखी दादरी के अंतिम छोर पर बसे गांव चंदेनी निवासी पूर्व अध्यापक रतन सिंह के पोते व जीवक सांगवान के बेटे अनुराग सांगवान ने पहले ही प्रयास में एनडीए की परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

**काफिले संग कार्यक्रम तक पहुंचे अनुराग**

गांव के बेटे की इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. अनुराग सांगवान को खुली जीप से बाइकों के काफिले के साथ गांव के सरकारी स्कूल में आयोजित समारोह स्थल तक लाया गया. यहां पहुंचते ही अनुराग ने गांव की मिट्टी को प्रणाम किया और नेताजी



सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनको सैल्यूट किया.

**दादा, माता-पिता का भी सम्मान**

समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, पूर्व विधायक रघबीर छिल्लर, पूर्व विधायक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुखविंद्र मांढी सहित अनेक नेताओं व सामाजिक संगठनों ने अनुराग सांगवान को सम्मानित किया. गांव के मंच से अनुराग सांगवान ने भी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए देश सेवा को अपना जीवन समर्पित करने की बात कही. सरपंच राज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अनुराग के दादा रतन सिंह, पिता जीवक व माता सुदेश देवी को भी सम्मानित किया.

**गांव से मिली देश सेवा की प्रेरणा**

मीडिया से बात करते हुए अनुराग सांगवान ने कहा कि फौजियों के गांव के नाम से जाना जाने वाले चंदेनी में शहीदों की स्मारकों को देख एनडीए में जाने की प्रेरणा हुई. गांव से ही देश सेवा की भावना जागी तो एनडीए में अल्पाई किया. कड़ी मेहनत के बूते पहले ही प्रयास में सफलता मिली और बड़ों के आशीर्वाद से देश भर में टॉपर का स्थान मिला. उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि देश भक्ति की भावना से युवाओं को मेहनत कर फौज ज्वाइन करनी चाहिए.

**मेरे बेटे ने कोई कोचिंग नहीं की**

वहीं अनुराग की माता सुदेश देवी ने कहा कि बेटे ने कहीं कोचिंग नहीं ली और ऑनलाइन पढ़ाई कर परिवार, गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान ने प्रदेश सरकार से एनडीए टॉपर के गांव चंदेनी में विकास के लिए स्पेशल पैकेज देने की मांग भी उठाई.

# गोहाना अनाज मंडी में पहुंचा 15 लाख क्विंटल गेहूं, लिफ्टिंग का टेंडर जारी

गोहानाः गोहाना अनाज मंडी सोनीपत जिले की ही नहीं प्रदेश की बड़ी अनाज मंडियों में से एक है. गोहाना अनाज मंडी में आसपास के जिलों से सबसे ज्यादा गेहूं की खरीद हो चुकी है. अब तक यहां पंद्रह लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं आ चुका है, लेकिन यहां उठान नहीं शुरू हो सका है. उठान का टेंडर नहीं जारी होने की वजह से मंडी में 15 लाख क्विंटल गेहूं पड़ा हुआ है.

सोनीपत डीसी ने अनाज मंडी के अधिकारियों, आढ़तियों और किसानों से मुलाकात की। जिला उपायुक्त ने गेहूं लिफ्टिंग को लेकर टेंडर की समस्या को दूर कर दिया. उन्होंने टेंडर जारी कर दिया. दावा किया की उठान और पेमेंट की कोई समस्या नहीं आएगी. वहीं डीसी के दौरे से आढ़ती संतुष्ट नजर आए. जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि उठान का टेंडर जारी कर दिया गया. उठान सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी.

**किसानों को नहीं होगी परेशानी**

उपायुक्त ने बताया कि अनाज मंडी में एक समस्या और आ रही थी. FCI द्वारा गेंहू को वापिस भेजा जा रहा है. बताया कि ऋछक की भी अपनी कंडीशन है. आढ़ती से FCI कसाफ गेहूं ले रहा है. साफ गेहूं नहीं होने पर वापिस कर रहा है. बताया कि मैंने और एसडीएम ने FCI के अधिकारियों से मीटिंग भी की है. किसानों के पेमेंट संबंधी कोई समस्या नहीं आएगी. वहीं गोहाना की अनाज मंडी के प्रधान विनोद सहरावत ने डीसी के दौरे को लेकर संतुष्टि जताई है. उन्होंने कहा कि डीसी ने उठान को लेकर टेंडर जारी कर दिया है. आज से उन्होंने कहा कि उठान शुरू हो जाएगा.

# अरविंद केजरीवाल के गढ़ में मेयर और डिप्टी मेयर पद की लड़ाई हुई तेज, बीजेपी के इस दांव का जवाब AAP कैसे देगी?

**अलर्ट न्यूज सर्विस ANS**

नई दिल्ली. दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर पद के चुनाव के लिए काउंटडाउन शुरू हो गया है. आम आदमी पार्टी ने जहां अपने दोनों मौजूदा मेयर और डिप्टी पर ही भरोसा जताया है. वहीं, बीजेपी ने इस बार रेखा गुप्ता की जगह मेयर पद के लिए ग्रेटर कैलाश की पार्षद शिखा राय और डिप्टी मेयर पद के लिए सोनिया विहार की पार्षद सोनी पांडेय को उम्मीदवार बनाया है. इन दोनों का मुकाबला दिल्ली की वर्तमान मेयर शैली ओबरॉय और मौजूदा डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल से होना है. भाजपा के मैदान में आने से 26 अप्रैल को होने वाले महापौर और उपमहामौर का चुनाव दिलचस्प हो गया है. हालांकि, बहुमत आम आदमी पार्टी के पक्ष में ही है.

बता दें कि इसी साल फरवरी में दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव हुआ था. दो महीने के बाद नए वित्तीय वर्ष शुरू होने के बाद एक बार फिर से चुनाव होने जा रहा है. आप की शैली ओबरॉय और आले मोहम्मद इकबाल 22 फरवरी को दिल्ली के नए मेयर और डिप्टी मेयर चुने गए थे. 31 मार्च को निगम का वित्त वर्ष समाप्त हो जाने के बाद एक बार फिर से मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव हो रहा है. डीएमसी एक्ट के मुताबिक अगले मेयर के चुनाव तक मौजूदा मेयर और डिप्टी मेयर ही कार्यभार संभालते हैं. इसलिए शैली ओबरॉय और आले मोहम्मद इकबाल को 67 दिनों तक काम करने का मौका मिला.

# आवारा कुत्तों के आतंक से कब मिलेगी राजधानी दिल्ली को निजात?

**अलर्ट न्यूज सर्विस ANS**

नई दिल्ली. राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है. दो महीने पहले ही वसंतकुंज में दो सगे भाइयों की मौत आवारा कुत्तों के काटने से हो गई थी. इस घटना के घाव अभी भरे भी नहीं थे कि एक और बच्चे को आवारा कुत्तों ने नोंच डाला. बता दें कि वसंत कुंज ही नहीं पूरे दिल्ली के लोग आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की मानें तो कुत्तों के काटने की सर्वाधिक घटनाएं भारत में हो रही हैं. कुत्तों के काटने से होने वाले रैबीज रोग से विश्व भर में होने वाली मौतों में भी सर्वाधिक मौतें भारत में हो रही हैं. डबल्यूएचओ की आंकड़ों के अनुसार देश में रोजाना औसतन 5500 लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं.

राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है. आवारा कुत्तों को लेकर आम आदमी से लेकर जनप्रतिनिधि तक जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. आवारा कुत्तों के हमले में सबसे ज्यादा शिकार खेलने-कूदने



वाले बच्चे हो रहे हैं. पिछले दिनों ही आवारा कुत्तों को लेकर दिल्ली सरकार और एमसीडी के मेयर ने एक्शन प्लान बनाने का ऐलान किया था.

**कुत्तों के आतंक से कब मिलेगी दिल्ली को निजात**

वसंतकुंज के रंगपुरी पहाड़ी में इसी साल 10 मार्च को कुत्तों के झुंड ने दो सगे भाइयों को नोचकर मार डाला था. ठीक उसी जगह बीते सोमवार को कुत्तों के झुंड ने एक 13 साल के बच्चे को बुरी तरह से नोच डाला. हालांकि,जब कुत्ते बच्चे को नोच रहे थे, उसी दौरान उसके घरवाले मौके पर पहुंच गए और बच्चे को बचा लिया गया. बच्चे का इलाज हो रहा है और अभी भी हालत गंभीर बनी हुई है.

**एमसीडी का क्या है एक्शन प्लान**

दिल्ली के अस्पतालों में रैबीज रोग से पीड़ितों की सख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है. पिछले 6 महीनों के दौरान राजधानी के सफदरजंग अस्पताल, एलएनजेपी, आरएमएल अस्पतालों में हजारों की संख्या में कुत्ते काटने के केस आए हैं. दिल्ली नगर निगम की महापौर शैली ओबराय ने पिछले दिनों कहा था कि राजधानी में करीब 6 लाख लावारिस कुत्ते हैं. अब आवारा कुत्तों से निजात दिलाने के लिए विश्वस्तरीय मॉडल तैयार किया जाएगा. ओबरॉय ने कहा कि राजधानी के करीब 6 लाख आवारा कुत्तों के लिए प्लान तैयार किया गया है. इसके लिए कुत्तों की नसबंदी को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आरडब्ल्यू और पशु प्रेमियों के साथ मिलकर काम किया जाएगा.

# झारखंड से ट्रक में लाई जा रही 12 क्विंटल भूक्की चूरा तथा 1.5 लाख रुपए ड्रग मनी समेत तीन काबू।

*तफतीष में हुआ खुलासाः एक आरोपी के खिलाफ पहले दर्ज हो चुके हैं नशा तस्करी के 2 पर्चे एसएसपी मलिक।*

**दैनिक समाज जागरण**
**चंडीगढ़ सीपीएच डेस्क हेड**
**के आर अरुण**
**अखिलेश बंसल,**

बरनाला ब्यूरो चीफ,पंजाब सरकार का दावा है कि प्रदेश को जल्द नशामुक्त कर दिया जाएगा, जिसके चलते बरनाला पुलिस ने झारखंड से लायी जा रही 12 किवंटल भुक्की चूरा पोस्त जिला में दाखिल होते ही ट्रक समेत कब्जे में ले ली है। इसके साथ ही तीन तस्करों को हिरासत में ले उसके पास से डेढ़ लाख रुपए की ड्रग मनी भी बरामद कर ली है। जिला बरनाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप मलिक आईपीएस ने प्रेसवार्ता में बताया है कि काबू आए आरोपियों में से एक के खिलाफ नशा तस्करी के दो मामले पहले भी दर्ज हैं।

**यह बताया पूरा मामला-**

भुक्की चूरा पोस्ता दाना की बड़ी खेप को जब्त करने वाले पुलिस अधिकारियों की पीठ थपथपाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मलिक ने प्रेसवार्ता में बताया कि पंजाब सरकार और पंजाब के पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन में जिला के धनौला थाना की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि दिनांक 17-04-2023



को 3 नशा तस्करों को 1200 कि.ग्रा. (12 क्विंटल) भुक्की पोस्ता दाना एवं डेढ़ लाख रुपये की ड्रगमनी के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनमें आरोपी गुरपाल सिंह पुत्र दरबारा सिंह, जग्गा सिंह पुत्र जीत सिंह दोनों निवासी असपाल कलां व हरजोत सिंह मणि पुत्र जसवीर सिंह निवासी असपाल खुर्द के एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे जांच की जा रही है।

प्रेसवार्ता के दौरान सामने खड़े किए गए नशा तस्करों के बारे में जानकारी देते एसएसपी मलिक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुरपाल सिंह अपराधी किस्म का व्यक्ति है, उसके खिलाफ पठानकोट में नशा तस्करी के दो मामले तथा थाना धनौला में मारपीट का एक अलग मामला दर्ज है।

एसएसपी संदीप मलिक ने कहा कि इनके तार कहां कहां जुड़े हैं इसको लेकर पुलिस द्वारा तफतीष की जा रही है। नशा फ तस्करी करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# तांत्रिक के कहने पर देने जा रहे थे महिला की बलि, रातोंरात अमीर बनने का था प्लान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अलर्ट न्यूज सर्विस ANS**

चंडीगढ़. पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में पंजाब पुलिस ने गुरुवार को दो लोगों को गिरफ़्तार किया है. इन दोनों पर अधेड़ उम्र की महिला की बलि देने की कोशिश के आरोप हैं. आरोपियों ने अमीर बनने की कोशिश में किए गए जादू-टोने में पीड़ित महिला का कत्ल करने की कोशिश की. मामले से जुड़ी जानकारी देते हुए रोपड़ रेंज के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान कुलदीप सिंह उर्फ कीपा और जसवीर सिंह उर्फ जस्सी के तौर पर हुई है. दोनों फतेहगढ़ साहिब के फिरोजपुर गांव के रहने वाले हैं. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे में से जुर्म में इस्तेमाल किया एक हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल और हंसिया भी बरामद किया है.

प्राप्त जानकारी अनुसार फतेहगढ़ साहिब के गांव फरौर की एक 50 साला महिला बलवीर कौर बुधवार अलसुबह फिरोजपुर में नहर के नजदीक खेतों में बुरी तरह जख़्मी हालत में पड़ी मिली थी. पीड़िता अब खतरे से बाहर है और वह पीजीआई चंडीगढ़ में उसका उपचार किया जा रहा है.

**बेटे के जरिए हुई थी मुलाकात**

प्रेस को संबोधित करते हुए आईजीपी




गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि दोनों आरोपी सर्कस के कलाकार थे और अलग-अलग गांवों में जाकर साइकिल शो करते थे. उन्होंने बताया कि आरोपी कीपा और जस्सी बलवीर कौर से उसके बेटे धर्मप्रीत के जरिए मिले थे, जिसकी करीब आठ महीने पहले गांव फरौर में शो दौरान इनके साथ दोस्ती हुई थी.

प्राथमिक तफ्तीश से जुड़ी और ज्यादा जानकारी देते हुए एसएसपी फतहेगढ़ साहिब डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल ने बताया कि दोनों आरोपी अमीर बनना चाहते थे और एक ह्लतांत्रिकह्न के संपर्क में आए थे, जिसने उनको एक महिला की बलि देने के लिए उकसाया. उन्होंने बताया कि आरोपी कीपा और जस्सी ने मंगलवार को बलवीर कौर को तांत्रिक के पास माथा टेकने के बहाने बुलाया और उसका कत्ल करने के लिए उसे गांव फिरोजपुर की एक सुनसान जगह पर ले गए, जहां उन्होंने हंसिये से महिला पर हमला कर दिया, जिस कारण उसकी गर्दन और शरीर के अन्य अंगों पर गंभीर चोटें लगीं. एसएसपी रवजोत कौर ने कहा कि गांव वासियों से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने तुरंत इस मामले की जांच शुरू कर दी और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में 9 अप्रैल को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 और 34 के अंतर्गत थाना फतेहगढ़ साहिब में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है.

# अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप को अमृतसर एयरपोर्ट पर रोका गया, लंदन जाने की कर रही थी तैयारी, पूछताछ जारी

**अलर्ट न्यूज सर्विस ANS**

अमृतसर. खालिस्तान समर्थक नेता और 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर को गुरुवार को ब्रिटेन जाने से रोक दिया गया. इससे पहले उसे अमृतसर एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए जाने की खबर आई थी. हालांकि पंजाब पुलिस से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि वह पहले से ही पुलिस अधिकारियों के संपर्क में हैं और उसे हिरासत में नहीं लिया गया है. सूत्र ने कहा कि आव्रजन अधिकारियों ने किरणदीप के पति की पृष्ठभूमि को देखते हुए उन्हें केवल पूछताछ के लिए रोका है.

किरणदीप कौर ने इससे पहले पुलिस की पूछताछ के दौरान बताया था कि अमृतपाल से उसका कोई संपर्क नहीं हो पाया है. बता दें कि अमृतपाल की पत्नी यूके की नागरिक हैं और वह लंदन जाने वाली थी, उसके खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है.

**किरणदीप से पहले भी पूछताछ कर चुकी है पुलिस**

अमृतपाल की पत्नी को अमृतसर एयरपोर्ट कौन रिश्तेदार छोड़ने आया था, इस बात का भी अभी पता नहीं चल पाया है. पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने फिलहाल कोई भी खुलासा करने से इनकार कर दिया है. एयरपोर्ट पर कोई भी रिश्तेदार नहीं दिखाई दिया है.

किरणदीप कौर से अमृतपाल की फरारी



के बाद पहले भी पूछताछ कर चुकी है. चूंकि किरणदीप कौर यूके की नागरिक है, इसलिए यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उसके पासपोर्ट की भारत में कितनी मियाद थी. सूत्रों का कहना है कि पुलिस इस बारे में जानने की कोशिश कर रही है कि वह कितने समय के लिए पासपोर्ट पर भारत में रह सकती थी. किरणदीप कौर ने पहले दिए एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि दो माह बाद उन्हें भारत छोड़ना पड़ेगा.

**अमृतपाल ने इसी साल 10 फरवरी को किरणदीप से की थी शादी**

अमृतपाल सिंह ने इसी साल 10 फरवरी को यूके में रहने वाली इस एनआरआई किरणदीप कौर से शादी की थी. दोनों की शादी को बड़े गुपचुप तरीके से अमृतपाल सिंह के पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में किया गया था. इस शादी के ज्यादा फोटोग्राफ्स भी नहीं हैं. अमृतपाल सिंह ने अपनी शादी के बाद कहा था कि उसकी पत्नी उसके साथ पंजाब में रहेगी, क्योंकि यह शादी रिवर्स माइग्रेशन का संदेश था और वह चाहता है कि सभी पंजाबी प्रवासी राज्य में लौट आएं. किरणदीप का परिवार कथित तौर पर जालंधर का रहने वाला है.

गौरतलब है कि अमृतपाल को पुलिस से छिपते हुए एक माह से ज्यादा समय हो चुका है. उसके लगभग सभी साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और कुछ को पूछताछ के बाद छोड़ भी दिया गया था. अमृतपाल के 9 साथियों पर एनएसए के तहत मामला दर्ज कर असम की डिब्रूगढ़ जेल में रख गया है.

# मुखर्जी नगर पहुंचे राहुल गांधी, UPSC की तैयारी कर रहे छात्रों से मिले

**अलर्ट न्यूज सर्विस ANS**

नई दिल्ली. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां मुखर्जी नगर इलाके में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) और कर्मचारी चयन आयोग (SSC) की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से बातचीत की. राहुल गांधी की छात्रों के साथ बैठक उस दिन हुई जब गुजरात के सूरत की एक अदालत ने उनकी मोदी उपनाम टिप्पणी पर एक आपराधिक मानहानि के मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने के उनके आवेदन को खारिज कर दिया.

समाचार एजेंसी PTI की एक रिपोर्ट के अनुसार मुखर्जी नगर में, कांग्रेस नेता को छात्रों के साथ सड़क किनारे एक कुर्सी पर बैठे देखा गया और उन्होंने उनसे उनकी उम्मीदों और अनुभवों के बारे में पूछा. इस सप्ताह की शुरूआत में, गांधी ने पुरानी



दिल्ली में जामा मस्जिद क्षेत्र और बंगाली बाजार का दौरा किया और इन क्षेत्रों के लोकप्रिय व्यंजनों का लुत्फ उठाया.

राहुल गांधी ने जामा मस्जिद क्षेत्र और अन्य भोजनालयों में एक प्रसिद्ध शरबत विक्रेता से मुलाकात की. उन्होंने खुद को फलों का भी जायका लिया और बंगाली बाजार में नाथू स्वीट्स में गोलगप्पों का स्वाद चखा.

बता दें कि सूरत की एक सत्र अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एक आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की अपील खारिज कर दी है. कांग्रेस नेता की मोदी उपनाम टिप्पणी पर भाजपा के पूर्णेश मोदी द्वारा शिकायत दर्ज की गई थी. इससे पहले, सत्र अदालत ने राहुल गांधी को जमानत दे दी थी और 23 मार्च को एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा सुनाई गई उनकी दो साल की जेल की सजा को तब तक के लिए निलंबित कर दिया था, जब तक कि उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की उनकी अपील का निस्तारण नहीं हो जाता.

## अलविदा की नमाज और ईद पर्व को लेकर एलर्टमोड में है पुलिस

**-बोले अपर पुलिस अधीक्षक**
**-कहा बाहूल्य क्षेत्र में तैनात की गई हैं अतिरिक्त पुलिस फोर्स**
**-अफवाह और सोशल मीडिया पर है पुलिस की पैनी नजर**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : रमजान महीने के अंतिम शुक्रवार को अता होने वाली अलविदा की नमाज और ईद पर्व को लेकर जिले की पुलिस एक्शनमोड में है। मुस्लिम बाहुल्य इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। अफवाह और सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करने वाले के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। उक्त बातें अपर



पुलिस अधीक्षक दुर्गा शंकर तिवारी ने "समाज जागरण" से कही। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधी अतीक अहमद की हत्या के बाद खुराफाती तत्व समाज के माहौल को खराब न करें इस पर पुलिस का फोकस है। जिले के सभी मस्जिदों जहां अलविदा की नमाज अता होती है पहले से ही पुलिस तैनात की ग ई है। जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या अधिक है वहां अतिरिक्त पुलिस भी दी गई है। पर्व को सौहार्द पूर्वक लोग मनाए इसमें कोई मनाही नहीं है परंतु पर्व की आड़ में सामाजिक माहौल बिगाड़ने के प्रयास को बलपूर्वक दबाया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुस्लिम बाहुल्य इलाके में पुलिस की गश्त भी जारी है। बलिया सहित रसड़ा, बेल्थरारोड, रेवती, रतसड़, नगरा सभशहित चिन्हित अन्य स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस तैनात की गई है। कहा सोशल मीडिया और अफवाहों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। किसी ने कुछ भी गलत करने का प्रयास किया तो उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा। बताया हालांकि जिले का माहौल शांति प्रिय है पुलिस ने जनपद में कुछ लोगों को चिन्हित कर उनपर निगरानी प्रारंभ भी कर दी है।

## आरबीआईद्वारा अखिल भारतीय वित्तीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**-प्रश्नोत्तरी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वालों को पुरस्कृत करने की है योजना**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के क्रम में बलिया में अखिल भारतीय वित्तीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में किया गया। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह की घोषणा की गई। अब यह जनपद स्तर पर प्रतिभाग के लिए चयनित किए गए। खंड स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000, द्वितीय स्थान के लिए 4000 और तृतीय स्थान के लिए ₹3000 की धनराशि सुनिश्चित की गई है। बलिया के परीक्षा स्थल



जीजीआईसी पर जनपद के सभी 06 तहसीलों से 32 स्कूलों के 64 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सदर और सिकंदरपुर तहसील के कक्ष प्रभारी अग्रणी जिला प्रबंधक राजकुमार पाण्डेय और बांसडीह और बैरिया तहसील कक्ष के प्रभारी एलडीएम बलिया जितेंद्र कुमार झा और सहायक के रूप में रोहित कुमार व बेल्थरारोड़ और रसड़ा तहसील के परीक्षा कक्ष प्रभारी भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक मार्कण्डेय चतुवेर्दी व परीक्षा केंद्र प्रभारी प्रधानाचार्य अलका पाण्डेय और सहायक के रूप में प्रतिभा पाण्डेय रही। परीक्षा के सफल संचालन में माँ सुरसरी सेवा संस्थान के सचिव सुधीर कुमार सिंह का सक्रिय सहयोग रहा।

## बाल विवाह रोकने के लिए बैठक संपन्न

**समाज जागरण बलिया** : जिला प्रोबेशन अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

जिसके अन्तर्गत बलिया जिले में कही भी अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह हो रहा है तो चाइल्ड लाइन 1098 एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 181 एवं महिला शक्ति केन्द्र बलिया जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं नजदीकी थाना को तत्काल सूचित करें। अतः अक्षय तृतीया के मौके पर बड़ी संख्या में बाल विवाह होने की सम्भावना होती है



इसलिए जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में अध्यक्ष / सदस्य बाल कल्याण समिति बलिया, प्रभारी एसजेपीयू बलिया, प्रभारी महिला थानाध्यक्ष कोतवाली बलिया, विधी सह परिवीक्षा अधिकारी जिन्बा०सं०ई०, संरक्षण अधिकारी जिन्बा०सं०ई० बलिया, सेन्टर मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर बलिया, महिला कल्याण अधिकारी महिला शक्ति केन्द्र बलिया एवं निदेशक चाइल्ड लाइन बलिया उपस्थित रहे।

## डब्ल्यूएचओ के अधिकारी ने जिला अस्पताल सहित कालाजार प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एचओ) के राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ ध्रुव पाण्डेय एवं सीफार संस्था के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर (एसपीएम) डॉ सतीश पाण्डेय ने जिला अस्पताल सहित जिले के कालाजार से प्रभावित दो ब्लॉकों का निरीक्षण गुरुवार को किया।

निरीक्षण हनुमानगंज ब्लॉक के भरतपुरा, दुबहड़ ब्लॉक के शिवपुर नई बस्ती का किया गया। यह ब्लॉक कालाजार से प्रभावित हैं। भरतपुरा गांव में निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वयना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेंद्र यादव एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। विश्व स्वास्थ्य संगठन के राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ ध्रुव पाण्डेय ने गाँव में चल रहे कालाजार उन्मूलन के छिड़काव कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव, मलेरिया विभाग केअधिकारी, डब्लूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ निशांत, पाथ संस्था के आरएनटीडीओ डॉ अबू कलीम, पाथ के जिला समन्वयक भी साथ रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कालाजार से प्रभावित रोगियों से मुलाकात की, छिड़काव की स्थिति देखी, एवं जनसमूह से बातचीत कर कालाजार से बचने के उपाय बताए। निरीक्षण के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयन्त कुमार की अध्यक्षता में



कालाजार को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें कालाजार से संबंधित हर बिन्दु पर चर्चा की गयी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कालाजार रोग को जनपद से समाप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि जनपद में पिछले 3 वर्षों में कालाजार से 10 ब्लॉक के 34 ग्राम प्रभावित है जिसमे 20 ग्राम में आईआरएस का कार्य संपादित हो चुका है। उन्होंने बताया कि कालाजार प्रभावित ब्लॉक में हनुमानगंज, मुरलीछपरा, कोटवा, रेवती, दुबहड़, चिलकहर, मनियर, बांसडीह,सोहाव,और पंदह शामिल है। वर्त्तमान मे छिडकाव का कार्य पंदह, रेवती और बांसडीह ब्लॉक में सम्पन्न हो चुका है। शेष ब्लॉक और ग्राम में आई आर एस चल रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जनवरी 2023 से आज तक कालाजार का कोई भी मरीज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि कालाजार एक जानलेवा रोग है जो कि बालू मक्खी के काटने से फैलता है और अक्सर यह बालू मक्खी ग्रामीण क्षेत्रों में मकान की दरारों में, नमी वाले स्थानों में, चूहों के बिलों में पायी जाती है। इससे बचाव के लिए घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखकर एवं मच्छरदानी का प्रयोग कर इस रोग से बचा जा सकता है। किसी व्यक्ति को 15 दिन से अधिक बुखार आना, भूख नहीं लगना, रोगी में खून की कमी, लोगों का वजन घटना, रोगी की त्वचा का रंग काला होना आदि कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। वहीं इसका सबसे मुख्य लक्षण त्वचा पर धब्बा बनना है यदि किसी व्यक्ति में उक्त लक्षण पाया गया हो तो तत्काल अपने नजदीक के सामु०स्वा०केन्द्र/ प्रा०स्वा० केन्द्र पर जांच कराएं। जिला चिकित्सालय पर इसका इलाज उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह बीमारी एक बार ठीक होने पर दोबारा से शुरू हो सकती है इसलिए चिकित्सक की सलाह पर पूरा इलाज करवाएं।

## रेड क्रॉस सोसायटी ने अग्निपीड़ितों के जख्मों पर लगाया मरहम

### बैरिया तहसील के गोपालनगर में आग लगने से तबाह हुए हैं 90 लोग

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : तहसील बैरिया अंतर्गत गोपालनगर तथा गोपालनगर ताड़ी के 90 अग्निपीड़ित परिवारों को रेड क्रॉस सोसायटी बलिया द्वारा राहत सामग्री वितरण कर उनके जख्मों पर मरहम लगाने का पुनीत प्रयास किया गया।

बताते चलें कि गोपालनगर ताड़ी गांव के हरिजन बस्ती में कतिपय कारणों से 90 परिवारों का आशियाना, घर गृहस्थी का समान एवं मवेशी आग की चपेट में आ गए जिससे उनका भारी नुकसान हो गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशन के क्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी /सचिव आईआरसीएस डॉ आनंद कुमार एवं अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में गोपालनगर ताड़ी एवं गोपालनगर दोनों गांवों के कुल 90 परिवारों को रेडक्रास सोसायटी द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई। जिसमें प्रति परिवार किचेन सेट एक , तिरपाल , हाइजीन किट, कॉटन कम्बल श, धोती दो , साड़ी दो, अंडरगारमेंट्स दो , टीशर्ट, फ्रॉक दो, बाल्टी सेट , साबुन एवं मास्क दिया गया।





रेडक्रास बलिया के संरक्षक सदस्य जितेंद्र सिंह ( मंजीत साड़ी एवं रेस्टोरेंट) के द्वारा सभी 90 परिवारों को ब्रेड का पैकेट दिया गया। अपर जिलाधिकारी बलिया ने इस दौरान रेड क्रॉस की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी मानव कल्याण के लिए निरंतर कार्य करती रहती है तथा उन्होंने उपस्थित लोगों को आपदा से सावधान रहने के लिए भी कहा। इस पुनीत कार्य के लिए उन्होंने रेडक्रास बलिया की पूरी टीम का धन्यवाद भी किया। रेडक्रास उत्तर प्रदेश के उप-सभापति अखिलेन्द्र शाही ने इस दौरान उपस्थित लोगों को रेडक्रास सोसायटी के द्वारा समाज मे किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया। आयुष्मान भारत योजना के जिला शिकायत प्रबंधक अनुपम सिंह जी ने योजना के सम्बंध में लोगो को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र , तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, नयाब तहसीलदार अजय सिंह, उप सभापति बलिया रेडक्रास विजय कुमार शर्मा , जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, सरदार सुरेंद्र सिंह , डीपीओ नमामि गंगे सलभ उपाध्याय, मंडल प्रभारी गोरखपुर आईआरसीएस अजय मोहन सिंह, सूचना अधिकारी अनुराग रंजन , ग्राम प्रधान अर्जुन यादव, अभिषेक राय , नंदिनी सिंह, मंटू शाहनी , पंकज कुमार , ओमकार नाथ सिंह , खुश्बू सिंह , गुड़िया , मंटू , राधेश्याम , मनोज यादव क्षेत्रीय लेखपाल राजू , थाना प्रभारी रेवती आदि रेडक्रास बलिया के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

## दिवंगत साथी के परिजन को शिक्षकों ने दिया एक लाख की मदद

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : दिवंगत साथी रामचंद्र यादव के घर पहुंचे शिक्षकों ने उनके बड़े पुत्र संदीप यादव को शिक्षा क्षेत्र चिलकहर के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की ओर से एक लाख रुपये की सहयोग राशि सौंपी। साथ ही परिजनों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

गौरतलब हो कि शिक्षा क्षेत्र चिलकहर के प्राथमिक विद्यालय डाड़े पुर पर तैनात प्रधानाध्यापक रामचंद्र यादव का असमय निधन 18 अप्रैल को हो गया था। उनके निधन से मर्माहत शिक्षा क्षेत्र चिलकहर के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने आपदा राहत कोष से एक लाख



रुपये की सहयोग राशि उनके घर बारां बांध पहुंचकर बड़े पुत्र संदीप यादव को प्रदान की। उनके परिवार में वृद्ध पिता, पत्नी, तीन पुत्र क्रमशः संदीप यादव, प्रदीप यादव, अमित यादव व भाई राजेन्द्र यादव तथा श्रीराम यादव है। इस मौके पर राधेश्याम सिंह, बलवंत सिंह, अनिल सिंह सेंगर, अनिल सिंह, संजय सिंह, सत्यजीत सिंह, कमलेश गिरि, सदानंद, राजीव रंजन, अजय कुमार, राजेश कुमार तिवारी, रामप्रकाश तिवारी न्याय पंचायत समन्वयक, मानवेन्द्र सिसोदिया (सम्बन्धित विद्यालय के शिक्षक), इमामुद्दीन, राम मुनेश्वर यादव, शिवजनम यादव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, जीतेन्द्र गुप्ता, सुधीर सिंह, अच्युतानन्द पाण्डेय, अमित कुमार चौहान, सुरेंद्र प्रजापति, रमेश चंद्र यादव, गंगदेव पाठक इत्यादि शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पृथ्वी दिवस पर विशेष --------

## वन एवं जल की समृद्धि कर ही बचाया जा सकता है पृथ्वी को : डा. गणेश पाठक

**-साक्षात्कार पर्यावरणविद का**
-जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय पूर्व शैक्षणिक निदेशक हैं डा. गणेश पाठक

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**




बलिया : पृथ्वी को बचाने के लिए प्रकृति के साथ सद्भाव बनाए रखते हुए उन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखना होगा ताकि हमारी एक मात्र पृथ्वी सुरक्षित एवं संरक्षित रह सके। उक्त बातें अमरनाथ मिश्र पीजी कालेज दूबेछपरा के पूर्व प्राचार्य एवं जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के पूर्व शैक्षणिक निदेशक पर्यावरणविद् डा० गणेश पाठक ने एक भेंटवार्ता में बताया।

डा० पाठक ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की भयावहता से प्रभावित होकर अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने सर्वप्रथम 22 अप्रैल,1970 को पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया। तब से प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को एक नया थीम को लेकर पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की मुख्य थीम है " हमारे ग्रह में निवेश करें" । यहां प्रश्न यह है कि यह हम क्या निवेश करें। उक्त संदर्भ में डा० पाठक ने बताया कि मानव एवं पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं । परस्पर समायोजन द्वारा ही पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को बचाकर पृथ्वी को विनष्ट होने से बचाया जा सकता है और इसके लिए सबसे आवश्यक है पृथ्वी को हरा-भरा बनाना एवं जल का संरक्षण कर जल को बचाना तथा वर्षा जल संचयन द्वारा जल की सम्पूर्ति करना। साथ ही साथ पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के प्रत्येक कारकों को सुरक्षित एवं संरक्षित करना तथा उनकी अभिवृद्धि करना। डा० पाठक ने बताया कि प्रारम्भ से ही मानव प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करता आ रहा है, किंतु जब तक मानव एवं प्रकृति का संबंध सकारात्मक रहा, तब तक पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी असंतुलन संबंधी कोई भी समस्या नहीं उत्पन्न हुई,किंतु जैसे- जैसे मानव की भोगवादी प्रवृत्ति एवं विलासितापूर्ण जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनियोजित एवं अनियंत्रित विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अतिशय दोहन एवं शोषण बढ़ता गया,पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र का असंतुलन बढ़ता गया, जिससे पर्यावरण प्रदूषण,ग्रीन हाउस प्रभाव में वृद्धि,ओजोन परत का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं में भी निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। मानव पर पर्यावरण के प्रभाव एवं पर्यावरण पर मानव के प्रभाव दोनों में बदलाव आता गया, जिसके परिणामस्वरूप अनेक तरह के बढ़ते घातक प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के चलते मानव एवं पर्यावरण के अंतसंबंधों में भी बदलाव आता गया। मानव के कारनामों के चलते हरितगृह प्रभाव एवं ओजोन परत के क्षयीकरण ने इसमें अहम भूमिका निभाई, जिससे पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में तीव्रता के साथ बदलाव आता गया , कारण कि पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के विभिन्न कारक तेजी से समाप्त होते गये ,जिससे पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन बढ़ता गया और मानव वातावरण के अंतसंबंधों में भी बदलाव आता गया। डा० पाठक ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि यदि हमें पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी को बचाना है , पृथ्वी को बचाना है तो पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के समाप्त हुए घटकों की पुनर्बहाली करनी होगी।हमें विकास के ऐसे पथ को अपनाना होगा, जिसमें हमारा विकास भी चिरस्थाई हो एवं पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी तंत्र की क्षति भी कम से कम हो।इसके लिए मानव एवं पर्यावरण के मध्य समायोजन करना होगा तथा पर्यावरण के साथ सतत सद्भाव बनाकर जीवनयापन करना होगा, तभी पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित एवं संरक्षित रखा जा सकेगा एवं पृथ्वी को जीवन जीने योग्य बनाया जा सकेगा। इसके लिए सबसे आवश्यक है पृथ्वी को हरा- भरा बनाना। बलिया जनपद की स्थिति तो इस संदर्भ में अति दयनीय है,जहां प्राकृतिक वनस्पति एक प्रतिशत से भी कम लगभग नहीं के बराबर है,जबकि मानवरोपित वनस्पतियां भी दो प्रतिशत से भी कम है,जबकि सम्पूर्ण धरातल के कमसे कम 33 प्रतिशत भाग पर वनाच्छादन का होना आवश्यक है। यही नहीं पृथ्वी के गर्भ में जल का अधिक से अधिक संभरण करना भी आवश्यक है। इस प्रकार यदि हमें इस धरा को बचाना है तो वन एवं जल दोनों तत्वों का दोहन एवं शोषण रोककर धरती पर इसकी समृद्धि हेतु अधिक से अधिक वनाच्छादन करना होगा एवं वर्षा जल का संचयन कर धरती को जल से तृप्त करना होगा। इसके लिए सबसे आवश्यक है जन जागरूकता पैदा करना, ताकि जन-जन इस अभियान से जुड सके।

## पांच शातिर चोरों को गड़वार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : एसपी राजकरण नैय्यर के निर्देश पर अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस को पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।चोरों के कब्जे से पुलिस ने एक पेटी 8पीएम शराब, 180एमएल में कुल 48ट्रेटा पैक, एक अदद डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर मय हार्ड डिस्क व दो हजार पांच सौ सत्तर रुपया नगद बरामद किया है।

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आरके सिंह मय हमराह थाना क्षेत्र के खरहाटार नर्सरी के पास से मुखबिर सूचना के आधार पर फुलवरिया थाना बाँसडीहरोड निवासी पांच शातिर चोर प्रदीप गोड़ पुत्र परशुराम प्रसाद, विक्की कुमार गोड़ पुत्र रामेश्वर गोड़, अनुपम सिंह पुत्र अरविंद सिंह, पवन कुमार गोड़ पुत्र योगी गोड़ व अनीश कुमार गोड़ पुत्र पंचदेव गोड़ को गिरफ्तार कर लिया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से गत 19 अप्रैल को कस्बा के त्रिकालपुर मोड़ पर स्थित मॉडल शाप अंग्रेजी बियर की सरकारी दुकान से चोरी गया माल भी बरामद हुआ। अभियुक्तों पर थाने पर मु.अपराध संख्या 104/2023 धारा 457,380 व 411के तहत मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी आरके सिंह के साथ उप निरीक्षक अखिलेश नारायण सिंह,का.राकेश कुमार,राहुल यादव,हरिकेश यादव,अरुण यादव रहे।

## सार्वजनिक मार्ग पर आयोजन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**- आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक**
**- जनपद के आलाधिकारियों ने ईद उल-फितर को शांति एवं सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने की अपील**

**आशुतोष चतुवेर्दी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा बिजली,पानी की अनवरत उपलब्धता,त्योहारों के दौरान विशेष साफ-सफाई, टूटे-फूटे रास्तों की मरम्मत,नालों की सफाई, मेला स्थलों पर मेडिकल टीम की तैनाती के साथ ही एंबुलेंस सेवा तथा प्रतिबंधित जानवरों को त्योहारों के दौरान सुरक्षित बाड़ों में रखने पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने त्योहारों को शांति एवं सौहार्द को ढंग से मनाने में सहयोग करने को कहा। सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी तरह के आयोजन ना करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों पर पैनी नजर रखने को कहा, साथ ही शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को नगर में घूमने वाले प्रतिबंधित जानवरों को त्योहारों के दौरान सुरक्षित बाड़ों में ही रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत आपूर्ति की अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से सचेत रहने को कहा। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को भड़काऊ बयान न देने के साथ ही किसी की भी भावना को आहत पहुंचाने वाली बातों से दूर रहने को कहा। त्योहारों के दौरान करोना के बढ़ रहे मामलों के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग करने के साथ ही कोई लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने की भी सलाह दी। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहने को कहा। साथ ही उपस्थित पुलिस अधिकारियों को बाजारों में सक्रिय रहने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना होने पाए। अन्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का हल कराने को कहा। कोई भी नई परंपरा शुरू न करने के निर्देश दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। सभी को आगामी त्योहारों के लिए शुभकामनाएं भी दी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महेश कुमार अत्री एवं नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने भी आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने को लेकर अपने विचार रखे। बैठक के दौरान समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त क्षेत्राधिकारी समस्त थानाध्यक्ष एवं शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कोरोना में निराश्रित बच्चों को भी मिलेगा अटल आवासीय विद्यालय योजना का लाभ

**-उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अनुमोदन पर शासन से मिली एनओसी**

**-मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों को मिल सकेगा इस योजना का लाभ**

**-महिला कल्याण विभाग उपलब्ध कराएगा कोरोना में निराश्रित हुए बच्चों की संपूर्ण सूची**

**-पंजीकरण के तीन वर्ष पूर्ण करने वाले निर्माण श्रमिक के बच्चे होंगे योजना का लाभ लेने के लिए पात्र**

**लखनऊ, 20 अप्रैल। निर्धन श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई अटल आवासीय विद्यालय योजना का लाभ अब कोरोना के कारण निराश्रित हुए बच्चों को भी मिल सकेगा। योजना**

## सबके सहयोग से सफल हुआ चंद्रशेखर हाफ मैराथन

### राष्ट्र नायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति ने परिवहन मंत्री व जिला प्रशासन का जताया आभार

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की स्मृति में बुधवार को आयोजित पंचम हाफ मैराथन की सफलता पर आयोजन समिति ने सभी के प्रति आभार जताया है। हाफ मैराथन आयोजित करने वाली राष्ट्र नायक चंद्रशेखर मैराथन समिति ने इस सम्बंध में गुरुवार को एक बैठक किया। जिसमें सभी का आभार जताया गया जिनकी किसी न किसी प्रकार की भूमिका 21 किलोमीटर के हाफ मैराथन में थी। समिति के सचिव उपेंद्र सिंह ने कहा कि जिले की मिट्टी में पैदा हुए चंद्रशेखर जी देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे और उसके बाद आजीवन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनके विशाल व्यक्तित्व के अनुरूप मैराथन का आयोजन कराना हर साल चुनौती रहती है, लेकिन जिले के लोगों द्वारा मिले सहयोग से यह विशाल आयोजन सकुशल हो पाता है। उन्होंने कहा कि हाफ मैराथन के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व मा सांसद श्री नीरज शेखर ने अगली बार से मैराथन को प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कराए जाने की घोषणा की है। इसके लिए उनका विशेष तौर पर हम आभार व्यक्त करते हैं। वहीं, हाफ मैराथन के पचखोरा से बलिया वीर लोरिक स्टेडियम के 21 किलोमीटर के रास्ते में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी धन्यवाद के पात्र हैं। उपेंद्र सिंह कहा कि मैराथन के रास्ते भर में जितने भी गांव हैं, सभी गांवों के लोगों ने देश-विदेश से आए धावकों पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की और अन्य कई प्रकार से सहयोग किया। जिससे धावक अच्छा अनुभव लेकर गए हैं। इसके लिए मैराथन के रस्ते में आने वाले सभी गांवों के लोगों का भी राष्ट्र नायक चंद्रशेखर मैराथन समिति अपनी ओर से धन्यवाद व्यक्त करती है। ऐसे सभी लोगों के सहयोग से मिली ऊर्जा अगली बार के हाफ मैराथन को और भी भव्य बनाने में सहयोग करेगी। बैठक में उमेश सिंह, प्रदीप यादव, पवन राय, धर्मवीर सिंह, संतोष सिंह, संजय सिंह, मनोज शर्मा, अखिलेश सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, नवतेज सिंह, आशुतोष सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सुधीर सिंह, अजीत सिंह व नीरज राय आदि उपस्थित थे।

# अध्यक्ष पद के 35 एवं सभासद के 151 नामांकन पत्रों की बिक्री

**– अध्यक्ष पद के 13 एवं सदस्य पद हेतु कुल 178 नामांकन दाखिल**
**– नगर निकाय चुनाव के लिए चौथे दिन हुआ नामांकन**

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण



मऊ : नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन के चौथे दिन पूरे जनपद में नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 35 एवं सदस्य पद हेतु 151 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसके अलावा अध्यक्ष पद के 13 एवं सदस्य पद हेतु कुल 178 नामांकन पत्र दाखिल हुए।
नगर पालिका परिषद नाथ भंजन के अध्यक्ष पद हेतु 10 एवं सदस्य पद हेतु 56, नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद हेतु 4 तथा सदस्य पद हेतु 15,नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद हेतु 1 और सदस्य पद हेतु 8 नगर पंचायत कुथीर्जाफरपुर में अध्यक्ष पद हेतु 3 सदस्य पद हेतु 22, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 11, नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 5, नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद हेतु 4 सदस्य पद हेतु 5, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवम् सदस्य पद हेतु 12,नगर पंचायत बलीदपुर में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 4, नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवम् सदस्य पद हेतु 8, नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु 5 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस प्रकार पूरे जनपद में अध्यक्ष पद हेतु कुल 35 एवं सदस्य पद हेतु 151 नामांकन पत्रों की चौथे दिन बिक्री हुई।
नामांकन के चौथे दिन आज अध्यक्ष पद हेतु 13 एवं सदस्य पद हेतु कुल 178 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिसमें नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 45 नामांकन पत्र तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु 12 एवं सदस्य पद हेतु कुल 133 नामांकन पत्र उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए।

# बाल विवाह कराने वालों पर भी होगी दंडात्मक कार्रवाई

**– निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाया गया बाल विवाह रोकथाम अभियान**
**– 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियां का विवाह करने पर 2 साल की जेल तथा एक लाख जुमार्ना का प्रावधान**

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण



मऊ : निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में अक्षय तृतीया 22 अप्रैल के अवसर पर बाल विवाह रोकने हेतु स्टेकहोल्डर्स की बैठक प्रोवेशन अधिकारी की अध्यक्षता में सखी वन स्टॉप सेंटर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह अधिनियम 2006 की धाराएं के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह में हिस्सा लेने वाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही का प्रावधान किया गया है। विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। इससे कम उम्र की शादी लड़के अथवा लड़की की होती है, तो वह अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह दंडनीय अपराध है इसमें 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियां का विवाह करने पर 2 साल की जेल तथा एक लाख जुमार्ना का प्रावधान है। ऐसे विवाह में हिस्सा लेने वाले लोगों पर भी कार्यवाही का प्रावधान है तथा धारा 501 के अंतर्गत भी कार्यवाही की जाती है। बाल विवाह प्रथा को रोकने के लिए यदि किसी को बाल विवाह से संबंधित सूचना प्राप्त होती है या बाल विवाह होने के संबंध में कोई सूचना देना चाहता है तो निम्न नंबरों पर संपर्क करें।
बाल कल्याण समिति मऊ अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह 9815397619, महिला कल्याण अधिकारी अर्चना राय मोबाइल नंबर 6386471669 एवं सखी वन स्टॉप सेंटर से संध्या सिंह 9415149899 एवं बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी शिवानंद सिंह 9415882957 एवं मुख्य टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 112, 1098, 181, 1076, 1090 से संपर्क करें।

# आम पार्टी के महापौर पद की प्रत्याशी हुआ कार्यालय का उद्घाटन।

समाज जागरण - बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। नगर निगम के निकाय चुनाव प्रचार में महापौर पद की आम पार्टी का बुधवार को चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ इस अवसर पर बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।



आम आदमी पार्टी की महापौर प्रत्याशी राजकुमारी वर्मा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद उन्होंने जनसंपर्क अभियान शुरू किया इस अवसर पर उनके साथ कार्यकताओं के अलावा क्षेत्रीय नागरिक भारी संख्या में मौजूद रहे उन्होंने सर जीवन नगर सेलई ठाकुर था संतोष नगर ओझा नगर मैं जनसंपर्क कर नगर के विकास कराने का आश्वासन देते हुए लोगों से जिताने की अपील की प्रत्याशी राजकुमारी वर्मा ने बताया कि शहर के लोगो का प्यार मिल रहा है। शहर जनता के लिए हाउस टैक्स माफ वाटर टैक्स हाफ एवं शहर को स्वच्छ रखना ही संकल्प होगा इस दौरान भारती राजपूत पूनम राजपूत वर्षा पार्षद प्रत्याशी का ममता दीक्षित, आनंद बघेल, अर्जुन सिंह राजपूत ,लाल बहादुर राजपूत, रामनिवास बघेल, नरेंद्र कुमार बघेल ,अतुल ,डॉक्टर दीपक ,हरिओम एवं पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता साथ रहे।

# उषा श्रवण जायसवाल के समर्थन में मालती मौर्या ने अपना नामांकन लिया वापस

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल के नेतृत्व के चलते सपा प्रत्याशी उषा श्रवण जायसवाल के समर्थन में निर्दल प्रत्याशी मालती मौर्या ने अपना नामाकन पत्र वापस ले लिया। वहीं मालती ने कहा कि उषा जायसवाल सपा की प्रत्याशी बनाई गई हैं। हमने भी चुनाव लडड्े



के लिए आवेदन किया था लेकिन टिकट हमारी बहन उषा जी को मिल गया है। मैंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने निर्णय को स्वीकार करते हुए अपना नामांकन वापस लिया है। इसी क्रम में मालती जी के पति जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू ने कहा कि सपा हर निर्णय हमारे लिए सर्वमान्य है। पार्टी से बड़ा हमारे लिए कुछ नहीं है। इस बार 20 साल के भ्रष्टाचार से नगर पालिका को मुक्त कराने का काम करेंगे। इस अवसर पर हिसामुद्दीन शाह, राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, श्रवण जायसवाल, जगदीश प्रसाद मौर्या गप्पू, राजेश यादव, जेपी यादव, डा. जंग बहादुर यादव, अजय मौर्या, अनिल दूबे, संतोष मौर्या, अमन मौर्या सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एम जी कॉलेज में मतदान कामिंर्को को कराए जा रहें प्रशिक्षण सत्र का डीएम ने निरीक्षण कर कार्मिकों को किया सम्बोधित।

**निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठता, पारदर्शिता, शुचिता व समयबद्धता के साथ कराए चुनावी प्रक्रिया को सम्पन्न।**

समाज जागरण – बृजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रवि रंजन की अध्यक्षता में शहर के एम0जी0 कॉलेज में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान कार्य को सम्पन्न कराए जाने हेतु प्रशिक्षकों द्वारा जो जानकारी दी जा रही है, उन्हें भली-भांति ग्रहण कर लें, इस महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील निर्वाचन को सम्पन्न कराए जाने की जिम्मेदारी आपके ही कंधों पर है, पूरी सजगता एवं तत्परता के साथ दिए गए दायित्वों का पालन अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विधि एवं प्रक्रिया समय-समय पर संशोधन होते रहते है। पूर्व निर्वाचन में यदि आप द्वारा कार्य किया गया है तब भी यह आवश्यक है कि इस संशोधित प्रक्रिया को भलि-भांति समझ लें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण निदेर्शों को साथ के साथ नोट कर लें तथा अपनी शंका का समाधान अवश्य कर लें। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी राज्य चुनाव आयोग द्वारा दी गयी निर्देश पुस्तिका का गहनता से अध्ययन अवश्य कर लें एवं इस सत्र में अपनी शंकाओं का समाधान अवश्य कर लें। उन्होने चुनावी कार्यक्रम को एक बार पुनः स्पष्ट करते हुए बताया कि 4 मई को समय प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा, जिसमें नगर निगम के अध्यक्ष पद एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचन ईवीएम द्वारा सम्पादित होगा और नगर पालिका व नगर पंचायतों में वैलट पेपर से निर्वाचन सम्पादित किया जाएगा। इसके लिए सभी मतदान कार्मिंक भलि-भांति प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण कार्य को देखा और कार्मिको से सवाल जबाव भी किये। एम जी कॉलेज में बनाए गए मॉडल पिंक बूथ एवं सेल्फी पाइण्ट को भी जाकर देखा।
मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने मतदान कार्मिकों को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान सभी का उपस्थित होना अनिवार्य है, जो अनुपस्थित रहेगा, उस पर सख्त कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि कार्मिकों को ईवीएम संचालन के सम्बन्ध में विधिवत और विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने वहां उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों से कहा कि ईवीएम स्टार्ट करने में तो सावधानी रखनी ही है, साथ ही पूरे दिन संचालन में भी सावधानी रखनी होगी। उन्होंने चुनाव कार्मिकों से कहा कि ईवीएम एवं वीवी पैड संचालन की पूरी जानकारी पता होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अशोक अनुरागी व अश्वनी जैन ने किया। प्रशिक्षण की कडी मॉनिटरिंग एवं आवश्यक दिशा-निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय, डीएसटीओ ए के दीक्षित, डीआईओएस निशा अस्थाना, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह द्वारा दिए गए। कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाऐं एम जी कॉलेज की प्राचार्या द्वारा की गयी।

# सात इकाइयों में बुधवार को नहीं लगा काम, सेवायोजक बोले अचानक हड़ताल गलत

## माउथ ब्लोइंग कारखानों में कामबंद, मजदूरी बढ़ाने की मांग

समाज जागरण - बृजमोहन सिंह फिरोजाबाद। शहर की माउथ ब्लोइंग इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों ने बुधवार को अचानक हड़ताल कर दी। श्रमिकों द्वारा अचानक की गई कामबंद हड़ताल के कारण शहर की करीब सात माउथ ब्लोइंग इकाइयों में कामकाज ठप हो गया। वहीं कामकाज ठप हो जाने की वजह से लाखों रुपये की नेचुरल गैस बेवजह कारखानों में फुंकती नजर आई। सेवायोजकों द्वारा हर साल दैनिक मेहनताना में वार्षिक वृद्धि नहीं किए जाने से नाराज माउथ ब्लोइंग कांच श्रमिक बुधवार को बगैर किसी पूर्व सूचना के हड़ताल पर चले गए। अचानक हुई कामबंदी के चलते सेवायोजक कारखानेदार भी हैरान रह गए।श्रमिक संगठन के मुताबिक मेहनताना में वार्षिक वृद्धि की मांग को लेकर बुधवार को मैसर्स रचना ग्लास, हाईलाइट ग्लास वर्क्स, सीताराम ग्लास वर्क्स, फिरोजाबाद ब्लॉक ग्लास वर्क्स सहित करीब सात कारखानों में उत्पादन प्रक्रिया ठप हो गई। उत्पादन ठप हो जाने की वजह से बुधवार को माउथ ब्लोइंग इकाइयों में दूसरी और तीसरी शिफ्ट में काम नहीं लगा।

# रेलवे अस्पताल में नहीं मिला दवाओं का पूरा स्टॉक, जताई नाराजगी

समाज जागरण - बृजमोहन सिंह

टूंडला। रेलवे अस्पताल का निरीक्षण करने रेलवे सीएमएस कानपुर बुधवार को यहां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अव्यवस्थाएं मिलने पर संबंधित डॉक्टरों और अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई और जल्द ही समस्या के समाधान के निर्देश दिए।
रेलवे सीएमएस डॉ. रविंद्र प्रसाद बुधवार सुबह गोमती एक्सप्रेस से टूंडला रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां रेलवे हॉस्पिटल के चिकित्साधिकारी डॉ. अविनाश ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रेलवे अस्पताल पहुंचे और उसका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी की। निरीक्षण में दवाओं का स्टाक कम मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल में खराब पड़े वाटर कूलर को जल्द ठीक कराकर पानी की समस्या हल करने के निर्देश दिए। टेक्निशियन न होने से मरीजों को एक्सरे मशीन का लाभ नहीं मिल पाने पर जल्द ही इस कमी को दूर करने का आश्वासन दिया।

# पूविवि की सभी सूचनाएं अब एक क्लिक पर मिलेगी विश्वविद्यालय के हर काम को ऑनलाइन करने की तैयारी

## *इक्यूबेशन सेण्टर जाकर कुलपति ने देखा प्रस्तुतीकरण*

दिलीप जायसवाल
ब्यूरो चीफ समाज जागरण



सिद्दीकपुर, जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजीटल इंडिया और जीरो टालरेंस का सपना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जल्द पूरा होते दिखेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य की पहल पर इसकी तैयारी शुरू करने के लिए शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को आईबास साफ्टवेयर सैल्यूसन के इन्टरप्राइजेज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) की प्रतिनिधि सुश्री सेल्वी ने गुरुवार को इक्यूबेशन सेंटर में प्रशिक्षण दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य पेपरलेस वर्क है। कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में ऑनलाइन सिस्टम में काम करना अब जरूरी हो गया है। किसी फाइल का स्टेटस भी अब आनलाईन पता चलेगा कि फाइल कहां है और क्यों रुकी है? इसमें कुल 28 पैरामीटर के बारे में बताया गया है। शिक्षक की व्यक्तिगत प्रोफाइल के साथ उसकी अकादमी जानकारी भी इस साइट पर उपलब्ध रहेगी। इस कारण विवि में आईक्यूएसी सेल से लेकर नैक क्राइटेरिया बनाने में भी यह साइट सहायक होगी। विवि की सूचनाओं को केंद्रीकृत होने से अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को काफी सहूलियत होगी। शैक्षणिक संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने में ईआरपी सॉफ्टवेयर बहुत ही मददगार है। इस सॉफ्टवेयर की मदद प्रवेश, फीस, परीक्षा परिणाम, फाइल ट्रैकिंग, हॉस्टल प्रबंधन, प्रश्न पत्र निर्माण, प्रमाण पत्र, अवकाश प्रबंधन, कर्मचारी प्रोफाइल, सेमिनार, एलुमिनाई मीट आदि की सूचना बड़ी आसानी से प्राप्त हो सकती है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक से प्रो. मुराद अली, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डा. विक्रम भटेजा, डा. नितेश जायसवाल, डा. संतोष राय, जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. धर्मेंद्र सिंह ने विभिन्न समस्याओं पर सवाल पूछा। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. नुपुर तिवारी, प्रो रवि प्रकाश, डा. प्रमोद यादवा, डा. रसिकेश, डा. मनोज मिश्र, डा. गिरधर मिश्रा, डा. सुनील कुमार, डॉ पुनीत धवन, अजीत प्रताप सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अग्निकाण्ड पर नियंत्रण के लिये जागरूकता जरूरी, अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण आवश्यक : ओंकार नाथ

## *अग्निकाण्डों को रोकने के लिये जागरूकता एवं सुरक्षा के प्रति सचेत रहना होगा : आरिफ*

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ
समाज जागरण



जौनपुर। अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति और अग्निकाण्ड को रोकने के उद्देश्य से हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में व्यापार मण्डल के ज़िला महामंत्री आरिफ हबीब के प्रतिष्ठान पर अग्निशमन सेवा सप्ताह के अन्तर्गत अग्निशमन विभाग के प्रभारी ओंकारनाथ सिंह सहित उनकी टीम ने अग्निकाण्डों को रोकने और उससे होने वाली क्षति को रोकने के लिये प्रशिक्षण दिया। घरेलू गैस सिलेंडर, शॉर्ट सर्किट, गोदामों कल कारखानों आदि को अग्निकांडों से बचाव और क्षति को रोकने के उपाय बताये गये। इस दौरान श्री हबीब ने कहा कि अग्निकाण्डों को रोकने एवं उससे होने वाली क्षति से बचाव हेतु अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाना प्रसंशनीय है। फायर ब्रिगेड जौनपुर के प्रभारी ओंकारनाथ सिंह ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकाण्डों से होने वाली क्षति के प्रति जागरूक करना तथा अग्निकाण्डों को रोकने एवं अग्नि से बचाव के उपायों के सम्बन्ध में शिक्षित करना है। साथ ही सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था, अग्निशामक उपकरणों का प्रयोग, आग की स्थिति में बचाव के उपाय, उद्योगों में अग्नि सुरक्षा व सावधानियां, विद्युत अग्नि सुरक्षा व सावधानी, बहुमंजिले भवनों में अग्नि सुरक्षा, विकलांग व्यक्तियों के लिए अग्नि सुरक्षा आदि। अन्त में नगर अध्यक्ष घनश्याम साहू ने मौके पर आये व्यापारियों और फायर ब्रिगेड के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अलविदा जूमें की नमाज व ईद को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण

एम.जमा खान- संवाददाता
समाज जागरण

जौनपुर। ईद एवं अलविदा जुमा पर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी अनुज झा और पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से शाही ईदगाह एवं शिया



जामा मस्जिद का निरीक्षण करते हुये धर्मगुरुओं से वार्ता किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जौनपुर संतोष मिश्र को निर्देशित किया गया कि नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए ईद पर नमाज अदायगी के लिए की जाने वाली व्यवस्था की जानकारी लिया। साथ ही सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि ईदगाह पर साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। सुरक्षा की दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी शहर कुलदीप गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# पूविवि के कुलपति ने विद्यार्थियों के सर्वे टीम को किया रवाना

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ
समाज जागरण



चौकियां धाम, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को शीतला मां चौकियाँ धाम में सर्वे किया गया। यह कार्य जिला प्रशासन के प्रोजेक्ट पर विवि की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर किया जा रहा है। सर्वे में विवि के छात्र-छात्राओं ने एक प्रश्न सूची तैयार कर यह जानने का प्रयास किया कि कौन से उत्पाद यहाँ पर विक्रय किये जाते हैं? कौन–कौन से उत्पाद यहाँ बनाये जाते हैं? और कौन–कौन से उत्पाद बाहर से लाकर बेचे जाते हैं? इस सर्वे द्वारा जिला प्रशासन की यह मंशा है कि जो उत्पाद बाहर से लाकर बेचे जा रहें हैं, उनका भी निर्माण यहीं किया जा सके। इससे लाभ यह होगा कि यहाँ के लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उत्पाद भी कम कीमतों पर दुकानदारों को प्राप्त हो सकेंगे। सर्वे नोडल अधिकारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव एवं डॉ विनय वर्मा की देख–रेख में हुआ। इसके पहले विवि से रवाना होने पर सर्वें टीम को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य और कुलसचिव महेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस अवसर पर संस्कार श्रीवास्तव, हेदायत फातमा, रितिक पांडेय, शशांक, आराधना, प्रीति, किशन जायसवाल, आलोक मौर्य, अमित पटेल, आनंद राज बिंद, प्रज्ञेश सेठ, अभय चंद्र, राज अग्रहरि, प्रिया आदि मौजूद रहे।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी ने कहा बिना भेदभाव के कराया जाएगा विकास कार्य, जनसंपर्क कर वोट मांगे

समाज जागरण – बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। नगर निगम का चुनाव जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे ही प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार तेज होते जा रहे हैं। जीत के लिए प्रत्याशी अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। घर घर जाकर मतदाताओं से वोट देने की अपील कर रहे हैं।
भाजपा महापौर प्रत्याशी कामिनी राठौर ने प्रातः कार्यकताओं के साथ वार्डो में जनसम्पर्क किया। उन्होंने लोगों को नगर के विकास के लिए समर्पित रहने का आश्वासन दिया। नगर के समग्र विकास के लिए वोट देने की अपील की।



भाजपा की महापौर प्रत्याशी कामिनी राठौर और वार्ड नंबर 6 की पार्षद प्रत्याशी उषा संखवार और वार्ड नंबर 42 की पार्षद प्रत्याशी ओमवती झा ने पातीराम धर्मशाला, चंद्रवार गेट के पुल से श्याम नगर, राम नगर, आजाद नगर, छारबाग, ओम नगर, संत नगर ( वार्ड नं० 42, 06,18, 19 ) में जनसंपर्क किया। जहां क्षेत्रीय जनता ने फूल माला और फूल बरसा कर स्वागत किया उन्होंने कहा पूरी जनता उनके साथ है। सभी का भरपूर सहयोग मिल रहा है।
जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि जितने भी निगम क्षेत्र के कार्य अधीन होंगे उन्हें वह जिम्मेदारी से निभाएगी। विकास कार में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। हर क्षेत्र में विकास कराया जाएगा।
जनसंपर्क में सदर विधायक मनीष असीजा राजेंद्र बौहरे शिव मोहन श्रुति भगवान सिंह झा केशव फौजी कन्हैया लाल गुप्ता सुनील शर्मा दिनेश शर्माउदय गुप्ता देश दीपक राजा आदि लोग रहे।

# नीता धनगर, काजल यादव,सुरभि मिश्रा, रश्मी जादौंन और प्रवेश पचौरी ने नामांकन वापस लिए

## *नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में*

समाज जागरण – बृजमोहन सिंह



शिकोहाबाद। नगर पालिका परिषद के चुनाव में बृहस्पतिवार को नाम वापसी का दिन था। दोपहर तीन बजे तक पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। नामांकन वापस लेने वालों में सर्वप्रथम नीता धनगर, सुरभि मिश्रा, काजल यादव, प्रवेश पचौरी और रश्मी जादौंन शामिल हैं। इन पांच प्रत्याशियों के नामा वापस लेने के बाद भाजपा के प्रत्याशी की राह आसान हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की प्रभारी बबीता चौहान विगत तीन दिन से शिकोहाबाद में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने पार्टी के रूठे पदाधिकारी और कार्यकताओं को मना कर पर्चा दाखिल करने वाले पांच प्रत्याशियों को मना कर उनका पर्चा वापस कराने में सफलता प्राप्त कर ली। इन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र वापस लेने से अब नौ प्रत्याशी मैदान में रह गये हैं। जिनमें से कुछ डमी प्रत्याशी भी हैं। उक्त पांचों प्रत्याशी भाजपा के कार्यकर्ता थे। इनसे भाजपा को भारी नुकसान होने की आशंका थी। यही बजह थी कि भाजपा ने जब रानी गुप्ता की टिकट घोषित की, तभी से कार्यकताओं में नाराजगी हुई और उन्होंने अंतिम दिन पांच लोगों ने पर्चा भर दिया। लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और पूर्व विधायक सिरसागंज हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय प्रताप यादव और बबीता चौहान के अथक प्रयासों से रूठे कार्यकताओं को मनाने में सफलता मिल गई। इनके पर्चा बापस करने से भाजपा के प्रत्याशी की जीत आसान दिखने लगी है। हालांकि अब मुकाबला त्रिकोणीय होता जा रहा है।
समाजवादी पार्टी की टिकट से निर्वतमान चेयरमैन मुमताज बेगम, भाजपा से रानी गुप्ता और बसपा से अनीता यादव मैदान में है। वहीं औवैसी की पार्टी से सब्बो बेगम और कांग्रेस पार्टी से मीना लतीफ, आम आदमी पार्टी से सीमादेवी के साथ ही निर्दलीय आसमा बेगम और सरला देवी मैदान में हैं। मीना लतीफ, सीमादेवी, आसमा बेगम और सब्बो समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मुमताज बेगम के लिए दिक्कतें पैदा कर सकती हैं।

## *निकाय चुनाव ओर ईद त्योहार को शांति बनाए रखने के पुलिस का रियलसल पैदल गस्त*

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - स्थानीय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व मे पुलिस ने ईद उल फितर वह निकाय चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च निकाला फ्लैग मार्च थाना प्रांगण से प्रारंभ होकर कालागढ़ मार्ग स्थित लिटिल वुड पब्लिक स्कूल होकर वापिस थाना प्रांगण में समाप्त हुआ फ्लैग मार्च में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह, कस्बा इंचार्ज एसआई अमित कुमार सिसोदिया, एसआई अनोखेलाल सहित भारी पुलिस बल मौजूदा था।



## गुलदार आतंक से क्षेत्र में खौफ किसान

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ -थाना क्षेत्र के ग्राम मौसमपुर में गन्ना छील रहे किसान पर गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गुलदार के ताबड़तोड़ हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है प्राप्तजानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मौसमपुर निवासी अनिल कुमार 42 वर्ष अपनी पत्नी छाया देवी के साथ आबादी से मात्र 500 वर्ष की दूरी पर खेत में गन्ना छील रहा था कि अचानक गन्ने के खेत में से निकलकर गुलदार ने उस पर हमला कर दिया छाया देवी अपने पति को गुलदार के मुंह का निवाला बनने से बचाया । पति पत्नी दोनों पुनः गन्ना छिलाई करने लगे गुलदार ने फिर दोबारा से हमला कर अनिल कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया चीख पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ना कर अनिल कुमार को बचाया एवं घायल अनिल कुमार को इलाज हेतु हार सेंटर ले जाया गया।

## क्षेत्रों में ईदुल फितर की नमाज 8:00 बजे अदा की जाएगी।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ -नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ईदुल फितर की नमाज 8:00 बजे अदा की जाएगी। जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ नगर ईदगाह कमेटी के सदर पूर्व विधायक शेख सुलेमान व मुफ्ती मोहम्मद रियाज कासमी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज प्रातः 8:00 बजे तथा जामा मस्जिद में 8:15 बजे अदा की जाएगी। मानियावाला अल्हम्द एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के सदर कारी मौहम्मद कासिम व इमाम ईदगाह मौलाना मौहम्मद नईम ने जानकारी देते हुए बताया कि मनियावाला की सदर ईदगाह में ईद की नमाज प्रातः 8:00 बजे अदा की जाएगी। इसी तरह रेहड़ ईदगाह कमेटी के सदर डॉक्टर अल्ताफ हुसैन साबरी ने जानकारी देते हुए बताया के रेहड़ ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज 8:00 बजे और जामा मस्जिद में 8:30 बजे अदा की जाएगी।

## प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक ड्यूटी के प्रति इतने लापरवाही

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - विकासखंड अफजलगढ़ की ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला के प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक ड्यूटी के प्रति इतने लापरवाही है कि गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय के कार्यालय का गेट खुला हुआ छोड़ कर चले गए कार्यालय में लाख रुपए का सामान रखा हुआ है ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय के कार्यालय का गेट खुला होने की सूचना ग्राम प्रधान पति मोहम्मद जमशेद को दी तब उन्होंने स्कूल की अध्यापिका अंकिता चौहान को मोबाइल पर सूचना देकर अवगत कराया। जबकि स्कूल की चाबियों का गुच्छा कार्यालय के टेबल पर रखा हुआ मिला ग्राम प्रधान पति ने स्कूल बंद कराया। यदि ग्राम प्रधान पति मोहम्मद जमशेद को समय रहते स्कूल खुला रहने की सूचना ना मिलती तो कोई भी अनहोनी घटना घट सकती थी

## जीएम स्पेशल ट्रेन से नगीना पहुंचकर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। उत्तर रेलवे के जीएम स्पेशल ट्रेन से नगीना पहुंचकर रेलवे स्टेशन के कंप्यूटर कब सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



गुरुवार की दोपहर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी स्पेशल ट्रेन से नगीना रेलवे स्टेशन पहुंचे और उन्होंने स्टेशन मास्टर के कार्यालय में पहुंचकर आने जाने वाली गाड़ियों के संबंध में व अन्य जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रिजर्वेशन कक्ष में पहुंचकर उसका बारीकी से निरीक्षण किया। और स्टेशन पर मौजूद पत्रावली ओं को जांच कर धामपुर के लिए रवाना हो गए। उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी।

## आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी शेख परवेज पाशी ने हेलीकॉप्टर से नमाजियों का स्वागत फूलों की वर्षा से करने के लिए अनुमति मांगी है

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना -20 अप्रैल। नगर पालिका परिषद नगीना के अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी शेख परवेज पाशी ने प्रशासन से ईद के मौके पर हेलीकॉप्टर से नमाजियों का स्वागत फूलों की वर्षा से करने के लिए अनुमति मांगी है।



एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को दिए गए एक पत्र में परवेज पाशी ने कहा कि वह ईद के मौके पर ईदगाह पर नमाजियों का स्वागत हेलीकॉप्टर द्वारा फूलों की वर्षा से करना चाहता है। पत्र के माध्यम से हेलीकॉप्टर द्वारा फूलों की वर्षा के लिए अनुमति दिए जाने की मांग की गई।

## पूर्व चेयरपर्सन सलीम अंसारी सहित पुलिस ने ईद का किया निरीक्षण

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने ईदगाह का किया निरीक्षण जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने मारा पुलिस कर्मियों एवं पूर्व चेयरमैन चेयर पर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट के हमरा ईदगाह पहुंचकर ईदगाह का निरीक्षण किया सफाई, पानी की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ



## नरभक्षी गुलदार को पकड़ने पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पिंजरा लगाया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचन्द में बुधवार को गुलदार के हमले में मारे गए किसान का आज गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया नरभक्षी गुलदार को पकड़ने पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पिंजरा लगाया तथा भूतपूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।गौरतलब है कि बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद मैं आबादी के समीप ही खेत के गौन्डे में चारपाई पर सो रहे किसान को नरभक्षी गुलदार ने दिनदहाड़े हमला कर मौत के घाट उतार दिया था जिसको लेकर गांव में दहशत का माहौल था बना हुआ है गुरुवार को वन विभाग व वानिकी विभाग की टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया तथा वानिकी विभाग नगीना क्षेत्र के रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा ने गुलदार के पंजों के निशान देखकर गुलदार के आसपास होने की आशंका जताई। ग्रामीणों ने गुरुवार को भी खेतों में गुलदार को देखे जाने की बात कही है डीएफओ बिजनौर एके सिंह के आदेश पर मुरादाबाद से पहुंचे उत्तराखंड फॉरेस्ट नरभक्षी बाघ नियंत्रण डिपार्टमेंट के शूटर राजीव सोलोमन शूटर नदीम अहमद वानिकी क्षेत्र के वन अधिकारी मोहम्मद अब्बास ने घटनास्थल के निकट गन्ने के खेत में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। गुलदार के हमले में मारे गए किसान तुन्गल सिंह का गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में पहुंचने पर गांव में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया अंतिम संस्कार में पहुंचे भूतपूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह ने पीड़ित परिवार की सहायता के लिए वन विभाग तथा उत्तर प्रदेश सरकार से मुआवजा देने की मांग की घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे नगीना वानिकी विभाग के रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा, वन दरोगा जगत सिंह राणा,वन दरोगा सुनील कुमार,वन दरोगा रूचित चौधरी, वानिकी क्षेत्र के दरोगा मोहम्मद अब्बास, शूटर राजीव सोलोमन, शूटर नदीम खान आदि घटनास्थल पर पहुंचे। शूटर राजीव सोलोमन ने बताया कि उन्हें डीएफओ बिजनौर ए के सिंह द्वारा नरभक्षी गुलदार को रेस्क्यू करने का परमिट जारी किया गया है उन्होंने उत्तराखंड में अब तक सात गुलदार और चार टाईगर मार गिराए हैं तथा दो गुलदार वह एक बाघ रेस्क्यू किया है।



## ईद उल फितर त्योहार को जिले में पूरे उत्साह और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाए जाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग और प्रतिबद्

**शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने स्पष्ट करते हुए कहा कि ईद उल फितर त्योहार को पूर्व की भांति परम्परागत रूप से मनाया जाएगा और किसी भी नई परम्परा की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन हर स्थिति पर पैनी निगाह रखे हुए है और साम्प्रदयिक रूप से संवेदनशील स्थानों का चिन्हिकरण कर वहां विशेष रूप से निगरानी की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी स्थान पर कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। उन्होंने यह निर्देश दिए कि प्रत्येक तहसील एंव थाना स्तर पर अमन कमेटियों की मीटिंग आयोजित कर जन सामान्य को पूर्ण साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ के ईद उल फितर त्यौहार को सम्पन्न कराने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था को बलवती बनाए रखने एवं जिले में अमन व शांति का वातावरण कायम रखने में सहयोग के लिए प्रेरित करें।

जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा ने दिनांक 20/4/2023 दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में ईद उल फितर त्यौहार पर कानून एवं शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर त्यौहार हमें शांति, प्रेम एवं साम्प्रदायिकता का संदेश देते है और मानवीय आधार पर सभी के साथ सदव्यवहार करने का उपदेश देते हैं। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें और जो व्यक्ति चाहे वह कितना ही प्रभावी व्यक्तित्व रखने वाला हो, कानून एवं शांति व्यवस्था को धूमिल करने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्व कठोरतम दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने नगर निकाय सहित अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईद के मौके पर साफ-सफाई, विद्युत एवं पानी की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी संवेदनशील चिन्हित स्थानों पर स्थापित कैमरों को ऐक्टिवेट करना सुनिश्चित करें जिससे वहां होन वाली गति विधियों पर नजर रखी जा सके।




जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी ईद उल फितर त्योहार पर सर्तक एंव सजग दृष्टि रखते हुए निरतंर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध रखे जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से सम्पर्क बनाए रखें और उनसे स्थिति की जानकारी प्राप्त करते रहें ताकि हालात से अद्यतन रूप से अवगत रहें। उन्होनें यह भी निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र के विवादित स्थलों का पूर्व में ही निरीक्षण कर लें और किसी भी अवस्था में नई परम्परा की अनुमति न दें।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में साम्प्रदाकि सौहार्द के वातावरण को किसी भी अवस्था में दूषित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होनें सचेत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक रूप से कोई अपशब्द, भड़काऊ भाषण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे किसी भी कार्य का दुस्साहस न करे और न ही सोशल मीडिया आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट की जाए, जिससे शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई आंच आए। उन्होनें सचेत करते हुए कहा कि जिले में शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति से खिलवाड़ करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरविन्द कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी डा0 प्रवीण रंजन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामअर्ज, मुख्य चिकित्साधिकारी विजय कुमार गोयल, अन्य विभागीय अधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, ई0ओं नगर पालिका/नगर पंचायत सहित समस्त धर्म गुरू आदि मौजूद थे।

## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत महिला थाना गौरीगंज द्वारा छात्राओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा कस्बा अमेठी में स्कूल/कॉलेज/कोचिंग के आसपास बालिकाओं/महिलाओं/छात्राओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइड्ड, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबन्धी होने वाले अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ-साथ एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की गयी ।



## बूथ विस्तारक अभियान 2.0 के सभी कार्यो को तय समय सीमा में पूर्ण किए जाएं ,,,, बोले प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा

**(सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण )**

रायसेन। पिछले वर्ष हमने बूथ सशक्तिकरण अभियान में बूथों को डिजिटल बनाया। पिछले चुनाव में हमारा वोट शेयर 41 प्रतिशत था जिसे बढ़ाकर संगठन ने हमें 51 प्रतिशत का लक्ष्य दिया है। बूथ के कार्यकर्ता 2023 के विधानसभा चुनाव में ह्लह्लअब की बार 200 पारह्लह्ल और 51 प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगें। बूथ विस्तारक अभियान 2.0 के सभी कार्यो को तय समय सीमा में पूर्ण करें।

उक्त आशय के विचार प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने रायसेन जिले की चारों विधानसभा, विधानसभा बार बैठक में विधायक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा संयोजक, नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष- उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व मोर्चा के जिलाध्यक्ष तथा जिले के पदाधिकारियों के समक्ष व्यक्त किए। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं भोपाल संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, सिलवानी विधायक रामपाल सिंह, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र पटेल शामिल हुए।

इस अवसर पर संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि हमारे यहां बूथ केन्द्र, शक्ति केन्द्र की संरचना है, इसे हमें और मजबूत करना है। हमें निरंतर बूथ, मंडल और शक्ति केंद्र पर तैनात होकर गरीबों का जीवन बदलने वाली योजनाओं के हितग्राहियों से बूथ पर मिलना और जो लोग योजनाओं से वंचित हैं उनको जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने बूथ सशिक्तकरण अभियान को लेकर जो करणीय कार्य निर्धारित किए है, बूथ स्तर पर उन सभी कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि बूथ विस्तारक अभियान 2.0 के अंतर्गत रायसेन जिले के 187 शक्ति केंद्रों एवं 1210 बूथ केंद्रों पर सभी कार्यकर्ता पूर्ण लगन के साथ संगठन द्वारा दिए गए करणीय कार्यों को करते हुए बूथ को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं। विधानसभा वार बैठक कर बूथ विस्तारक अभियान की समीक्षा कर समय सीमा में कार्य करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिए। पार्टी की कामकाजी बैठक के अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बैठक में जिला महामंत्री रामकुमार साहू, रविंद्र विजयवर्गीय, बलराम मालवीय, सांची विधानसभा के संयोजक दातार सिंह मीणा, भोजपुर विधानसभा संयोजक रविंद्र विजयवर्गीय, सिलवानी विधानसभा से विष्णु रावत, उदयपुरा विधानसभा प्रहलाद लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह मीणा, जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू, जिला कार्यालय मंत्री मोहन चक्रवर्ती, सह कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर समेत समस्त मंडल अध्यक्ष समस्त प्रभारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नगर पालिका नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सपा प्रत्याशी हाजी मोहम्मद फैसल का कुरैशी बिरादरी ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद फैसल का कुरैशी बिरादरी में जोरदार स्वागत हुआ। इस मौके पर बिरादरी के जिम्मेदार लोगों ने अपना समर्थन दिया। इस मौके पर कुरेशी बिरादरी के लोगों ने कहा कि नजीबाबाद में बदलाव की जरूरत थी इसलिए अब हाजी मोहम्मद फैसल समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में आए हैं जिनको वह तन मन धन से चुनाव लड़ाएंगे। इस मौके पर हाजी मोहम्मद फैसल ने कहा कि कुरैशी बिरादरी के लोगों ने जो समर्थन दिया है उसका एहसान वो जिंदगी भर नहीं उतार पाएंगे।मोहल्ला पठानपुरा में गुज्जू पहलवान के चौराहे पर कुरैशी बिरादरी के सदर जनाब शमीम कुरैशी के आवास पर जिम्मेदार लोगो ने अपना प्यार और समर्थन दिया,और चुनाव जी जान से लड़ाने की बात कही।हाजी फैसल ने कहा कि इस प्यार और समर्थन का में तमा जिंदिगी कर्ज नही उतार पाऊंगा।इस मौके पर बिरादरी के सदर जनाब शमीम कुरैशी,जनाब हाजी मोबीन कुरैशी,सलीम कुरैशी,खुर्शीद कुरैशी, निवर्तमान सभासद सलीम कुरेशी, गुलजार कुरैशी,इसरार कुरैशी,फारूक कुरैशी,इदरीस कुरैशी,बाबू भाई,डॉक्टर दिलशाद अहमद सहित काफी जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। पालोमल कालोनी में हाजी इस्लाम कुरैशी साहब के आवास पर स्वागत समारोह में चुनाव में मुझे अपना और पूरी टीम के साथ समर्थन देने के लिए,दिल की गहराईयों से बहुत बहुत शुक्रिया।इस मौके पर सभी ने तन मन धन से चुनाव लड़ाने का ऐलान किया। इस मौके पर हाजी इस्लाम कुरैशी,हाजी रईस कुरैशी,हाजी अनीस कुरैशी,मंजूर कुरैशी,वसीम कुरैशी,मुरसलीन कुरैशी,जावेद कुरैशी, गुलजार कुरैशी,इकराम कुरैशी,नईम कुरैशी,फईम कुरैशी,मुशर्रफ कुरैशी,हाजी विशाल कुरैशी,मुश्ताक कुरैशी,पप्पू कुरैशी,सहित अनेक जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।





## गुलदार के हमले से तुंग्गल सिंह सैनी की मृत्यु

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ एक दिन पूर्व हुए सीरवासचंद कासमपुर गढ़ी में हुए हादसे में गुलदार के हमले से तुंग्गल सिंह सैनी की मृत्यु हो गई थी जिससे आस पास के ग्रामों में गुलदार के हमलों से आम जनता में भय व्याप्त है लोगों का अपने खेतों पर जाने से डर रहे हैं ' गुलदार के हमले से क्षेत्र में हुई मृत्यु की खबर सुनकर पूर्व नंओ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश तथा राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ ने गांव में पहुंचकर जनता के बीच पहुंचे ' मृतक के पुत्र श्री पवन कुमार सैनी जी से मिलकर उन्हें शांतवना प्रदान की ' वन विभाग के अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा से भी बात की तथा परिवार के लिए उचित मांग करते हुए सरकार से तुरन्त मुआवजा देने की मांग की '



इस मौके पर डॉक्टर योगेंद्र कुमार प्रमोद कुमार शर्मा श्री कृष्ण पाल सिंह चौहान विजयपाल सिंह चौहान नरेश कुमार चौहान कृष्ण कुमार शर्मा प्रदुमन चौहान श्याम सिंह जी श्री छत्रपाल सिंह जी लक्ष्य प्रताप सिंह गोपाल सिंह तहसील अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे

## आग का कहर जारी -जंगल में लगी आग हजारों पेड़ झुलसे

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के मठा भुसुंण्डा गांव निकट कादूनाला जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गयी तेज हवाओं के चलते देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसमें हजारों पेड़ जलकर नष्ट हो गए सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी है।



गुरुवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के मठाभुसुंण्डा गांव निकट कादूनाला जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गयी देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसमें दर्जनों बीघा में मौजूद जंगली पेड़ जलकर नष्ट हो गए सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है समाचार लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी है।

## राष्ट्रीय आय तथा योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सरकारी स्कूल के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

गरीब बच्चों को 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कराई गई राष्ट्रीय आय तथा योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अमेठी जनपद के कुल 119 छात्रों ने सफलता हासिल की है सरकार इस छात्रवृत्ति योजना के जरिये छात्रों को प्रतिवर्ष बारह हजार रुपये की आर्थिक मदद मुहैया करवाती है

इस बार जनपद के सफलता प्राप्त 119 बच्चों में भेटुआ के परिषदीय विद्यालय में अध्ययन करने वाले बच्चों ने भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है,जिससे अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावक भी गदगद हैं

बता दें राष्ट्रीय आय तथा योग्यता आधारित छात्रवृत्ति की इस वर्ष की परीक्षा में जहाँ उच्च प्राथमिक विद्यालय भेटुआ के विनीत कुमार पुत्र छोटे लाल ने जनपद में 20वां स्थान हासिल किया है वहीं संविलियन विद्यालय नौगिरवा की छात्रा अंजली यादव पुत्री बलराम यादव तथा छात्रा राधा पुत्री इन्द्रपाल ने क्रमशः जनपद में तृतीय तथा चौबीसवां स्थान प्राप्त कर परिषदीय विद्यालयों बेहतर होती शैक्षणिक व्यवस्था का प्रदर्शन किया है





संबंधित विद्यालयों के अध्यापक सुरेश कुमार मिश्रा,मनोज कुमार मिश्रा,शिवनारायण( उच्च प्राथमिक विद्यालय भेटुआ) तथा संविलियन विद्यालय नौगिरवा के अध्यापक धीरेन्द्र कुमार शुक्ल व प्रधानाध्यापक गिरीश चन्द्र पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर छात्रों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं

## मध्यप्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का रायसेन मांझी समाज ने किया स्वागत।

रायसेन। गुरुवार को मप्र मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम बाथम के प्रथम नगरागमन पर मांझी समाज के लोगों ने स्वागत किया इसके बाद रैकवार मांझी केवट समाज के लोग दो पहिया वाहन रैली निकालकर सहायक संचालक मत्स्य विभाग कार्यालय पहुंचे मत्स्य विभाग में सहायक संचालक मत्स्य विभाग के अधिकारी सचदेव नागले मत्स्य निरीक्षक एसके मालवीय की मौजूदगी में मप्र मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सीताराम बाथम ने कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार केंद्र की मोदी सरकार मांझी नाविक भोई समाज को मुख्य धारा से जोड़ने कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की है जिसका लाभ समाज के लोगों को समय पर उठाना चाहिए। गरीब मछुआरा समाज को मत्स्य पालन मत्स्य आखेट शासकीय प्शासन प्रशासन की मछली पालन नीति एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार और मछली नीति से मछुआरा समाज को अवगत कराने के लिए यह प्रथम प्रयास है । जिलाध्यक्ष जगदीश मांझी, अशोक माझी, अशोक नाविक ,संजय रैकवार, संतोष नाविक, नर्बदा रैकवार ,मिटठू लाल रैकवार, विनोद रैकवार, चिंटू रैकवार ,डॉ मद्रासी ,पप्पू भईया ,दयाराम रायकवार, जालम सिंह रैकवार, मुकेश रैकवार, राजा रैकवार मनोज रायकवार ,राजेश रायकवार, रंजीत माझी ,मुकेश रायकवार ,राजेश माझी मनफूल केवट डॉ विनय मांझी रामवीर कहार, जीतेंद्र रायकवार आदि उपस्थित थे।मछुआ कल्याण बोर्ड के प्रदेशाध्यक्ष सीताराम बाथम का समाजजनों द्वारा शॉल श्रीफल के साथ अभिनन्दन किया इसके पश्चात सागर की ओर रवाना हो गए।



## बाड़ी में आग लगने से मची अफरा तफरी, समय रहते अग्नि शमन विभाग ने पाया आग पर काबू

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 21अप्रैल )गुरुवार को दोपहर करीब 12.30 बजे गौरवपथ मार्ग पर गैस एजेंसी के सामने एक व्यवसायी के बाड़े में आग लगने से अफरा तफरा का माहौल निर्मित हो गया। बाड़ी में फैले कचरे में लगी आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर फैलने लगी जिससे 10 फीट ऊंची दीवार के ऊपर से उठती लपट और धुंए का गुबार देखकर लोग घटनास्थल के तरफ दौड़ पड़े। इसी दौरान लोगों ने बिजली कंपनी और नपा के फायर अमले को सूचित किया। जहां आग लगी थी उसी के पास ट्रांसफार्मर था। आग लगने की घटना के बाद तत्काल ही बिजली कंपनी की गाड़ी भी पहुंच गई। इसके बाद पहुंचे नपा के फायर वाहन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। चूंकि आग की लपटें और धुंआ से किसी बड़ी आगजनी के संदेह में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई थी। हालांकि आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है, लेकिन बताया जाता है कि नपाकर्मी द्वारा यहां सूखा कचरा फेंक दिया जाता है। जो आग पकड़ने की एक बड़ी वजह बताई जा रही है। बहरहाल समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा पास में स्तिथ विद्युत ट्रांसफार्मर तक अगर आग पहुंच जाती बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

## अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे,,,, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

रायसेन। एक्सरे, सोनोग्राफी मशीन वर्किंग कंडीशन में रहे स्वास्थ्य मंत्री ने की एमपी पीएचएससीएल के कार्यों की समीक्षा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि सभी शासकीय अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे और दवाइयों की सतत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए। मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि बीपी, शुगर समेत अन्य बीमारियों की दवाइयों की उपलब्धता में कोताही न बरती जाए। सरकारी अस्पताल पहुँचे मरीज को निरूशुल्क दवा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध रहने वाली दवाओं की संख्या निर्धारित की गई है। अस्पतालों में इन दवाओं की उपलब्धता की सतत मॉनिटरिंग की जाए। मानक एवं उच्च गुणवत्ता की दवाएँ उपलब्ध रहें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी बुधवार को मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस के कार्यालय के सभागार में एमपी पीएचएससीएल के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना कॉर्पोरेशन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी मशीन एवं सीटी स्केन मशीन आदि को कॉर्पोरेशन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। मशीनों को उपलब्ध कराने के साथ वर्किंग कंडीशन में रखना सुनिश्चित करें। मशीन खराब होने पर संबंधित एजेंसी से तुरंत मरम्मत करवाएँ। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय संचालक और सीएमएचओ समय-समय पर निरंतर निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता और मशीनों को वर्किंग कंडीशन में रखना सुनिश्चित करें। बैठक में कॉर्पोरेशन की गतिविधियों पर प्रजेंटेशन भी दिया गया। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े और एमपीपीएचएससीएल सीईओ डॉ. पंकज जैन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया दो आदतन अपराधीयों को 06-06 माह के लिए जिलाबदर

रायसेन। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी विनोद पिता कालूराम बैरागी निवासी ग्राम सेंडोरा चौकी सेंडोरा थाना कोतवाली रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2015 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तथा आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 13 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी विनोद बैरागी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, होशंगाबाद एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी गोविंद यादव पिता पूरन चंद यादव निवासी धपसट नगर सलामतपुर थाना सलामतपुर जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2012 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तथा आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में सात आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी गोविंद यादव को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, होशंगाबाद एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

## अब कॉलोनाइजर्स एक ही पंजीयन से पूरे प्रदेश में कर सकेंगे निर्माण कार्य

रायसेन। कॉलोनाइजर्स एक ही रजिस्ट्रेशन पर पूरे प्रदेश में निर्माण कार्य कर सकेंगे। कॉलोनाइजर्स को अब अलग-अलग नगरीय निकायों में रजिस्ट्रेशन कराने से निजात मिलेगी। सारी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के साथ 30 दिन की समय सीमा में प्रमाण पत्र जारी किए जाएँगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से प्रक्रिया



...गी । मध्यप्रदेश नगर पालिका ... कॉलोनियों के नियमितीकरण ...ई-नगर पालिका पोर्टल, एमपी ... है । ...आवेदन की स्थिति ट्रेक करने, ... अनुमोदन प्रक्रिया, डिजिटल ...व्हाट्सएप के जरिए आवेदक ...धा और संचालनालय के लिए मॉनीटरिंग के उद्देश्य से विभिन्न रिपोर्ट्स की सुविधा रहेगी। कॉलोनाइजर के नए एकीकृत रजिस्ट्रीकरण अब संचालनालय स्तर पर ऑनलाइन किये जाएँगे

## घंटों बिजली कटौती से परेशान कानपुर के दर्जनों इलाके : ईद की तैयारियों में व्यवधान

### उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही बिजली से जुड़ी समस्याओं से निजात

सुनील बाजपेईभीषण गर्मी के दौरान कानपुर में हर साल होती घंटों बिजली कटौती कई सब स्टेशनों में बवाल का भी कारण बन चुकी है बिजली कटौती कानपुर। आज यहां गुरुवार को महानगर के दर्जनों क्षेत्रों में बिजली घंटो गायब रही, जिसके फलस्वरूप भीषण गर्मी के चलते बहुत परेशान नजर आए वहीं बिजली की यह कटौती ईद के त्यौहार की तैयारियों में भी बाधक बनी।

बिजली की इस घंटों कटौती का सबसे ज्यादा असर गोविंद नगर , नौबस्ता , बर्रा , पनकी कल्याणपुर, फजलगंज ,स्वरूप नगर , काकादेव ,सचेंडी , पनकी में हुई। जिसके खिलाफ लोगों में जबरदस्त गुस्सा भी देखा गया इस दौरान संबंधित इलाकों के लोग विद्युत सब स्टेशन भी पहुंचे लेकिन वहां उन्हें इस बिजली कटौती की वजह नहीं बताई गई

बिजली की कटौती ईद के त्यौहार की तैयारियों में बाधक बनती बताई गई। वहीं कई इलाकों में बिजली की अघोषित घंटों कटौती ने लोगों को जनरेटर का भी सहारा लेने के लिए मजबूर किया क्योंकि कई घंटे तक बिजली गायब रहने से लोगों के इनवर्टर भी जवाब दे गए

अवगत कराते चलें कि बिजली की यह घंटों कटौती गर्मी के मौसम में लगभग हर साल की जाती है`

कई बार इसी के चलते अनेक सब स्टेशनों में बवाल भी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी ऐसी कोई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो पाई, जिससे भीषण गर्मी के दौरान घंटों बिजली की कटौती से निजात मिल सके।

यद्यपि बीते तीन-चार साल के दौरान कई इलाकों में नए सब स्टेशनों का भी निर्माण किया गया है लेकिन इसके बाद भी विद्युत उपभोक्ताओं को समस्याओं से निजात नहीं मिल पाई है। वह बिजली से जुड़ी किसी न किसी समस्या से अक्सर परेशान ही रहते हैं

## आई पी एल पर सट्टा लगाते सटोरियों को पुलिस ने दबोचा, लाखों का चार नग मोबाइल जप्त

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 21अप्रैल )जिले में चल रही अवैध धंधों पर पुलिस कभी कभी कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ करती है जो नाकाफी होता है। जिले में सट्टा एवं अवैध धंधे जोरो पर है जिस पर पुलिस का अंकुश न के बराबर है, ऐसे ही अवैध सट्टा पर कटंगी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए साईं रेस्टोरेंट में अवैध सट्टा चलाने वाले मास्टर आई डी उपलब्ध कराने वाले महेंद्र ठाकुर पिता मोहन सिंह ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी सिवनी रोड कटंगी,ढाबा संचालक अर्पित पिता राजेंद्र चौकसे उम्र 28 वर्ष वार्ड नंबर 03 कटंगी,अंकित पिता अनिल जैन उम्र 38 वर्ष निवासी कटंगी व कुशल पिता शशिकांत अग्रवाल उम्र 24 वर्ष निवासी सिनेमा चौक कटंगी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार नग मोबाइल कीमत करीब डेढ़ लाख बरामद किया गया।आरोपी महेंद्र गौर उर्फ महेंद्र ठाकुर के मेमो पर मास्टर आईडी उपलब्ध कराने वाले सहयोगी चंद्रकांत उर्फ कालू बाधवानी निवासी कटंगी,बाबू मेमन बाबू कच्ची निवासी सिवनी रोड कटंगी व पियूष आहूजा निवासी सिवनी को आरोपी बनाया गया है जो फरार है जिनकी तलाश पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# सांची जनपद पंचायत कार्यालय में स्वच्छता के नाम पर महाघोटाला, 40 हजार की स्वच्छता सामग्री और पंचायतों से मांगे जा रहे एक लाख सत्रह हजार रुपए के बिल

जैन ट्रेडर्स भोपाल एवं जनपद अधिकारियों की मौज, सरपंच सचिवों को स्वच्छता सामग्री खरीदने में आ रहा पसीना

रायसेन। जहां एक ओर भारत सरकार से लेकर राज्य सरकार स्वच्छता मिशन को बढ़ावा देते हुए स्वच्छता की ओर जन अभियान चलाकर स्वच्छता की पहल को गांव-गांव तक पहुंचाने करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो निचले स्तर पर स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जनपद पंचायतों को मिलने वाले स्वच्छता कार्यक्रम की करोड़ों की राशि खर्च करने के लिए जनपद अधिकारी अपनी मनमानी करते हुए स्वच्छता सामग्री जैन ट्रेडर्स कंपनी से खरीद कर सीधे ग्राम पंचायतों को दे रहे और पंचायत सचिव एवं सरपंचों को स्वच्छता सामग्री खरीदने के लिए कह रहे हैं। मजेदार बात यह है कि स्वच्छता सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 40 से ड़45 हजार होगा परंतु जनपद पंचायत 1लाख 17 हजार की राशि के बिल लगाने के लिए ग्राम पंचायतों से कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में स्वच्छता मिशन के तहत चलाए जाने वाले स्वच्छता कार्यक्रम की खुलेआम जनपद अधिकारियों द्वारा धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसे में कैसे ग्रामीण जनप्रतिनिधि स्वच्छता पहल को गांव गांव तक पहुंचा पाएंगे इसका जीता जागता उदाहरण सांची विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत सांची के कार्यालय में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार भोपाल की जैन ट्रेडर्स कंपनी से जनपद पंचायत सांची द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम की सामग्री खरीदी जा रही है जिसका बाजार मूल्य लगभग 40 से 45 हजार रूपए होगा, परंतु क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिव और सरपंचों को स्वच्छता सामग्री के लिए 1,लाख 17 हजार का बिल लिया जा रहा है, कहां तक न्यायोचित है, इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि जनपद पंचायत के तहत आने वाली 83 ग्राम पंचायत है और इस हिसाब से भारी-भरकम राशि के बिल ग्राम पंचायतों से मांगे जाएंगे तो यह महा घोटाला एक करोड़ रुपए की राशि से अधिक तक पहुंच सकता है, जबकि स्वच्छता कार्यक्रम के तहत मिलने वाली सामग्री की खरीद करने के लिए ग्राम पंचायतों को ही सीधे राशि दिया जाना था जिससे कि वह खरीद कर कर पाती परंतु भोपाल के जैन ट्रेडर्स कंपनी और सांची जनपद अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ऐसा नहीं किया जा रहा जिससे समूचे जनपद पंचायत के सरपंच और सचिव खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं उन्हें स्वच्छता सामग्री खरीदने में ही पसीना आ रहा है।

स्वच्छता कार्यक्रम के तहत पंचायतों को दी जा रही यह सामग्री ,,,,,,

स्वच्छता मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे गांव गांव में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत से ग्राम पंचायतों को जो स्वच्छता सामग्री दी जा रही है उसके तहत डस्टबिन, फावड़ा, बेलचा, झाड़ू, तथा जालीदार कचरा घर आदि सामान दिया जा रहा है, जिसकी कीमत देखा जाए तो बाजार मूल्य 40 से 50 हजार होगा परंतु ग्राम पंचायतों को अगर कोई सरपंच या सचिव जनपद पंचायत में स्वच्छता सामग्री खरीदने के लिए पहुंचता है तो जनपद अधिकारियों द्वारा उनसे कहा जाता है कि सामग्री ले जाने के उपरांत 1लाख17 हजार का बिल जनपद को उपलब्ध कराएं ऐसी स्थिति में सरपंच और सचिव भी हैरान-परेशान दिखाई दे रहे है। उन्होंने इस बात से जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती




अनीता पोर्ते और अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप दीक्षित को भी अवगत कराया है उन्होंने भी यह मामला संज्ञान में लेते हुए शासन स्तर पर पहुंचाने की बात सरपंच सचिवों से कही है।

क्या ऐसे ही होगा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम का सपना साकार,,,,,,,

शासन द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत करोड़ों रुपए स्वच्छता कार्यक्रम पर खर्च करते हुए गांव गांव में स्वच्छता की अलग जगाने के उद्देश्य स्वच्छता मिशन के तहत पहल करते हुए गांव-गांव में स्वच्छ वातावरण हो ऐसा मानकर ग्राम पंचायतों के माध्यम से गांव में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी स्वच्छ वातावरण मिल सके परंतु जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी नहीं चाहते कि गांव में स्वच्छ वातावरण निर्मित हो क्योंकि वह जितनी सामग्री ग्राम पंचायतों को को दे नहीं रहे उतनी से ज्यादा राशि लेने के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव को मजबूर किया जा रहा। जो भी सरपंच सचिव जनपद पंचायत में स्वच्छता सामग्री खरीदने पहुंचता है उनसे यही कहा जा रहा है कि सामग्री तो ले जाओ परंतु विल 1,17हजार रुपए कीमत का देना होगा ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों को भी पसीना छूट रहा है, उन्होंने इस बात से जनपद अध्यक्ष से लेकर अध्यक्ष प्रतिनिधि और अपने अपने क्षेत्र के जनपद सदस्यों को भी अवगत कराया है अब देखना है कि आगामी समय में समग्र स्वच्छता की पहल गांव में कारगर साबित हो सकती है या फिर इसी तरह से स्वच्छता के नाम पर गड़बड़झाला देखने को मिलता रहेगा यह शासन स्तर पर जांच का विषय है । सरकार को भी चाहिए कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष रूप से इसकी जांच हो और ग्रामीण जनता, जनप्रतिनिधियों को भी स्वच्छता की जनहितेशी पहल का समय रहते लाभ मिल सके। परंतु जनपद पंचायत सांची के जिम्मेदार अधिकारियों के अपने मनमाने ढंग से काम करने से ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव नाराज हो रहे हैं इस बात की चर्चा प्रत्येक पंचायत स्तर पर सुनने को मिल रही है।

दो दर्जन ग्राम पंचायत खरीद चुके हैं अभी तक स्वच्छता सामग्री,,,,,,

जनपद पंचायत सांची के तहत आने वाली 83 ग्राम पंचायतों में से अभी तक लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायत स्वच्छता सामग्री खरीद चुकी हैं परंतु इन ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव से स्वच्छता सामग्री के 1लाख 17हजार कीमत राशि के बिल मांगे जा रहे हैं, जिसके चलते अभी किसी भी पंचायत ने बिल नहीं दिए हैं। जानकारी के अनुसार सांची जनपद की ग्राम पंचायत सदालतपुर, खरवई, राजीव नगर, सिलपुरी, माखनी, बनखेड़ी सहित दो दर्जन ग्राम पंचायतें शामिल है। इन 2 दर्जन पंचायतों के सचिव जिन्होंने स्वच्छता सामग्री जनपद कार्यालय से ली है अब ज्यादा राशि के बिल मांगने की वजह से बिल नहीं दे पा रहे। मामला समूचे सांची जनपद क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है, इस मामले को लेकर सांची जनपद के सभी जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव लामबंद हो गए हैं।

जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्यों के संज्ञान में भी नहीं लाया गया मामला,,,,

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मुख्य धुरी माने जाने वाली जनपद पंचायतों में जनपद सदस्यों के माध्यम से चुनकर आए जनपद अध्यक्ष और यहां तक की जनपद सदस्यों के संज्ञान में भी स्वच्छता कार्यक्रम का मामला संज्ञान में नहीं लाया गया है । इस संबंध में जनपद पंचायत सांची की अध्यक्ष श्रीमती अनीता पोर्ते से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि जनपद क्षेत्र में चलने वाले स्वच्छता कार्यक्रम के तहत जो सामग्री ग्राम पंचायतों को दी जा रही है और सामग्री के बदले में उनसे अधिक राशि के बिल मांगे जा रहे हैं, इस प्रकार के मामले हमारे संज्ञान में आए हैं, कई ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिवों ने बताया है कि जितनी सामग्री खरीद कर रहे हैं उससे ज्यादा के बिल उनसे जनपद पंचायत द्वारा लिए जा रहे हैं । इस मामले की हम शासन स्तर पर भी शिकायत करेंगे एवं क्षेत्र के मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री को भी मामले से अवगत कराएंगे। इसी क्रम में जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में काम देख रहे भाजपा नेता प्रदीप दीक्षित से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि यह मामला उनके संज्ञान में जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं लाया गया, इस बात की जानकारी तो हमें ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों से मिली है कि स्वच्छता कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली 40 से ड़45 हजार कीमत तक की सामग्री जो ग्राम पंचायतों को दी जा रही है उसकी कीमत के बदले उनसे 1लाख 17 हजार रुपए का बिल मांगा जा रहा है, इस मामले को संज्ञान में लेते हुए हम शीघ्र ही क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी जी एवं जिला प्रभारी मंत्री अरविंद भदोरिया जी को अवगत कराएंगे।

## उन्हें एनआईसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है

किसान ऑनलाईन प्राप्त कर सकते हैं ई खसरा - खतौनी

राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त मध्यप्रदेश ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना को लागू किया है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। इस परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आईटी सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरुप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय वेबसाइट पर देख सकेंगे।

बिना अतिरिक्त चार्ज दिए उपभोक्ता कर सकेंगे बिजली बिलों का भुगतान

रायसेन। बिजली उपभोक्ता बिना कोई अतिरिक्त चार्ज दिए घर बैठे अथवा अपने नजदीक के ऑनलाइन कियोस्क से बिजली बिलों का भुगतान आसानी से कर सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को कंपनी के पोर्टल, एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, आईसेक्ट कियोस्क, पीओएस मशीन एवं कलेक्शन एजेंट जैसे अनेक विकल्प उपलब्ध कराये गए हैं। इनसे उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के कर सकते हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता कंपनी की बेवसाइट पर एचडीएफसी एवं इंडियाआइडिया डॉट कॉम (बिल डेस्क) के पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपलब्ध विकल्प डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, ईसीएस/ईबीपीएस/एनएसीएच/कैश कार्ड/वॉलेट्स आदि से अथवा गूगल पे, फोन पे, अमेजॉन पे, फ्री रिचार्ज आदि से भी बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त एम.पी.ऑनलाइन की बेवसाइट से उपभोक्ता स्वयं बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। साथ ही यह एम.पी. आनलाइन के विभिन्न अंचलों में स्थापित कियोस्क से बिना कोई अतिरिक्त चार्ज दिए उपभोक्ता द्वारा विद्युत देयक का भुगतान किया जा सकता है। एम.पी. ऑनलाइन को देय सर्विस चार्ज का भुगतान कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। वहीं शहरी क्षेत्रों में आईसेक्ट के स्थापित कियोस्क से भी उपभोक्ता अपना विद्युत देयक का भुगतान कर सकते हैं। कंपनी के प्रावधान अनुसार वर्तमान में कंपनी कार्यक्षेत्र के 51 जोन एवं वितरण केन्द्र कार्यालयों में आईसेक्ट के अधिकृत कर्मचारियों द्वारा भी बिजली बिल भुगतान की सुविधा कंपनी ने उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई है। आईसेक्ट से बिजली बिल भुगतान करने पर भी उपभोक्ता से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

गौरतलब है कि कंपनी द्वारा वितरण केन्द्र कार्यालयों में पीओएस मशीन से तथा ग्रामीण क्षेत्र में अधिकृत मीटर रीडर तथा लाइन कर्मचारी द्वारा घर-घर जाकर भी बिजली बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। इसी प्रकार कंपनी के अधिकृत कलेक्शन एजेंट द्वारा भी बिजली बिल का भुगतान लिया जा रहा है एवं कलेक्शन एजेंट को देय सर्विस चार्ज का भुगतान कंपनी द्वारा वहन किया जा रहा है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ता ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन बिजली बिल भुगतान के लिए उपलब्ध अनेक विकल्प में से किसी भी विकल्प का उपयोग कर बिजली बिलों का भुगतान कर पावती अवश्य प्राप्त करें। कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 1000 रुपए की छूट प्रदान की जा रही है।

## बिना अतिरिक्त चार्ज दिए उपभोक्ता कर सकेंगे बिजली बिलों का भुगतान

बिना अतिरिक्त चार्ज दिए उपभोक्ता कर सकेंगे बिजली बिलों का भुगतान

ई-खसरा खतोनी ही लें। इस परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आईटी सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरुप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय वेबसाइट पर देख सकेंगे।

रायसेन। बिजली उपभोक्ता बिना कोई अतिरिक्त चार्ज दिए घर बैठे अथवा अपने नजदीक के ऑनलाइन कियोस्क से बिजली बिलों का भुगतान आसानी से कर सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को कंपनी के पोर्टल, एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, आईसेक्ट कियोस्क, पीओएस मशीन एवं कलेक्शन एजेंट जैसे अनेक विकल्प उपलब्ध कराये गए हैं। इनसे उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के कर सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता कंपनी की बेवसाइट पर एचडीएफसी एवं इंडियाआइडिया डॉट कॉम (बिल डेस्क) के पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपलब्ध विकल्प डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, ईसीएस/ ईबीपीएस/ एनएसीएच/ कैश कार्ड/वॉलेट्स आदि से अथवा गूगल पे, फोन पे, अमेजॉन पे, फ्री रिचार्ज आदि से भी बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त एम.पी.ऑनलाइन की बेवसाइट से उपभोक्ता स्वयं बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। साथ ही यह एम.पी. आनलाइन के विभिन्न अंचलों में स्थापित कियोस्क से बिना कोई अतिरिक्त चार्ज दिए उपभोक्ता द्वारा विद्युत देयक का भुगतान किया जा सकता है। एम.पी. ऑनलाइन को देय सर्विस चार्ज का भुगतान कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। वहीं शहरी क्षेत्रों में आईसेक्ट के स्थापित कियोस्क से भी उपभोक्ता



...अधिकृत कर्मचारियों द्वारा भी बिजली बिल भुगतान की सुविधा कंपनी ने उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई है। आईसेक्ट से बिजली बिल भुगतान करने पर भी उपभोक्ता से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

गौरतलब है कि कंपनी द्वारा वितरण केन्द्र कार्यालयों में पीओएस मशीन से तथा ग्रामीण क्षेत्र में अधिकृत मीटर रीडर तथा लाइन कर्मचारी द्वारा घर-घर जाकर भी बिजली बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। इसी प्रकार कंपनी के अधिकृत कलेक्शन एजेंट द्वारा भी बिजली बिल का भुगतान लिया जा रहा है एवं कलेक्शन एजेंट को देय सर्विस चार्ज का भुगतान कंपनी द्वारा वहन किया जा रहा है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ता ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन बिजली बिल भुगतान के लिए उपलब्ध अनेक विकल्प में से किसी भी विकल्प का उपयोग कर बिजली बिलों का भुगतान कर पावती अवश्य प्राप्त करें।

कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है।

इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 1000 रुपए की छूट प्रदान की जा रही है।

## अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे,,,, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

एक्सरे, सोनोग्राफी मशीन वर्किंग कंडीशन में रहे स्वास्थ्य मंत्री ने की एमपी पीएचएससीएल के कार्यों की समीक्षा

रायसेन। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि सभी शासकीय अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे और दवाइयों की सतत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए। मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि बीपी, शुगर समेत अन्य बीमारियों की दवाइयों की उपलब्धता में कोताही न बरती जाए। सरकारी अस्पताल पहुँचे मरीज को निरूशुल्क दवा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध रहने वाली दवाओं की संख्या निर्धारित की गई है। अस्पतालों में इन दवाओं की उपलब्धता की सतत मॉनिटरिंग की जाए। मानक एवं उच्च गुणवत्ता की दवाएँ उपलब्ध रहें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी बुधवार को मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस के कार्यालय के सभागार में एमपी पीएचएससीएल के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना कॉर्पोरेशन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी मशीन एवं सीटी स्केन मशीन आदि को कॉर्पोरेशन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। मशीनों को उपलब्ध कराने के साथ वर्किंग कंडीशन में रखना सुनिश्चित करें। मशीन खराब होने पर संबंधित एजेंसी से तुरंत मरम्मत करवाएँ। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय संचालक और सीएमएचओ समय-समय पर निरंतर निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता और मशीनों को वर्किंग कंडीशन में रखना सुनिश्चित करें। बैठक में कॉर्पोरेशन की गतिविधियों पर प्रजेंटेशन भी दिया गया। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े और एमपीपीएचएससीएल सीईओ डॉ. पंकज जैन उपस्थित रहे।

## किसान भाई जलाने में नहीं जैविक खाद बनाने में करें नरवाई का उपयोग

रायसेन। नरवाई जलाने की अपेक्षा अवशेषों और डंठलों को एकत्र कर जैविक खाद जैसे भू-नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट आदि बनाने में उपयोग किया जाए तो वे बहुत जल्दी सड़कर पोषक तत्वों से भरपूर स्वयं का जैविक खाद बना सकते हैं। उप संचालक कृषि सुमन ने बताया कि खेत में कल्टीवेटर, रोटावेटर या डिस्क हेरो आदि की सहायता से फसल अवशेष भूमि में मिलाने से आने वाली फसलों में जीवांश खाद की बचत की जा सकती है। साथ ही पशुओं के लिए भूसा और खेत के लिए बहुमूल्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ने के साथ मिट्टी की संरचना को बिगड़ने से बचाया जा सकता है। कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम को सामान्य हार्वेस्टर से गेहूं कटवाने के स्थान पर स्ट्रारीपर एवं हार्वेस्टर का प्रयोग करें।

खेत में कृषि अपशिष्टों को जलाने से होती है कई हानियां,,,,

खेत में गेहूं एवं अन्य फसलों के कृषि अपशिष्टों को जलाने से भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है। भूमि में उपस्थित सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते है। सूक्ष्म जीवों के नष्ट होने के फलस्वरूप जैविक खाद का निर्माण बंद हो जाता है। भूमि की ऊपरी पर्त में ही पौधों के लिये आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध रहते है। आग लगाने के कारण पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। भूमि कठोर हो जाती है, जिसके कारण भूमि की जल धारण क्षमता कम होने से फसलें सूखती है। खेत की सीमा पर लगे पेड़ पौधे (फल, वृक्ष आदि) जलकर नष्ट हो जाते है। पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है। वातावरण के तापमान में वृद्धि होती है, जिससे धरती गर्म होती है। कार्बन से नाईट्रोजन तथा फास्फोरस का अनुपात कम हो जाता है। केंचुए नष्ट हो जाते हैं। इस कारण भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। नरवाई जलाने से जन धन की हानि होती है।

## सहायता समूहों की महिलाओं ने रैली निकालकर किया मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का प्रचार

उपार्जन केन्द्रों पर जाकर ट्रेक्टर-ट्रलियों में लगाई रेडियम पट्टी

रायसेन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अति महत्वकांक्षी लाडली बहना योजना को लेकर ग्रामीण महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को जिले के प्रत्येक विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा धन्यवाद रैली निकाली गई एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए सभी पात्र महिलाओं को ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु प्रेरित किया गया। धन्यवाद रैली में स्व-सहायता समूहों की महिलओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार भी व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से बहनों में खुशी है एवं वह अपने आप में स्वयं को आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। बहनों ने उक्त राशि की बचत कर अपना स्वरोजगार स्थापित करेगी एवं अपनी अन्य आवश्यक जरूरतों हेतु किसी से रूपए नहीं मांगने पड़ेंगे। बहनों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को रैली निकाल कर



आभार धन्यवाद दिया।

इसके अलावा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सोसायटियों के आसपास, वेयर हाउस के आसपास उपार्जन हेतु खड़े टेक्ट्रर-ट्रालियों में रेडियम पट्टी भी लगाई गई, ताकि रात्रि में सड़क पर चलने तथा सड़क किनारे खड़े होने वाले टेक्ट्रर-ट्रालियों के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। विकासखंड औबेदुल्लागंज के ग्राम सेमरी कलॉ केम्प नं. 1, 2, 3, दादरोद, बगासपुर, सलकनी, कीरतनगर, विकासखंड उदयपुरा के ग्राम सुल्तानगंज, विकासखंड सिलवानी के ग्राम सियरमऊ, विकासखंड सांची के ग्राम ढकना-चपना, मेढ़की, शाहपुर, उचेर, सुनारी, विकासखंड गैरतगंज के ग्राम जुझारपुर, विकसखंड बेगमगंज के ग्राम सुल्तानगंज, सहित अनेक ग्रामों में महिलाओं द्वारा रैली निकाली गई।

## डेंटल कॉलेज के पास हाईवे ट्रक ने सुरक्षा गार्ड को कुचला मौके पर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण मुन्ना पासवान ब्यूरो चीफ नालंदा बिहार शरीफ**

नालंदा जिला के वेना थाना क्षेत्र इलाके स्थित डेंटल कॉलेज के पास हाइड्रा ट्रक ने सुरक्षा प्रहरी विक्की सिंह को कुचल दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान बड़हैया इलाके के विक्की सिंह के रूप में की गई है।घटना के संबंध में डेंटल कॉलेज में पदस्थापित अन्य सुरक्षा प्रहरी ने बताया कि विक्की सिंह पिछले 2 सालों से सुरक्षा प्रहरी के रूप में काम कर रहा था। आज शाम में वह डेंटल कॉलेज से भागन बीघा बाजार सब्जी लाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगे हाइड्रा ट्रक ने विक्की सिंह को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही डेंटल कॉलेज में कार्यरत सभी सुरक्षा प्रहरी भड़क उठे। लोगों ने आरोप लगाया कि घटना के इतने देर हो जाने के बावजूद डेंटल कॉलेज का कोई भी अधिकारी या पदाधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा है।फिलहाल प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा 20 हजार का मुआवजा राशि मिलने के बाद घटना स्थल पर से शव को उठाया गया।



## ईद उल फितर के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने किया प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

**दैनिक समाज जागरण मुन्ना पासवान ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)**

नालंदा :- ईद उल फितर के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नव गठित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के सदस्यों द्वारा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा धार्मिक जुलूस के आयोजनों के स्वरूप को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं इन सुझावों के आधार पर आगे के लिए और भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने कहा कि किसी तरह के वृहद आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। ऐसे आयोजनों के लिए कम से कम 20 आयोजकों का नाम पहचान सहित अनिवार्य रूप से देना होगा। किसी भी आयोजन में शस्त्रों का प्रदर्शन वर्जित है, इसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा एवं इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्ती से करवाई होगी।



## ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार प्रखंड संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना परिसर में ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विजयेंद्र कुमार सिंह ने किया । प्रशासन की ओर से इस बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह,अंचल अधिकारी आलोक कुमार और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी एवम नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार रजक भी शामिल रहे।बैठक में शांतिपूर्ण एवम सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद मानने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कहा कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी एवम पुलिस की गश्ती भी रहेगी। आखरी जुम्मे के दिन पुलिस का फ्लैग मार्च भी किया जायेगा।बैठक में बेलाई पंचायत मुखिया अम्बरीष प्रधान,पूर्व शिक्षक शंकर प्रसाद, प्रो सुनील बोस, जदयू नेता सूर्यवंश सिंह,भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह, कांग्रेस नेता संतान सिंह, पूर्व पार्षद मुन्ना जी, रमजान अली,लखन लाल सोनी,उदय गुप्त,कामता प्रसाद अफरोज समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## भूमि विवाद से जुड़ी 20 मामलों में 11 मामलों का निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण आशुतोष कुमार सिंह, नासरीगंज रोहतास**

रोहतास जिले के नासरीगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरजीएफ भवन में जमीनी विवाद से संबंधित दाखिल खारिज व परिमार्जन सहित अन्य जटिल मामलों के निष्पादन के लिए जनता दरबार लगाया गया। इसमें एलआरडीसी अभिनाश कुमार, सीओ अमित कुमार व आरओ चन्दन चौधरी ने संयुक्त रूप से मामलों का निष्पादन किया। जनता दरबार मे जमीनी विवाद से जुड़े दाखिल खारिज और परिमार्जन जैसे समस्याओं का तत्काल निष्पादन किया गया। एलआरडीसी अभिनाश कुमार ने बताया कि दाखिल खारिज के लिए 12 आवेदन आये जिसमें नौ मामलों का निष्पादन कर दिया गया। वहीं परिमार्जन के लिए कुल छह मामले आये जिसमें दो मामलों का निष्पादन किया गया एवं अन्य दो आवेदन आये जिसे जांच में भेजा गया हैं। सभी 20 मामलों में 11 मामलों का निष्पादन किया गया।



## अवैध बालू लदे वाहन पार कराने वाले पांच लाइनर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण आशुतोष कुमार सिंह, नासरीगंज रोहतास**

रोहतास जिले के नासरीगंज पुलिस ने अवैध बालू लदे वाहनों को पार कराने वाले लाइनरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। नासरीगंज थाने की पुलिस ने बुधवार की देर रात को सबदला के समीप से स्विफ्ट कार के साथ अबैध बालू पार कराने वाले पांच लाइनरों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सबदला गांव के समीप से पुलिस गश्ती वाहन का एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार से पीछा करने के दौरान पर पांच लाइनरों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लाइनरो में भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव का चिंटू पाण्डेय व रितेश कुमार, यूपी के बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के उजयार सरया गाँव के ज्ञान प्रकाश, रोहतास जिला के करगहर थाना क्षेत्र के लरोई गांव का चन्दन राय व सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमरा तलाब गाँव का अविनाश कुमार शामिल है। जिन्हें पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।



## मारपीट मामले में फरार तीन आरोपियों ने किया आत्म समर्पण

**दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के सहायक ओपी बड़हरी ओपी अंतर्गत महेशपुर गांव के मारपीट के तीन आरोपी ने न्यायालय मे आत्मसमर्पण कर दिया । इसकी जानकारी देते हुए ओपीध्यक्ष जितेंद्र कुमार पंडित ने बताया कि महेशपुर गांव मे विगत कुछ माह पूर्व भूसा के विवाद मे मारपीट का प्राथमिकी दर्ज किया गया था। जिसके बाद अभियुक्त मनोज उपाध्याय, शैलेन्द्र उपाध्याय व सतेंद्र उपाध्याय तीनों पिता स्व. दशरथ उपाध्याय ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर के पंच पहाड़ियों का किया हवाई सर्वेक्षण अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग

**दैनिक समाज जागरण मुन्ना पासवान ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को हेलीकॉप्टर से अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल राजगीर पहुंचे. सीएम नीतीश कुमार ने वैभव गिरी पर्वत पर अगलगी की घटना का हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया. मुख्यमंत्री ने लगभग 10 मिनट तक राजगीर के पंच पहाड़ियों और जंगली क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किए .वैभव गिरी पर्वत पर आग लगने की सूचना रविवार को मिली थी और आग ने वैभव गिरी पर्वत श्रृंखला की लगभग 4 किलोमीटर क्षेत्र को अपने चपेट में ले लिया था .इस आग ने पर्वत पर पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की दुर्लभ जड़ी बूटियों एवं अन्य कई प्रजातियों के पेड़ पौधों को जलाकर राख कर दिया. हवाई निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में वन विभाग के अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों के साथ इस घटना को लेकर हाई लेवल मीटिंग बैठक किए .इसके पूर्व उन्होंने नुकसान का आकलन करने के लिए स्थानीय लोगों एवं कार्यकताओं से मुलाकात किया. हालांकि इस दौरान मीडिया कर्मियों को राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में जाने से रोक दिया गया. मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी. राजगीर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे. अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर वन विभाग अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों के साथ मुख्यमंत्री बैठक के दौरान आग लगी वाले क्षेत्रों को पुनः पहले जैसे ठीक करने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा किए. उन्होंने अधिकारियों को आग से होने वाले नुकसान की व्यापक रिपोर्ट तैयार करने और क्षतिग्रस्त क्षेत्रों को बहाल करने की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं .आग से होने वाले नुकसान और पर्यावरण पर इसके प्रभाव पर अपनी चिंता व्यक्त की है, उन्होंने अधिकारियों से भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए हैं .बिहार के लोकप्रिय पर्यटक स्थल राजगीर के लिए वैभव गिरी पर्वत पर आग लगी की घटना से बड़ा झटका लगा है. यह क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता प्राकृतिक दृश्य और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है ,जो पूरे भारत और विदेश से पर्यटकों को आकर्षित करता है. इस घटना ने पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाया है ,और इस घटना का जायजा लेने के लिए खुद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल राजगीर पहुंचे जहां, उन्होंने अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग कर कई आवश्यक दिशा -निर्देश दिए और भविष्य में इस तरह की घटना दुहराई ना जाए इसके लिए सजग रहने के लिए कहा गया है.



## बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रदेश ईकाई की बैठक पटना में संपन्न

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता प्रखंड नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) दिनांक 19-04-2023 को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रदेश इकाई की बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू के अध्यक्षता में संघ भवन पुनाईचक पटना में संपन्न हुई।संघ के प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में व्यापक चर्चा के उपरांत निम्न प्रस्ताव पारित किये गए:-

1.सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में संशोधन हेतु सत्तारूढ़ दल के माननीय सभी विधायक विधान पार्षद माननीय मंत्री का घेराव कर ज्ञापन सौंपेंगे।

2.पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत नियुक्त शिक्षकों को अध्यापक नियुक्ति 2023 में संशोधन कर अध्यापक पद पर समायोजन के लिए राज्य सरकार को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

3.महागठबंधन के सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष/सचिवों को अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 मे संशोधन हेतु ज्ञापन दिया जाय।

4.नियोजित शिक्षकों के हित को देखते हुए व्यापक एवं सशक्त आंदोलन की रणनीति को लेकर राज्य में बने विभिन्न मोर्चों को एकीकृत कर एक मंच पर लाने हेतु 27-04-2023 को बैठक आहूत करने जा निर्णय लिया गया।

5.नियोजित शिक्षकों को अध्यापक पद में समायोजन होने तक अनवरत आंदोलन चलाने का संकल्प लिया गया।

6.आगामी आंदोलन को मजबूती से संचालित करने हेतु संघ स्तर पर शिक्षकों के बीच व्यापक गोलबंदी करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में राकेश कुमार,विपिन प्रसाद,जनार्दन कुमार, प्रदेश सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि सरकार से अब आर पार की लड़ाई होगी।बैठक में मनीष कुमार, रौशन,पवन कुमार,साकेत कुमार सुमन,जे पी सिंह,मो0 तमीजुद्दीन,प्रकाश चंद्र भारती,केडी सिंह,सुधीर सिंह,संतोष कुमार यादव,जितेंद्र यादव, पंकज कुमार सिंह मंटू, रामजी प्रसाद, सुनील कुमार यादव, रामविलास कुमार,पवन कुमार जायसवाल, कमलेश्वर प्रसाद यादव,मनीष आनंद,संतोष कुमार प्रसाद,रामकल्याण पासवान, संतोष कुमार यादव,अजित कुमार सिंह,मो0 मुर्शिद हुसैन,धर्मेंद्र कुमार,मनोरंजन कुमार,उपेंद्र कुमार,जवाद अकरम,प्रियदर्शी कुमार, संजय कुमार पटेल,वीर बहादुर यादव,ललन यादव,गजेंद्र कुमार हिमांशु,पंकज कुमार,किंग अभिषेक क्षत्रप,मनोज कुमार यादव,ललित दास,कुमारी नूतन सिंह,दिलीप कुमार, नवनीत कुमार मनोरंजन, मो0 सरफुद्दीन,राजेश कुमार सिंह,विजय सिंह,अमित कुमार,जगरनाथ सिंह,अभिनंदन यादव,धर्मचंद सिंह,विनय यादव,मनोज यादव,शंकर चौधरी,कमलेश कुमार,अनिल कुमार शर्मा,दीपक पासवान,मोहन कुमार सहित सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित हुए।



### जन चौपाल कार्यक्रम में समस्याओं से रूबरू हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे

## मंत्री के समक्ष जनता ने उठाया नल-जल पर सवाल

**दैनिक समाज जागरण के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड मुख्यालय मनरेगा सभागार में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे जन समस्याओं से रूबरू हुए।

दरअसल मंत्री अश्वनी चौबे ने प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में जन चौपाल कार्यक्रम में समस्याओं से रूबरू हो रहे थे कि तभी किसी ने शिकायत की कि बिहार सरकार के द्वारा संचालित सात निश्चय योजना के तहत कार्यान्वित नल-जल योजना कहीं भी सफल होता नहीं दिख रहा है।सर नल जल योजना प्रखंड में फेल है।कहीं पाईप फटा है तो कहीं टंकी।कहीं टोंटी नहीं है।नल के जल के लालच में गलियों की सड़क तोड़ दी गयी हैं।जबकि न नल का पता है न जल का।ये सुनते ही मंत्री जी भड़क उठे।उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को तलब किया और जी भर के हड़काया।जहां जिले के सभी विभागों के आला अधिकारी व प्रखंड के सभी अधिकारी मौजूद थे।इस दौरान केन्द्रीय पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के द्वारा नल-जल योजना समेत प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खनिता व गुनसेज का सांसद आदर्श ग्राम योजना के प्रगति की की गई।वहीं केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जन चौपाल कार्यक्रम में नल-जल से जुड़ी समस्या की अधिकता रही,साथ ही बिजली बिल सहित जर्जर तार की समस्या,खाद की हो रही किल्लत व कालाबजारी की समस्या,नहर सिंचाई की समस्या,पशु शेड की राशि भुगतान,प्रधानमंत्री आवास योजना,अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरीला,रघुनाथपुर के भूमि का अतिक्रमण,भानस व कोइरियां अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र कार्य पूर्ण होने के बावजूद अन्य जगहों पर किराए पर केंद्र चलने से हो रही समस्याओं से ग्रामीणों ने अवगत कराया।प्रखंड क्षेत्र के मेदनीपुर पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजय कुमार सिंह सिड्यूल बनने के बावजूद पंचायत में नियुक्त कर्मियों को पंचायत भवन पर नहीं बैठने का मामला उठाया।केंद्रीय मंत्री ने लोगों की समस्या को ध्यान पूर्वक सुना तथा सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर समाधान करने को कहा।कार्यक्रम में एसडीएम बिक्रमगंज उपेंद्र कुमार पाल, एसडीपीओ बिक्रमगंज शशिभूषण सिंह,सिविल सर्जन रोहतास के एन तिवारी,बीडीओ प्रदीप कुमार,सीओ आदित्य कुमार,आरओ दिब्या कुमारी,बीपीआरओ रोहित राज,पीओ रविभूषण ओझा, सीडीपीओ शशि कुमारी,एमओ प्रदीप कुमार पटेल,थानाध्यक्ष रौशन कुमार,कृषि ,बिजली विभाग सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।मौके पर नगर पंचायत उपमुख्य पार्षद विवेकानंद पाण्डेय,मुखिया मुरलीधर दुबे,भाजपा नेता जनार्दन सिंह, प्रदीप पाण्डेय, परमहंस राय,बच्चन जी चौबे, जयशंकर पाठक उर्फ मन्टू पाठक,उपेंद्र ओझा,संतोष शर्मा, विजय क्रांति,अनीश कुमार सिंह,जनार्दन पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।



## जाति गणना को लेकर के बैठक

**दैनिक समाज जागरण अरविंद कुमार सिंह, नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ अतुल गुप्ता की अध्यक्षता में जातीय जनगणना को लेकर बैठक की गई। बैठक में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी जातीय गणना की समीक्षा भी की गई। बीडीओ अतुल गुप्ता ने दिए गए सभी फॉर्मेट को भरने और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। जिसमें नोखा प्रखंड के सभी पर्यवेक्षक, प्रगणक से अब तक किए गए कार्यो की रिपोर्ट ली गई और जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक अरविंद कुमार, श्याम जी सिंह, विनय कुमार, शिव कुमार चौधरी , तेजमुल अंसारी, अशोक कुमार, पुष्पेंद्र मिश्रा, संतोष कुमार वर्मा सहित सभी प्रेक्षक प्रगणक उपस्थित रहे। वहीं नगर परिषद कार्यालय में ईओ अमित कुमार की अध्यक्षता में शिक्षकों की बैठक की गई तथा कार्यो की रिपोर्ट लिए गए। इस मौके पर टैक्स दरोगा, सतनारायण प्रसाद, संजय कुमार, दीपक मोहन, सत्यनरायन प्रसाद , टुनटुन प्रसाद,राहुल कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## देशी कट्टा एवं हथियार बनाने की मशीन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा पुलिस ने थाना क्षेत्र बीसी कला गांव से एक देशी कट्टा एवं हथियार निर्माण करने वाली मशीन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बीसी कला गांव निवासी रूप चंद शर्मा के पुत्र ललिता शर्मा एवं ललीता शर्मा के पुत्र उमाशंकर शर्मा के घर से एक देशी कट्टा एवं कट्टा बनाने वाली उपकरण मशीन बरामद किया है।पुलिस ने मौके पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय भेज दिया गया है ।

## फुटपाथ संघर्ष मोर्चा ने की मुआवजे की मांग।

**दैनिक समाज जागरण मुन्ना पासवान ब्यूरो चीफ नालंदा बिहार शरीफ**

बिहारशरीफः- बिहारशरीफ के देवी सराय मोहल्ला में फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के तत्वधान में एक बैठक की गई बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार योजना वेंडिंग जोन आदि मुद्दे पर चर्चा की गई इस मौके पर फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि बिहारशरीफ के सभी चौक चौराहा पर बेच रहे फुटपाथी दुकानदारों से फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मिलकर उनका हाल समाचार लेते हुए उनके दुखों को सुना। जिससे पता चला कि कर्फ्यू के दौरान करोड़ों रुपया का घटा फुटपाथ दुकानदारों को लगा है। 31 मार्च को बिहारशरीफ में घटना घटने के उपरांत जो शहर में कर्फ्यू लगा जिसे सड़क किनारे बेचने वाले फुटपाथी दुकानदारों को हानि का सामना करना पड़ा इनका फल सब्जी सहित अन्य वस्तु सड गल गया यानी खराब हो गया जिसे करोड़ों रुपये की क्षती हुई है हम सरकार से मांग करते हैं कि प्रत्येक फुटपाथी दुकानदारों को ₹10000 अनुदान के रूप में मुआवजा दिया जाए एवं वेंडिंग जोन बना कर दिया जाए। इस उपरांत में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत जितने वास्तविक पुटपाथी ऋण लिए हैं उनका ऋण माफ किया जाए। फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों की ओर से ईद मना रहे मुस्लिम भाइयों को ईद मुबारक देते हुए उन सभी को कोटि कोटि बधाइयॉ एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद संरक्षक बलराम दास सुबोध दास रोशन कुमार श्रवन दास रानी देवी मंजू देवी कपिलदेव प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे



## नालंदा - चंदौरा गांव में स्थित आनंद आश्रम कुटिया में सात दिवसीय श्रीमद भगवत ज्ञान कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़।

*14 से लेकर 21 अप्रैल तक चलेगा कथा।*

*22 अप्रैल को किया जाएगा भंडारे का आयोजन।*

**दैनिक समाज जागरण नालंदा संवाददाता राकेश कुमार**

रहुई प्रखंड क्षेत्र इलाके के सुपासंग पंचायत के चंदौरा गांव में आनंद आश्रम कुटिया में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम के आयोजक श्री महंत स्वामी भरत दास जी महाराज एवं स्वामी मंगल दास महाराज जी के अध्यक्षता में किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के पांचवें दिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। कथा के पांचवें दिन मौके पर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच कथावाचक श्री कृष्ण दाऊद लाल जी महाराज ने लोगो को कहा की अभिभावक बच्चों को बचपन में ही संस्कार दें ताकि वह उम्र भर संस्कारवान बनकर समाज की सेवा के साथ-साथ बड़ों का आदर कर सकें।उन्होंने कहा कि भागवत सुनने से मनुष्य को मोक्ष प्राप्ति होती है। इस दौरान महिलाओं ने भजनों की धुनो पर नृत्य किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की पहली गुरु मां होती है। भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भजन, कीर्तन से खूब झूमआया, इस दौरान जय श्री हरि जय श्री राम राधे-राधे सहित अन्य धार्मिक जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। व्यवस्थापक सुदामा नाथ बाबा, श्री राम गोविंद दास ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा 21 अप्रैल को संपन्न हो जाएगा उसके बाद 22 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग कथा सुनने पहुंच रहे हैं।



## डिजिटल साक्षर कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अशोक कुमार, शिवसागर रोहतास**

रोहतास जिले के शिवसागर प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान सभा भवन में ट्रस्ट के माध्यम से डिजिटल साक्षर कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत डिजिटल साक्षर मेले में आए महिला और बच्चों ने स्वागत गीत के साथ किया। इसके बाद मेले में आए महिला एवं बच्चियों ने एक दूसरे के हाथ में फीता बांधकर परिचय प्राप्त किया। डिजिटल साक्षर में आए महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपनी क्षमता को दिखाया। इस कार्यक्रम में सिखाए गए भाषा एवं गणित की ज्ञान को बारी बारी से सभी महिलाओं से प्रश्न के माध्यम से पूछा गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला और बच्चों को डिजिटल साक्षर बनाना है। वैसी महिलाएं और बच्चियां जो डिजिटल साक्षर से बिल्कुल अनभिज्ञ हैं। डिजिटल साक्षर कार्यक्रम के तहत उन सभी 18 वर्ष से 40 वर्ष की बच्चियों और महिलाओं को भाषा गणित के साथ डिजिटल साक्षर की जानकारी दी जा रही है। यह कार्यक्रम रोहतास जिले के तीन प्रखंड सासाराम, शिवसागर और करगहर के 40 गावों में संचालित की जा रही है। जिसमें 200 महिलाएं अक्षर ज्ञान में शामिल होकर भाषा एवं गणित का ज्ञान सीख रही हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर रही सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम ट्रस्ट के माध्यम से निशा सिंह, अनिता कुमारी और सोनम सिंह के द्वारा संचालित किया जाता है। डिजिटल साक्षर कार्यक्रम बिहार के 3 जिले रोहतास ,गया और कैमूर में संचालित किया जा रहा है।



## दलित की हत्या के बाद पत्नी को मिला सरकारी नौकरी

**दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना अंतर्गत बीसी कला गांव में बीते 24 दिसंबर 2020 में हुए जितेंद्र पासवान की गोली मारकर हत्या मामले में भीम आर्मी रोहतास टीम जिला प्रभारी अमित पासवान के नेतृत्व में इंसाफ और न्याय की लडाई ने रंग लाया है। भीम आर्मी के कार्यकताओं ने जिला पदाधिकारी से हत्या के बाद मांग किया गया था कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए मृतक के आश्रित को एक सरकारी नौकरी मुहैया कराया जाए। जिसे पूरा करते हुए मृतक जितेंद्र पासवान की पत्नी अंशु कुमारी को सासाराम कलेक्ट्रेट परिसर के नजारत विभाग में सरकारी नौकरी मिली है। जिसके बाद भीम आर्मी रोहतास टीम ने रोहतास जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए उनके इस पहल की काफी प्रशंसा की है ।



## गयात्री महायज्ञ को लेकर जल भरी सह शोभायात्रा निकाला

**दैनिक समाज जागरण अरविंद कुमार सिंह, नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा में अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वाधान में तीन दिवसीय महायज्ञ की जल भरी सह शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर गयात्री परिवार हरिद्वार से आए प्रतिनिधि की उपस्थिति में यह शोभायात्रा गयात्री नगर वार्ड नंबर 22 गयात्री मंदिर से निकाली गई। इनमें सैकड़ों महिलाएं और पुरुष उपस्थित होकर के कलश यात्रा में भाग लिया। यहां पर की मुख्य बाजार में होते हुए बस स्टैंड पहुंचे और बस स्टैंड से नोखा नाहर डग मंदिर के पास मंत्रोच्चार के साथ शुद्धि क्रिया की गई। उसके बाद जल भरी की गई ।इस मौके पर गयात्री परिवार द्वारा गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए भ्रमण किया गया। ॐ जय गयात्री माता के नारा से माहौल भक्तिमय हो गया। इसमें कहा गया कि नर नारी एक समान ,विचार क्रांति से ही देश मजबूत होगा, हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, एक बनेंगे नेक बनेंगे, मां बहनों की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे ,परिवार की शक्ति नारी है देश की शक्ति नारी है। अश्लील फोटो लगा कर नारी को बदनाम ना करें। नारी शक्ति पर जोर दिया गया। इससे पूर्व गयात्री नगर से गयात्री मंत्र के साथ जलभरी सह शोभायात्रा निकाली गई। इसका संचालन राकेश कुमार शर्मा ने किया, इस मौके यज्ञ के आयोजनकर्ता सुरेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद ,डॉक्टर सुनील कुमार सिन्हा, ने बताया कि यह महायज्ञ 23 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें 9 कुंड बनाए गए 9 कुंडीय महायज्ञ का समापन शनिवार को किया जाएगा। हवन पूजन के बाद प्रसाद का वितरण लंगर में किया जाएगा। इस मौके पर मंटू केसरी, भरत राम, अभिषेक कुमार सिंह, गोलू बाबा ,अनिल कुमार, मंटू कुमार यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रविशंकर सिह, रंजीत कुमार विश्कर्मा , पंकज कुमार, श्रीराम से उमाशंकर प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## आग लगने पर बचाव के लिए किया गया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण अरविंद कुमार सिंह, नासरीगंज रोहतास**

गर्मियों में अगलगी की घटना को देखते हुए सरकार ने स्कूलों में जागरूकता सप्ताह मनाने का निर्देश दिया है। जिनमें अग्नि सुरक्षा सप्ताह के माध्यम से लोगों को आग से लगने के कारण और बचाव की जानकारी दी गई। जिनमें रोहतास जिले के नोखा प्रखंड के वराव प्लस टू विद्यालय में बच्चों को इसके बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रतिभा मेहता ने बताया कि अग्नि सुरक्षा बचाओ अभियान कार्यक्रम की जानकारी दी गई। विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को आग लगने के कारण से बचाव के विभिन्न उपाय बताए गए। बच्चों को बताया गया कि अगलगी के प्रमुख कारण लापरवाही, एवं बिजली के शार्ट सर्किट से ज्यादा होती है ।गांव में खेतों के आसपास खाना बनाने एवं धूम्रपान करने जलती सिगरेट बीड़ी इधर-उधर फेंक देने से होती है

खेतों में अगलगी बचाव के लिए सजग और जागरूक रहना जरूरी होता है। इसलिए खुली जगह में धूमपान नहीं करनी चाहिए ।बिजली के जर्जर तारों को बदल देना चाहिए। आग लगने पर घबराए नही धर्य रखना चाहिए। फायर बिग्रेड को आग लगने पर 101 नंबर डायल करके तत्काल सूचित करना चाहिए। विद्यालय के स्मार्ट क्लास में भी टीवी के माध्यम से विद्यार्थियों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया गया ।इस मौके पर पोस्टर लगाने गांव में जागरूक अभियान चलाने की बात कहि गई। इस मौके पर अंतिमा कुमारी ,खुशबू कुमारी ,स्नेहा कुमारी, सानिया, चंदन ,रवि रंजन कुमार ,,नीरू गोस्वामी, पूनम ,अर्चना, निधि कुमारी ,सरिता, निर्मला ,भारती ,पूनम चौधरी ,प्रियंका, बृजेश कुमार , रविंद्र कुमार मनोरंजन ,रवि शंकर कुमार, आनंद, दीपक कुमार, रवि कुमार, मुकेश कुमार साहू, कई शिक्षक मौजूद रहे।

# पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में लगातार पांच बैठकों में नहीं आई बीडीओ.

## बिना चर्चा के ही समाप्त हुई बैठक,

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),20अप्रैल 2023:- मुसाबनी प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी समेत कई विभागों के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे. इससे आक्रोशित होकर प्रमुख रामदेव हेंब्रम समेत सभी पंचायत समिति सदस्यों ने मीटिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया. बिना चर्चा के ही बैठक समाप्त हो गयी. प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने बताया कि बीडीओ लगातार पांच बैठकों में नहीं आई. पंचायत समिति सदस्यों का लगातार अपमान किया जा रहा है. बीडीओ के साथ अन्य विभागों के पदाधिकारी भी पंसस की बैठक में उपस्थित होना आवश्यक नहीं समझते.



**एसडीओ से करेंगे बीडीओ की शिकायत – पंसस**

प्रमुख ने कहा कि अगर बीडीओ को जिला मीटिंग में जाना था तो इसकी सूचना सुबह देकर बैठक को स्थगित कर सकती थीं. बिना कोई जानकारी दिए वे बैठक में अनुपस्थित रहीं. जिससे पंचायत सदस्य समिति किसी भी प्रकार का सवाल जवाब और जानकारी बीडीओ और विभागीय से नहीं ले पाई. दुख की बात है इतने तपती गर्मी में फॉरेस्ट ब्लॉक के मुखिया सविता हांसदा अपने 5 वर्ष के बच्चों को साथ लेकर मीटिंग में आई थी मीटिंग तो नही हुई लेकअन उनके बच्चों को लू लग गया ।पंचायत प्रतिनिधि जिम्मेदारी से काम करना चाह रहा है लेकिन इस तरह के अधिकारी के चलते काम मे बाधा उत्पन्न हो रही है प्रमुख व अन्य पंचायत समिति सदस्यों ने बताया कि इसकी शिकायत एसडीओ से करेंगे। मौके पर उप प्रमुख काकोली घोष, भरत चंद्र भगत, बंदना पाल, गोरा पूर्ती, हरि शरण महाकुड़, भुजु मुर्मू, फुलमनी मुर्मू, संगीता माहली, चंदा मुखी, प्रियंका देवी दीपाली मंडल आदि पंसस उपस्थित थे. इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया. परंतु संपर्क नहीं हो पाया.

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने अग्निशमन सेवा सप्ताह का किया समापन

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (यूआईएसएल) ने 20 अप्रैल, 2023 को फायर सर्विस सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया। अग्नि सुरक्षा उपायों के महत्व के बारे में शिक्षित करने और संगठन के कर्मचारी के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पूरे सप्ताह विभिन्न सुरक्षा सम्बंधित कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले अभियान में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र, निकासी अभ्यास, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, अग्नि सुरक्षा ऑडिट और अग्नि सुरक्षा वीडियो दिखाने जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल थीं। कर्मचारियों को आग से संबंधित आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने और स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।



अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन अग्निशमन सलाहकार, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार जीवन और संपत्ति की रक्षा में अग्निशमन सेवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए किया गया था। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन स्थितियों में उनका प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाए के बारे में जानकारी दी गयी। अग्निशमन सेवाओं, एंबुलेंस आदि जैसी विभिन्न सेवाओं के बीच समन्वय प्रोटोकॉल की भी जांच की गई। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने कर्मचारियों को संबोधित किया और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने अग्निशमन सेवा सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने और इसे सफल बनाने के लिए कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और ऊर्जा सराहनीय थी। कुल मिलाकर, फायर सर्विस वीक टाटा स्टील यूआईएसएल के लिए अपने कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों और जीवन और संपत्ति की सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ। संगठन ने सुरक्षा उपायों में निवेश करने और अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई। टाटा स्टील यूआईएसएल अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने की उम्मीद करता है।

# गिरिडीह मे भीषण गर्मी से आम जन जीवन बेहाल

**दैनिक समाज जागरण कपिल कुमार मिश्रा ब्युरो चीफ**

गिरिडीह। गिरिडीह(झारखंड)20 अप्रैल2023 :-गिरडीह शहर ही नहीं पुरा जिला इन दिनों भीषण गर्मी के चपेट मे है ।दिन भर लहर चलने से आम जन जीवन अस्त व्यस्त है ।दिन शुरू होते ही पार चढने लगता है ।आज गिरिडीह का अधिकतम तापमान 43डीग्री दर्ज किया गया ।सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना स्कूली बच्चों को करना पड रहा है ।स्कूल से लौटते समय प्रचंड लू हो जाता है ।स्थिति को देखते हुए स्कुल पहले छुट्टी कर देना चाहीय ।प्रशाशनीक स्तर पर भी लहर को देखते हुए विशेष व्यवस्था करने की आवश्यक्ता है ।हालाकि लहर के कारण कच्चे आम ,बेल इत्यादि मांग बढ गई है।

# चाकुलिया सीएचसी में ट्रांसफार्मर खराब, मरीज और चिकित्सा कर्मियों के बीच पेयजल संकट सोलर लाइट के भरोसे चल रहा अस्पताल।

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 - चाकुलिया के सीएचसी परिसर में लगता शर्मा बीती शाम से खराब होने के कारण सीएचसी परिसर में रह रहे स्वास्थ्य कर्मी और मरीजों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, अस्पताल के ट्रांसफार्मर खराब होने से सीएससी परिसर में आधे परिसर में बिजली है, और आधे बिजली विहीन है सोलर लाइट के भरोसे सीएचसी है, और ही बढ़ते गर्मी से और स्वस्थ करने का हाल बेहाल है सीएचसी परिसर में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने से सीएचसी में रात में अंधेरा छा जाएगा, स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि जब तक सोलर चार्ज रहेगा तब तक सीएचसी मैं लाइट जलेगी जब सोलर डिस्चार्ज हो जाएगा तो परिसर में



अंधकार छा जाएगा, वही सीएचसी परिसर में रह रहे स्वास्थ्य कर्मियों के बीच तेजल की संकट उत्पन्न हो गया कहा कि परिसर में तो मोटर है, परंतु बिजली नहीं होने के कारण मोटर नहीं चल पा रहा, जिससे उनके समक्ष पेयजल की समस्या है, मिली जानकारी के अनुसार सीएचसी के जनरेटर की बैटरी भी बैठाया गया है इस संबंध सीएससी फरवरी डेज रंजीत मुर्मू ने कहा कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण परिसर में बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई है और परिसर में रह रहे स्वास्थ्य कर्मियों के बीच पेयजल संकट है, उन्होंने कहा कि ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत के लिए बिजली विभाग के कर्मियों को से संपर्क किया गया है जल्द ही सुधार कर लिया जाएगा।

# पेयजल संकट से जूझ रहा है छतरपुर नगर पंचायत पदाधिकारी मौन– सुरेश कुमार

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

समाज जागरण छतरपुर संवाददाता 20अप्रैल 2023:- छतरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार सुरेश कुमार इंजीनियर ने भीषण गर्मी कि व्यापक असर से उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने निजी खर्च से नगर क्षेत्र में टैंकर के द्वारा पेयजल आपूर्ति शुरू कर दिया है। विदित हो कि इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण नगर क्षेत्र में जल संकट एक बड़ी संकट के रूप में व्याप्त है लोग बहुत परेशान और इसे लेकर लोगों में आक्रोश है। सुरेश कुमार ने बताया कि किसी मुद्दे पर राजनीति करना आसान है परंतु उस मुश्किल का समाधान ही असली जनसेवा है। छतरपुर नगर पंचायत में छः पानी टैंकर होने के बावजूद भी नगर कर्मियों, जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों के उदासीन रवैया के



चलते लोग यहां पानी की भयानक किल्लत से जूझ रहे हैं। इस समस्या के ऊपर कई बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी इसमें कुछ खासा बदलाव नहीं हुआ। नगर वासियों को खाना बनाने से लेकर पीने की पानी तक के लिए त्राहिमाम है और नहाना धोना और पशु के लिए पानी की तो बात ही दूर है। अध्यक्ष महोदय के द्वार पर नगर की खड़ी टैंकर को देखकर नगर वासियों द्वारा कई बार सवाल भी उठाया गया है परंतु समस्या ज्यों की त्यों है। यहां कि नगर प्रशासन बहरा हो गया है। ऐसे में मैं अपना नैतिक जिम्मेवारी समझकर यह पुनीत कार्य जनसेवा की भावना से कर रहा हूं कई लोग इसे राजनीतिक फायदे से जोड़कर भी देखते हैं परंतु इसका मुझे थोड़ी भी परवाह नहीं। चुनावी डंका बजते ही हर गली में लोगों के दिखावे की हमदर्द बनकर मुंह उठाए दर्जनों लोग उनसे वोट मांगने पहुंच जाते हैं परंतु अगर सभी एक साथ खड़ा होकर इस पेयजल संकट के लिए संघर्ष करते हैं तो हो सकता है नगर पंचायत अपनी गहरी नींद से आंखें खोले, लोगों की थोड़ी राहत मिल सकती है। परंतु इस मुद्दे पर सभी मौन हैं।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला

## सिंगरा स्थित अनुराग शुक्ला चौक के समीप स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिया गया श्रद्धांजलि

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 20अप्रैल 2023:- शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के पुण्यतिथि पर पलामू ने उन्हें याद किया। 19 अप्रैल की शाम वार्ड नंबर एक के सिंगरा खुर्द स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया गया और शहीद स्मारक व प्रतिमा स्थल परिसर में शहीद के नाम दीप जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शहादत पर शहीद अनुराग के परिवारजनों द्वारा वस्त्र का भी वितरण किया गया। गणमान्य अतिथियों ने जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच वस्त्र वितरण कर अनुराग की शहादत को याद किया। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने एवं शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देनेवालों की भीड़ लगी थी।

सिंगरा खुर्द गांव निवासी जितेंद्र शुक्ला के पुत्र अनुराग शुक्ला राजस्थान के श्री गंगानगर के श्रीकर्णपुर में डियूटी के दौरान उस वक्त शहीद हो गये थे, जब प्रशिक्षण के दौरान उनके तीन साथी पानी में डूबने लगे थे। अनुराग ने अपनी जान की परवाह किए बिना साथियों को बचाने के लिए कूद पड़े और उन्हें बचाने में कामयाब रहे, लेकिन वे खुद नहीं बच पाये थे। उनके पिता जितेन्द्र शुक्ला अपनी हिम्मत का परिचय देते हुए प्रत्येक वर्ष एकलौते शहीद पुत्र की पुण्यतिथि के साथ-साथ जन्म दिवस मनाते हैं और उनकी याद में सामाजिक कार्य करते हैं।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि वतन के लिए जो शहादत देते हैं उन्हें सभी लोग याद करते हैं। अनुराग के जीवन से



देश की सेवा करने की शिक्षा मिलती है। अनुराग पलामू के शान हैं। देश दुनिया उन्हें हमेशा याद करेगी। उन्होंने कहा कि हमसबों के द्वारा इमानदारी से काम करना अनुराग की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मेयर अरूणा शंकर ने कहा कि अनुराग के शहादत को आज गर्व से याद कर रहे हैं। पिता की सोच को सराहा कि वे अपने एकलौते पुत्र को देश सेवा के लिए भेजा। अनुराग ने कड़ी मशक्कत कर अपने तीन मित्रों को बचाया और देश के लिए अपनी कुबार्नी दे दी। उन्होंने कहा कि अनुराग में संस्कार बसा था। उनकी शहादत युवाओं में ऊर्जा भरने का कार्य करेगा। उन्होंने देश के लिए जो कार्य किया उसे भुलाया नहीं जा सकता। उनकी शहादत युवाओं में देशभक्ति की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि डिफेंस/एनडीए/सीडीएस की तैयारी को लेकर अनुराग के नाम पर एक पुस्तकालय एवं एक बेहतर तोरणद्वार का निर्माण कराने की घोषणा की।

सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि अनुराग के बलिदान से सीख लेने की जरूरत है। इस प्रकार के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति का होना बड़ी बात है। पलामू में इस तरह के बीर सपूत आगे भी होते रहें। हमसबों को इनके आदर्श व बलिदान से सीख लेने की जरूरत है।

शहीद के पिता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि शहीद की जयंती एवं पुण्यतिथि हर वर्ष मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहीद के शहादत दिवस एवं जयंती पर जो कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, उस आयोजन के लिए उन्हें सभी व्यक्ति की ताकत, ऊर्जा एवं आत्मबल मिलता है। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने भी अनुराग के शहादत को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की बातें कही।

संगीतकार राजा ने शहीद के शहादत पर देशभक्ति गानों से लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाया।

कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पाण्डेय उर्फ एपी लक्की ने किया। मौके पर उक्त व्यक्तियों के अलावा डिप्टी मेयर मंगल सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय, मनोज सिंह, अविनाश देव, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, जगन्नाथ प्रसाद सिंह सहित शहीद अनुराग शुक्ला के पिता जितेन्द्र शुक्ला, संतोष शुक्ला, आशीष भारद्वाज, परसुराम शुक्ला, लव शुक्ला, अरविंद शुक्ला, चंद्रदीप शुक्ला, दिलीप शुक्ला, उमेश पासवान सहित जिले के कई पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवि एवं पूर्व सैनिकों ने शहीद स्थल पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित की और शहीद के संबंध में अपने विचार रखे।

# गालूडीह के उल्दा में शिव कथा के पांचवें दिन स्वामी हृदानंद गिरी ने सुनाई शिव – पार्वती– विवाह की कथा,

## मंडप में संपन्न कराया गया शिव – पार्वती विवाह।

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 - उल्दा के माता वैष्णो देवी धाम में चल रही शिव पुराण कथा के पांचवे दिन कथावाचक स्वामी हृदयानंद गिरी ने शिव विवाह की कथा सुनाई, उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था, भगवान शिव का या विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था, सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपनी पुत्री का विवाह नहीं कराना चाहते थे, लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर या विवाह संपन्न हो गया, एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया जिससे नाराज माता सती ने यज्ञ में कुद कर आत्मदाह कर लिया, इस घटना के बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए, उधर माता सती ने भीम बन के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया, तारकासुर का नाम के असुर का उस समय आतंक था, देवतागण उससे भयभीत थे, तारकासुर को वरदान प्राप्त था, कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती उस समय भी भगवान शिव अपनी तपस्या में लीन थे, तब सभी देवताओं ने मिलकर शिव और पर्वती के विवाह की योजना बनाई, भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा गया, लेकिन वह भस्म हो गए देवताओं की विनती पर भगवान शिव पार्वती जी से विवाह करने के लिए राजी हुए, विवाह की बात तय होने के बाद भगवान शिव



की बारात की तैयारी हुई, उनकी बारात में देवता गाना गन जानवर सभी लोग शामिल हुए, भगवान शिव की बरात में भूत के साथ भी पहुंचे, ऐसी बरात को देखकर पार्वती जी की मां बहुत डर गई, और कहा की वह ऐसे वर को अपनी पुत्री नहीं सौंप सकती, तब देवताओं ने भगवान शिव को परंपरा के अनुसार तैयार किया, सुंदर तरीके से सिंगार किया इसके बाद दोनों का विवाह संपन्न हुआ, आज की कथा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी पहुंचे थे, उन्होंने माता वैष्णो देवी के आगे शीश झुका कर सुख समृद्धि की कामना की, मंदिर परिसर में धूमधाम से हुआ शिव विवाह संपन्न उल्दा स्थित माता वैष्णो देवी धाम में शिव विवाह का आयोजन मंदिर समिति की ओर से किया गया जिसमें सर्वप्रथम गणेश वंदना डांस शिव विवाह का शुभारंभ किया गया समारोह में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विवाह के दौरान लोगों ने भजन गायन करके माहौल को शिवमय, कर दिया, बारातियों के रूप में हाय श्रद्धालु भगवान शिव के भजनों पर झूम उठे बरात गालूडीह दुर्गा मंडप से निकलकर गालूडीह खबर आज अंडर पास महुलिया चौक होते हुए, वैष्णो देवी धाम पहुंची, इस दौरान जगह - जगह बारातियों का स्वागत किया गया बारातियों को शरबत आदि खिलाया गया, शिव विवाह के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही विवाह संपन्न होने के बाद महाभोग ग्रहण किया।

# भोक्ता पर्व मेले में घूमने आए लोगो ने खाया चाट चोउमिन छोला, दर्जनों बच्चे सहित सैकड़ो महिला पुरूष फूड पोजनिंग का हुए शिकार

चन्द्र प्रकाश, जिला संवाददाता धनबाद (झारखण्ड):- कोयलांचल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल SNMMCH में अचानक मरीजों की बाढ़ सी आ गई ।देखते ही देखते सैकड़ो मरीज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड ,परिसर में भर गए ।इमरजेंसी वार्ड के बाहर और अंदर जिधर भी नजर जाए सिर्फ और मरीज ही नजर आ रहे थे। फर्श से इमरजेंसी के बाहर चारों ओर मरीज ही मरीज ।मरीजों में दो साल से लेकर बड़े बुजुर्ग सभी शामिल थे ।हर कोई भागते दौड़ते नजर आए। परिजन हाथों स्लाइन की बोतल पकड़ खुद कही अपने मरीज के लिए सही स्थान की तालाश में जुटे रहे ।स्लाइन की बोतल टांगने के लिए जहां भी जगह मिली ,उसे टांगने की जुगाड़ लगा दिए ।छोटे छोटे बच्चों को परिजन अपने गोद मे लिए हांथो में स्लाइन पकड़े नजर आए ।कुल मिलाकर पैनिक स्थिति बनी रही ।बीच बीच मे परिजन आक्रोशित होते भी नजर आए ।हालांकि डॉक्टरों की टीम भी मरीजों को संभालने में जुटी रही है ।मरीज के परिजनों से बात करने पर मामले की जानकारी हुई ।परिजनों



ने बताया कि बलियापुर थाना क्षेत्र के करमाटांड़ में चड़क भोक्ता पूजा के दौरान मेला लगी थी ।करमाटांड़ गांव के लोग मेला घूमने के लिए पहुंचे हुए थे ।मेला घूमने आए लोगों की अचानक तबियत बिगड़ने लगी ।लोगों को उल्टी और चक्कर आने की शिकायत पर SNMMCH लाया जाना लगा ।धीरे धीरे मेला घूमने पहुंचे बच्चे और बड़े बुजुर्ग सभी बेचैन होने लगे ।सभी को उल्टी और चक्कर आने की शिकायत मिलने लगी ।जिसके बाद मेले में ही अफरा तफरी मच गई ।लोग अपने अपने मरीजों को लेकर SNMMCH पहुंचने लगे ।जिसे जैसे समझ मे आया ।अपने लोगों को लेकर अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि चाट चाउमीन और ठेले पर बेचे जा रहे सामानों के खाने के बाद ही लोगों की तबियत बिगड़ी है ।तबियत बिगड़ने के बाद आनन फानन में लोगों SNMMCH अस्पताल लाया गया। SNMMCH में डॉक्टरों की टीम लगाई गई । सभी सबसे पहले स्लाइन और इंजेक्शन की डोज दी गई। SNMMCH के अलावे सैकडों मरीजों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है ।मिली जानकारी के अनुसार दर्जन भर मरीजों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# पीड़िता को पी डी जे ने दिया छह लाख का चेक

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) 20अप्रैल 2023:- पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता को छह लाख रुपये का चेक प्रदान किया ।विदित हो कि झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत यह राशि प्रदान की गई है। बिदित हो कि क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड के बैठक में 28 जनवरी 2023 को पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़िता को छह लाख रुपये का चेक देने का निर्णय लिया था। विदित हो कि पीड़िता मानसिक रूप से दिव्यांग थी। व जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम के न्यायालय से उसे झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम की राशि देने की अनुशंसा की गई थी। इस मामले में अभियुक्त को उम्र कैद की सजा व 25 हजार रुपये अर्थदंड लगा हुआ था। 8 दिसंबर 2021 को जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम की अदालत ने अपने फैसले में पीड़िता को झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत राशि देने की अनुशंसा की थी। इसी आलोक में 28 जनवरी 2023 को क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक आहूत की गई थी। सरकार से राशि मिलने के बाद गुरुवार को पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने पीड़िता को छह लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर पीड़िता के माता-पिता भी उपस्थित थे ।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

# सदर अस्पताल में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

देवघर। आज सदर अस्पताल में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें फायर सेफ्टी- आग लगने पर जान-माल को कैसे बचाया जा सकता है का प्रशिक्षण स्वास्थ्य कर्मी चिकित्सक पदाधिकारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह दिवस 14 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा है । जागरूकता व प्रशिक्षण अभियान का आयोजन व संचालन अग्निशमन पदाधिकारी जिला देवघर गोपाल यादव के नेतृत्व में किया जा रहा है।

# ईडी ने खोला वीरेंद्र राम का कच्चा- चिट्ठा

## स्कॉटलैंड में पढ़ रहे बेटे आर्यन अंकुश को भेजे गए 1.25 करोड़ रुपये

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,**

राँची (झारखंड ) 20अप्रैल 2023:-अभियंता वीरेंद्र राम को लेकर कई खुलासे किए हैं जिसमें से एक यह है ईडी ने अस्थाई जब्ती रिपोर्ट में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य कि उसने 1.78 करोड़ के ठेके के लिए मेसर्स रायल इंजीनियरिंग वर्क्स के संचालक से 14 लाख रुपये कमीशन लिए थे ।ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम व उनके चचेरे भाई आलोक रंजन के विरुद्ध तैयार अस्थाई जब्ती रिपोर्ट में ईडी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों जेल में बंद हैं। जब्ती रिपोर्ट के अनुसार वीरेंद्र राम का बेटा आर्यन अंकुश स्कॉटलैंड में पढ़ता है। उसने अब तक 1.25 करोड़ रुपये विदेश में स्थानांतरित किया है। इसमें 20 लाख रुपये जमशेदपुर के मानगो निवासी महेंद्र गोप ने आर्यन अंकुश के खाते में भेजा था ।महेंद्र से टेंडर के बदले वीरेंद्र राम वसूलता था कमीशन महेंद्र गोप मेसर्स लाड्र्स इंफ्राकान प्राइवेट लिमिटेड का संचालक है, जिससे वीरेंद्र राम ने 2.40 करोड़ रुपये का ऋण लेने का दावा किया, जिसमें उसने 20 लाख रुपये जमा किया। ऋण की राशि नई दिल्ली के छतरपुर में संपत्ति खरीदने के लिए ली थी। अनुसंधान में इस बात का भी खुलासा हुआ कि महेंद्र गोप से वीरेंद्र राम टेंडर के बदले कमीशन वसूलता था। 1.88 करोड़ रुपये लिए कमीशन

ईडी की छानबीन में पता चला है कि मेसर्स राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड व मेसर्स परमानंद सिंह बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजेश कुमार उर्फ बबलू है। वर्ष 2015 के बाद इन दोनों कंपनियों को वीरेंद्र राम ने 62 करोड़ रुपये के 22 टेंडर दिए। इसके बदले में वीरेंद्र राम को कमीशन के रूप में 1.88 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ ।राजेश कुमार ने वीरेंद्र राम को एक इनोवा व एक फार्च्यूनर भेंट की थी। वीरेंद्र राम के आईफोन से राजेश कुमार के खास सहयोगी अनूप कुमार राय का तीन फरवरी 2020 का एक वाट्सएप मैसेज सामने आया है, जिसमें तीन करोड़ रुपये के -देन का जिक्र है।

वीरेंद्र को टेंडर के बदले देना पड़ता था तीन से 14 प्रतिशत कमीशन

अनूप कुमार राय से ईडी ने पांच से सात अप्रैल तक पूछताछ की है, जिसमें उस वाट्सएप चैट के बारे में भी जानकारी ली है। अनूप कुमार राय ने ईडी को बताया है कि वह मेसर्स रायल इंजीनियरिंग वर्क्स में पार्टनर है, जो मैकेनिकल कार्य देखते हैं। उन्होंने भी 1.78 करोड़ रुपये के टेंडर के बदले में वीरेंद्र राम को 14 लाख रुपये कमीशन में दिया था। वीरेंद्र राम को तीन से कर 14 प्रतिशत तक कमीशन देना पड़ता था।

अतिकुल रहमान वसूलता था वीरेंद्र राम के कमीशन के रुपये

ईडी की छापेमारी में वीरेंद्र राम के रांची स्थित आवास से एक डायरी मिली थी, जिसमें अतिकुल रहमान अंसारी नामक



व्यक्ति के जरिए लेन-देन की पुष्टि हुई। पूछताछ में वीरेंद्र राम ने स्वीकारा कि कमीशन की राशि अतिकुल रहमान अंसारी वसूलता था। उसने अब तक 47 लाख 45 हजार रुपये वसूलकर वीरेंद्र राम तक पहुंचाने की बात स्वीकारी है।

अचल संपत्तियों के लिए बैंकिंग से ज्यादा नकदी में किया भुगतान

वीरेंद्र राम ने अचल संपत्तियों की खरीद में बैंकिंग से ज्यादा नकदी में भुगतान किया है। नई दिल्ली के साकेत स्थित डी-70 के पहले तल्ले के लिए पांच करोड़ में सौदा हुआ था, जिसमें 1.78 करोड़ रुपये ही बैंकिंग से भुगतान हुए, जबकि 3.28 करोड़ रुपये नकदी में भुगतान हुआ है। डिफेंस कालोनी वाली संपत्ति की कुल कीमत 11.30 करोड़ रुपये थी। इसके लिए 4.95 करोड़ रुपये बैंकिंग से व 6.3 करोड़ रुपये नकदी भुगतान हुआ था ।सिर्फ रेल व हवाई टिकट पर चार साल में खर्च किया 14.09 लाख

वीरेंद्र राम व आलोक रंजन रांची-दिल्ली, जमशेदपुर-दिल्ली आना-जाना करते रहते थे। इसके लिए वीरेंद्र राम ने अनिश खिरवाल नामक एक ट्रेवल एजेंट को रखा था, जिसे वह खुद भुगतान करते थे। पांच फरवरी 2018 से 21 दिसंबर 2022 के बीच वीरेंद्र राम ने रेल व हवाई टिकट के एवज में 14 लाख 09 हजार 488 रुपये नकदी के रूप में भुगतान किया था ।वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी के नाम पर साकत, नई दिल्ली स्थित डी-70 का पहला तल्ला। दस्तावेज के अनुसार इसकी कीमत 1.78 हजार 488 रुपये नकदी के रूप में भुगतान किया था।

जब्त संपत्ति व उसकी कीमत

वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी के नाम पर साकेत, नई दिल्ली स्थित डी-70 का पहला तल्ला । दस्तावेज के अनुसार इसकी कीमत 1.78 करोड़ रुपये हैं। वर्तमान में इस फ्लैट की कीमत पांच करोड़ रुपये है। राजकुमारी के नाम पर नई दिल्ली के डिफेंस कालोनी में तृतीय तल्ला सी-334 है। दस्तावेज के अनुसार इसकी कीमत पांच करोड़ रुपये है। वर्तमान में इस संपत्ति की कीमत 11.30 करोड़ रुपये हैं। वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम के नाम पर नई दिल्ली के साकेत अंसल तहसील में दो बीघा, आठ बिस्वा जमीन पर बना फार्म हाउस। दस्तावेज के अनुसार इसकी कीमत चार करोड़ रुपये है। वर्तमान में इसकी कीमत 22.50 करोड़ रुपये है। - वीरेंद्र राम के बेटे आर्यन अंकुश के खाते में 13.43 लाख रुपये। राजकुमारी व आर्यन अंकुश के खाते में 14.46 लाख रुपये। वीरेंद्र कुमार राम के खाते में 8.10 लाख रुपये। वीरेंद्र राम व उनकी पत्नी राजकुमारी के नाम पर जमशेदपुर के डिमना रोड, वाटिका ग्रीन सिटी में घर । दस्तावेज के अनुसार इसकी कीमत 12.57 लाख रुपये है। वर्तमान में इसकी कीमत एक करोड़ रुपये है। वीरेंद्र कुमार राम की पिठोरिया में जमीन, जिसकी दस्तावेज के अनुसार कीमत 25 हजार रुपये है। वर्तमान में इसकी कीमत 22 लाख रुपये है। गाड़ियों के लिए राजकुमारी ने केनरा बैंक के खाते से किया भुगतान टोयटा फर्च्यूनर (29.90 लाख), ऑडी (44.26 लाख), आडी (53.66 लाख) का भुगतान किया। ईडी ने अपनी रिपोर्ट में इसका भी जिक्र किया है कि वीरेंद्र राम के अलावा उनके परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है।

## आदित्यपुर में शुभारंभ हुआ ए पी एन सोलर चैनल का पहला ब्रांच

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 :झ सरायकेला खरसावां जिले के अंतर्गत आदित्यपुर में मुंबई की एपीएन सोलर चैनल का पहला ब्रांच खुला।आदित्यपुर के एम पी टावर के समीप अराइज एस के पावर सेल्यूशन के नाम से दिनांक 19 अप्रैल से शुरूआत हुआ। आदित्यपुर स्थित कार्यालय में एपीएन से बिजनेस हेड रोहित शेट्टी और अराइज सलूशन से संतोष कुमार सिंह ने इसके लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। रोहित शेट्टी ने बताया कि कंपनी के 1 किलो वाट के ऑन ग्रिड सोलर पैनल ₹52000 जबकि ऑफ ग्रिड ₹80000 के में आते हैं उनके प्रोडक्ट पर 28 साल की गारंटी दी जाती है।




## वृंदावन कॉलोनी की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर अपर नगर आयुक्त से मिले पुरेंद्र

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 :झ आदित्यपुर नगर निगम, वार्ड संख्या- 15 अंतर्गत वृंदावन कॉलोनीवासियों का एक शिष्टमंडल आज आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम से कार्यालय में मिलकर वृंदावन कॉलोनी के सड़क और नाली की समस्या से उन्हें अवगत कराया एवं ज्ञापन भी सौंपा।



अपर नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुनने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित कनीय अभियंता को स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया।

ज्ञातव्य है कि श्रीनाथ कॉलेज के बगल से जाने वाली वृंदावन कॉलोनी का सड़क कच्ची है. जिसमें करीब 70-80 परिवार रहते हैं. यहां के लोग बरसात के दिनों में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं।

पिछले दिनों कॉलोनीवासियों के बुलावे पर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने कॉलोनीवासियों के साथ बैठक कर रोड, नाली सहित अन्य जनसमस्याओं से अवगत हुए थे' कॉलोनीवासियों ने बतलाया था कि 2 वर्ष पूर्व रोड, नाली के लिए नाती हुई थी, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही धरातल पर नहीं दिखाई दे रही है।

आज अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपने वालों में पुरेंद्र नारायण सिंह के अलावे सत्येंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह, सतीश झा, कुंदन कुमार, राकेश कुमार, विक्रम दास, अजय गुप्ता, शिव नारायण पंडित, रविंद्र राय , आलोक कुमार, एससी प्रसाद, सी सी सिंह, अरविंद कुमार, रणविजय सिंह, अरुण कुमार, विनोद साहू, एस चक्रवर्ती, बी चौधरी शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल,सीएचसी में इलाज वे बाद रेफर

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 :- बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ पर सिगसिगी चौक के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.घायलावस्था में उसे बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे मेदानीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया.जानकारी के अनुसार सिगसिग गांव निवासी जंगी चौधरी का पुत्र शिव कुमार चौधरी चौक के पास सड़क पार कर रहा था.इसी बीच उंटारी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकल ने उसे जोरदार धक्का मार दिया.युवा समाजसेवी सह जिला पार्षद विजय रविदास,मुखिया प्रतिनिधि पिंटू चौधरी,जितेंद्र चंद्रवंशी व हरिनाथ प्रसाद ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया.सूचना मिलने पर विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल भी हॉस्पिटल पंहुचे.चिकित्सकों से बात कर प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल एंबुलेंस से घायल शिव कुमार चौधरी को एमएमसीएच भेजवाया.जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.



## स्कूली बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की दवा, स्वच्छता के बारे में दी गयी जानकारी

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 :- विश्रामपुर प्रखंड के चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्कूली बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गयी.इसके अलावा बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया.बताते चले कि विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूली बच्चों को स्वच्छता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी.विद्यालय के प्रधानाध्यापक जैनेंद्र कुमार पांडेय ने कहा सभी विद्यार्थी अपने-अपने घर,स्कूल व आसपास पोलिथिन या गंदगी को ना फैलने दें.हमारे आसपास फैली गंदगी कई बीमारियों का कारण बनता जा रहा है.इसके प्रति घरों में अपने माता-पिता के बीच भी चर्चा करें.वहीं प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णतः रोक लगाने को कहा.विद्यालय के शिक्षक सुदर्शन सिंह व रमेश चंद्र दुबे ने जल संचयन पर बच्चों को जागरूक किया.साथ ही विद्यालय के बच्चों को कृमिनाशक एलबेंडाजोल की दवा खिलायी गयी.मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्रा मौजूद थे.



## तिरूलडीह थाना में हुई शांति समिति कि बैठक

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड़ू**

सरायकेला (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 तिरुलडीहः सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना परिसर में गुरुवार को बीडीओ राकेश गोप की अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक आयोजित कि गई। वहीं बैठक में रमजान पर इद में शांति व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारे के साथ मनाने व सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया। शांति समिति कि बैठक में बीडीओ ने लोगों को सौहार्द पूर्ण वातावरण में ईद मनाने का अपील किया। उन्होंने शांति समिति के सदस्यो व पंचायत प्रतिनिधियों को ईद में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने,नशे के हालत में उत्पात मचाने व आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का कोशिश करने वालों का जानकारी थाना को देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि भाईचारे का महा पर्व मिलजुलकर मनाएं। बताया कि शनिवार को ईद का महापर्व होना है और सभी समुदाय एक दूसरे के साथ सौहार्द बनाए रखने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी रितेश कुमार ने कहा कि रमजान माह का अंतिम दिन ईद में हुड़दंगियों,वाटसप पर गलत मैसेज भेजने व शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कि जाएगी । उन्होंने कहा कि सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करने व कराने का भी अपील किया गया।



## हीरापुर में सड़क किनारे लगे अवैध दुकानों से नगर निगम ने वसूला जुमार्ना

### *नगर निगम के द्वारा इंफोर्समेंट टीम की, गई है गठन*

चन्द्र प्रकाश, जिला संवाददाता

धनबाद (झारखण्ड) :- सड़क किनारे लगाए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम के द्वारा गठित इंफोर्समेंट टीम के द्वारा की जा रही है कार्यवाही । टीम ने धनबाद हीरापुर से लेकर पुलिस लाइन तक सड़क के दोनों ओर लगाए गए अवैध दुकानों को 2 दिनों के भीतर हटाने का अल्टीमेटम दिया। साथ ही जिसे अल्टीमेटम पहले दी जा चुकी थी उनसे 200 से ₹500 तक के जुमार्ने वसूले गए , बताते चलें कि यह जुमार्ना 200 से 2500 रुपए तक के लिए जा सकते हैं । इंफोर्समेंट टीम ने सभी दुकानदारों को हिदायत देते हुए 2 दिनों के भीतर अपने - अपने अवैध दुकानों को सड़क के किनारे से हटाने का सख्त निर्देश दिया साथ ही कुछ दुकानों से जुमार्ने के तौर पर ₹200 से लेकर ₹500 तक के राशि लिए गए । इस विषय पर नगर निगम के टीम ने बताया कि वह दुकानदार जो ठेला लगाता है और अपनी दुकानों को लगातार एक जगह से दूसरी जगह बढ़ाते रहता है जगह परिवर्तन करते रहता है , उससे कोई परेशानी नहीं है परंतु जो अपनी दुकानों को एक जगह ही पार्क करके रखता है और स्थान की घेराबंदी करती है , उन लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी । नगर निगम के द्वारा गठित इंफोर्समेंट टीम प्रतिदिन प्रत्येक दिशा में निरीक्षण कर अवैध अतिक्रमण को हटाने का काम करेगी साथ ही टीम के सदस्यों ने बताया कि बहुत सारे लोग सड़क के ऊपर ही गिट्टी और बालू जमा कर देते हैं , उन लोगों के ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी ताकि सड़क पर यात्रा कर रहे हैं , यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े क्योंकि इनके कारण अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । इस अवसर पर प्रतिबंधित पॉलिथीन को भी जप्त किया गया जो कि दुकानदारों के द्वारा धड़ल्ले से प्रयोग में लाया जा रहा था । साथ ही उन दुकानदारों से जुमार्ने भी वसूले गए जो कि पॉलिथीन बैग का प्रयोग अपने ग्राहकों को सामान देने के लिए कर रहे थे, क्योंकि पॉलिथीन को प्रकृति का दुश्मन बताते हुए सरकार ने इसे बंद कर दिया है। इस पर प्रतिबंध लगा दिया है परंतु फिर भी दुकानदार सरकार के खिलाफ जाकर पॉलिथीन बैग का प्रयोग कर रहे थे और इसी कारण उनसे जुमार्ना भी लिया गया और भविष्य में इसकी उपयोग न करने की चेतावनी दी गई।



## खेल के दुनिया में प्रतिभा को प्लेटफॉर्म मिले तो बच्चे सातवें आसमान पर देश का परचम लहरा देंगे-अविनाशदेव

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 202023:- रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (RSFI) के तत्वाधान में पहली बार ढ़ेलपुर मोहाली, पंजाब में 27 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित 1st नेशनल इंटर डिस्ट्रिक रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2023 में St. Mariam's School (Hostel), Daltonganj के दो छात्र पलामू जिला को प्रतिनिधित्व करेंगे... स्पीड क्वाड केटेगरी में 11 से 14 साल ग्रुप (Sub-Junior) में विवेक टोप्पो और प्रियांशु कुमार पलामू जिला से चयनित किया गया था विवेक टोप्पो का बेहतरीन प्रदर्शन देखते हुए तीन रेस में भाग लेने का अवसर दिया गया है और प्रियांशु कुमार को दो रेस में भाग लेने का मौका मिलेगा, दोनों खिलाड़ी बहुत मेहनती है। लगातार खिलाड़ियों का अभ्यास और कोच चन्दन कुमार का मेहनत फलस्वरूप दोनों खिलाड़ी जिला में बेहतर प्रदर्शन कर अपना और स्कूल का नाम सबसे ऊपर कर दिखाए है और नेशनल चैम्पियनशिप में मेडल लाकर पूरे भारत देश में अपना अपने कोच, स्कूल, जिला और राज्य का नाम रोशन करेंगे। संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झारखण्ड माटीकला बोर्ड झारखण्ड सरकार के सदस्य अविनाशदेव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। भविष्य में बच्चे और बेहतर कर सकें इसके लिए हम सरकार स्तर पर संसाधन के लिए मांग रखेंगे। बच्चों के दबी प्रतिभा को निखारने व मंच देने का हर सम्भव कोशिश करेंगे। वर्तमान दौर में खेल कैरियर का उचित माध्यम है इसलिए बच्चों से हम अपील करते हैं कि और बेहतर करें और राज्य का परचम राष्ट्र में ऊंचा करें यही हमारी आप सबों के शुभकामनाएं है। पलामू डिस्ट्रिक रॉलर स्केटिंग एशोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह सचिव राजन सहाय, कोषाध्यक्ष आशीष सोनी, उप सचिव व सभी पदाधिकारियों एवं पत्रकार के पलामू कोच रविरंजन प्रसाद का भी बच्चों के प्रशिक्षण में काफी सराहनीय सहयोग रहा है।



## राजनगर प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न। विभिन्न विभागीय समस्याओं पर हुई चर्चा।

**रवि कांत गोप, समाज जागरण प्रखंड संवाददाता राजनगर (सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)20 अप्रैल 2023ः राजनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख ओलिभ ग्रेस कुल्लू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में सभी सरकारी विभाग के पदाधिकारि एवं कर्मी उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वसुंधरा कुमारी दास, सांसद प्रतिनिधि बिशु हेम्ब्रम, उप प्रमुख श्रीमती सुमना देवी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जगन्नाथ हेम्ब्रम, प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्वयक सावन सोय, एएसआई अनुप बाखला एवं विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, प्रखंड, अंचल कर्मी व विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने जमीन से संबंधित, जाति,आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन फार्म भरने के बाद सही समय पर प्रमाण पत्र नहीं बनने का मामला उठाया.जिसमे मांग भी किया गया कि जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र सही समय पर बनें ताकि विधार्थी सही समय पर उपयोग कर सकें.

बैठक में आंगनबाड़ी, 15 वें वित्त आयोग से संबंधित विभिन्न समास्याओं पर भी चर्चा किया गया। इस बैठक में बिजली विभाग एवं वन विभाग से संबंधित समस्याओं पर मांग उठी,लेकिन बैठक में बिजली विभाग और वन विभाग के पदाधिकारी नदारद रहे।जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उक्त समस्याओं पर संज्ञान लेकर उक्त विभाग के माध्यम से समाधान करने का अस्वासन दिया।

## सरायकेला : ईचागढ़ पुल का नामकरण राजा प्रभात कुमार आदित्यदेव पुल किया गया

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला (झारखंड), 20 अप्रैल 2023 : सिंहभूमि क्षत्रिय महासभा ईचागढ़ इकाई एवं ईचागढ़ के ग्रामीणों द्वारा ईचागढ़, पातकुंम एवं बाकलतोड़िया ग्राम को जोड़ने वाले पुल का नामकरण राजा प्रभात कुमार आदित्यदेव किया गया। इस मौके पर प्रशांत कुमार आदित्य देव के पुत्र उदय आदित्यदेव एवं ईसागढ़ के मुखिया रखोहरी सिंह मुंडा द्वारा नारियल फोड़कर और फीता काटकर पुल का उद्घाटन किया।

ईचागढ़ निवासी स्वर्गीय कुणाल सहदेव के जन्म जयंती के अवसर पर झारखंड चौक का नाम बदलकर ईचागढ़ के ग्रामीणों द्वारा कुणाल चौक रखा गया। इस मौके पर कुणाल शाहदेव का प्रतिमा लगाया गया एवं क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा उनके प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 60 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस अवसर पर उप मुखिया दिनेश मंडल, पंचायत समिति सदस्य कालीपद लायक, ग्राम प्रधान गोकुल, पूर्व मुखिया राजन उरांव, सुभाष चंद्र सहदेव, गोपाल सहदेव, सपन आदित्यदेव, अमित सिंह देव, अभिषेक आदित्यदेव, अनिल आदित्यदेव, संजय मंडल, मनोज सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, राजू सिंह, कल्याण सिंह, गुरुपद, गणेश मंडल, अमित मंडल, जोहार लाल मंडल, सत्यजीत रय, नवीन, गंगासागर पाल, संजय सिंह, भास्कर सिंह मुंडा, मदन राजवाड़ा, अजय मोदक, अभिषेक सहदेव, राजू सिंह, जवाहरलाल सहदेव, देवी लाल पटेल आदि उपस्थित थे।



## 3 जून को चांडिल में होगा विस्थापितों का रात्रिकालीन सम्मेलन

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला (झारखंड), 20 अप्रैल 2023 : चांडिल बांध स्थित नौका विहार स्थल पर विस्थापितों की एक बैठक हुई जिसमें तय किया गया कि संगठन को चुस्त-दुरुस्त कर आगामी भूमिका के लिए मुस्तैदी से प्रस्तुत होने के उद्देश्य से आगामी ज्येष्ठ पूर्णिमा अर्थात 3 जून को रात्रिकालीन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वर्षों से समस्याओं के लंबित होने के चलते विस्थापितों में काफी रोष है। सभी पुनर्वास स्थलों के सीमांकन और वहां रह रहे विस्थापितों को आवासीय भूखंडों का मालिकाना आज तक नहीं मिला है। चांडिल बांध के युवा विस्थापितों के सामने आज सबसे गहरा संकट रोजगार का है। विस्थापितों की पहली पीढ़ी को परियोजना एवं सरकारी विभागों में 1993 तक ही नियुक्ति मिली थी जिसमे अधिकांश रिटायर कर चुके हैं। एक आकलन के अनुसार अगले पांच वर्षों में पहली पीढी के सभी विस्थापित कर्मचारी रिटायर हो जाएंगे। इस तरह से विस्थापितों के सामने आज गंभीर संकट है।

चांडिल जलाशय का निर्माण कृषि के विकास के लिए व सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किया गया है। जबकि इस बांध के पानी का उपयोग केवल कंपनियों के लिए हो रहा है। विस्थापितों की मांग है कि चांडिल जलाशय से पानी प्राप्त करने वाली सभी लाभुक कंपनियों का दायित्व है कि वे रोजगार के अवसरों में विस्थापितों को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर श्यामल मार्डी, वासुदेव आदित्यदेव, जगदीश सिंह सरदार, पशुपति सिंह सरदार, किरण वीर, ईश्वर गोप, डोमन बास्के, सुकलाल मुर्मू , नारायण गोप, कार्तिक महतो ,अरविंद अंजुम आदि उपस्थित थे।



## गिरिडीह के अवर निबंधक सहदेव मेहरा को बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने बताया घूसखोर

### *सीएस से की जांच और निलंबन की मांग*

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड ) 20अप्रैल 2023:- पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के अवर निबंधक सहदेव मेहरा को घूसखोर बताया है. साथ ही मुख्य सचिव, झारखंड से उनके कार्यकाल की जांच कराने की मांग की है. कहा है कि इससे पता लगेता कि वे अपने पद का किस तरह दुरूपयोग कर रहे हैं. साथ ही करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की है. इस संबंध में मुख्य सचिव सहित राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड को भी चिट्ठी लिखी है. इसके जरिये सहदेव मेहरा के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने और इसकी जाँच कराकर दोषी पाए जाने पर निलंबित करने का भी आग्रह किया है.

**क्या है लेटर में**

बाबूलाल मरांडी ने सीएस को लिखे पत्र में कहा है कि गिरिडीह जिला अवर निबंधक सहदेव मेहरा काले कारनामे में लिप्त हैं. इस सम्बन्ध में गिरिडीह निवासी किशन कुमार सिन्हा एवं इन्द्रजीत यादव से उन्हें एक आवेदन मिला जो वे इस पत्र के साथ संलग्न कर उन्हें प्रेषित कर रहे हैं. सहदेव मेहरा, तत्कालीन जिला अवर निबंधक, राँची द्वारा संजीवनी बिल्डकॉन द्वारा जमीन घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक थे. इन्होंने निबंधक पद पर रहते हुए जमीन माफियाओं को गलत तरीके से जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर संजीवनी बिल्डकॉन को फायदा पहुँचाया. सैकड़ों लोगों द्वारा जमीन खरीदने हेतु जमा राशि को हड़प लिया था. इसकी जाँच उ.इ.क कर रही है. इस मामले में सहदेव मेहरा जेल भी गए. अभी जमानत पर हैं. अपने पद पर रहते हुए सहदेव ने रजिस्ट्री ऑफिस लूट का अड्डा बना दिया था. करोड़ों की सम्पत्ति अवैध रूप से अर्जित की है जिसकी जाँच भी चल रही है. कानून की पेंचिदगियों का लाभ उठाकर पुनः पद पर आसीन हैं. वर्तमान में ये जिला निबंधक गिरिडीह के पद पर पिछले 2.5 वर्षों से काबिज हैं.



**लोगों ने भी की है शिकायत**

क्षेत्र भ्रमण के दौरान गिरिडीह के लोगों ने उनसे मिलकर इनके भ्रष्ट कारनामों की शिकायत की है. बिना मोटा कमीशन लिए किसी की भी जमीन रजिस्ट्री नहीं करते हैं. हद तो तब हो गई है जब आवेदक किशन कुमार सिन्हा एवं इन्द्रजीत यादव बेंगाबाद थाना संख्या 20 अन्तर्गत खाता नं0- 14, प्लॉट नं0-303, रकवा - 30 डिसमिल जमीन का निबंधन सरकारी प्रावधान के अनुरूप शुल्क माकर सभी सही कागजात के साथ कराया. निबंधन कराने जब कार्यालय पहुँचे तो मेहरा ने निबंधन के एवज में एक लाख रुपए घूस माँगा. क्रेता द्वारा इससे इंकार करने पर उन्हें कार्यालय से धक्का देकर निकाल दिया. रउ/रळ एक्ट में फँसाने की धमकी दे डाली. यहाँ तक कहा कि जब तक घूस की रकम नहीं दोगे, तब तक रजिस्ट्री नहीं करेंगे. जहाँ जाना है, जाओ. यह सब बात वीडियो रिकॉर्डिंग में भी है, जो सभी अखबारों में प्रकाशित भी हुआ है. जब यह समाचार मीडिया के सुर्खियों आ गया तो अपने को बचाने के लिए जमीन क्रेता पर झूठा एवं मनगढ़ंत आरोप लगाकर केस भी दर्ज करा दिया है. क्रेता का सब कुछ सही रहते भी आज तक निबंधन नहीं किया गया है.

## विश्रामपुर के टोना गांव में धारदार हथियार से एक व्यक्ति की हत्या, क्षेत्र में सनसनी

### *> गांव किनारे नाला से मिला शव, पुलिस जुटी मामले की छानबीन मे*

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 :- विश्रामपुर थाना अंतर्गत भंडार पंचायत के टोना गांव निवासी रामसेवक पांडेय (52) की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई.जिसके बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है.पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु मेदनीनगर एमएचसीएच भेज दिया है.मिली जानकारी के अनुसार रामसेवक पांडेय बुधवार की अहले सुबह घर से महुआ चुनने के लिए निकले थे.लेकिन उसके बाद वे घर वापस नहीं पहुंचे.परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला.गुरुवार को सुबह गांव किनारे बरवा नाला के पास उनका शव देखा गया तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई.सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक अजय कुमार व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु मेदनीनगर भेजा.थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है.जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा.



**> मई माह में मृतक के बेटी की होने वाली थी शादी**

मृतक का एक बेटा और दो बेटी है.,बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है.छोटी बेटी की शादी भी तय हो गई थी.आगामी 19 मई को तिलकोत्सव था.घर में शादी की तैयारी चल रही थी.इसी बीच राम सेवक पांडेय की हत्या हो गई.जिससे खुशी का माहौल मातम में बदल गया.

**> डॉग स्क्वायड से भी नही मिला कुछ सुराग**

पुलिस द्वारा घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड भी मंगवाया गया था.लेकिन इससे भी कुछ हासिल नहीं हो पाया.अभी तक पुलिस को कोई सुराग भी हाथ नही लगा है.और न ही घटना के कारणों का ही कोई पता चल पाया है.

## शराब घोटाले से झारखंड को 450 करोड़ का नुकसान

### *अफसरों संग CM हेमंत की भूमिका भी संदिग्धः बाबूलाल मरांडी*

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड )20 अप्रैल 2023:-पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले के कारण राज्य को 450 करोड़ रुपये के राजस्व के नुकसान का आरोप लगाया है. पार्टी कार्यालय में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि राज्य में सरकार ही भ्रष्टाचार के लिए बनी है. उसने कोई भी क्षेत्र नहीं छोड़ा है. सीएम हेमंत सोरेन को शराब घोटाले की संभावना को लेकर बार-बार आगाह उन्होंने पूर्व में किया था. इसके बाद भी सीएम नहीं चेते. वे याद रखें कि गड़बड़ियों को नहीं रोकेंगे तो एक दिन उन्हें भी इसकी सजा भुगतनी होगी. पसंदीदा कंपनियों को शराब के टेंडर में शामिल कराए जाने और काम लेने को यहां के अफसरों ने साजिश की. दलाली हुई. रि-टेंडर हुआ. कहा गया कि इससे राज्य को 2300 करोड़ की आय होगी. इसकी बजाये पता लगा कि राज्य को 450 करोड़ का घाटा हो चुका है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह समेत अन्य भी उपस्थित थे। पिछले काफी दिनों से बाबू लाल मराण्डी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आरोप लगाते आ रहे है।

**ईडी की पहल पर खुला राज**

बाबूलाल मरांडी के मुताबिक उन्होंने पिछले वर्ष 18 अप्रैल, 19 अप्रैल और 9 दिसंबर को भी सीएम को पत्र लिखकर शराब के टेंडर घोटाले के लिए सचेत किया. ए टू जेड इंफ्रा सर्विसेज लि, प्राइम वन वर्क फोर्स प्रालि, सुमित फैसिलिटिज लि और इंगल हंटर सोल्यूशन लि जैसी चार कंपनियों को टेंडर में लाभ दिए जाने की कोशिश हुई. उन्हें ही काम मिला भी. पर कई दफा चेताने के बावजूद ना तो अफसरों पर कार्रवाई हुई, ना सीएम ने संज्ञान लिया. जब पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में ईडी ने छापा मारा और झारखंड सरकार के सचिव और आयुक्त को नोटिस मिला तब वास्तविकता सामने आयी. एक ओर सरकार ने 450 करोड़ रुपया रिकवर करने का नोटिस संबंधित एजेंसियों को दिया है और दूसरी ओर काम भी लिया जाता है. कायदे से जिन लोगों ने सरकार को गलत सलाह दिया, उस पर संज्ञान लेना चाहिये था. सीएम ने भी ध्यान नहीं दिया जिससे उनकी संलिप्तता भी दिखती है.जब जांच एजेंसियां (ईडी) सीएम को किसी मामले 'पूछताछ के लिए बुलाती हैं, तो वे खुद के में आदिवासी सीएम होने का रोना रोने लगते हैं. पर लूट के लिए उन्हें सीएम नहीं बनाया गया है. अगर उनकी लिखी चिट्ठी पर सीएम रिस्पॉन्स नहीं लेते तो कम से कम पूर्व सीएम होने के नाते या फिर राज्य के एक जागरूक नागरिक होने के नाते इस पर संज्ञान लेते. इसकी बजाये उन्हें पत्रवीर का दर्जा दे दिया गया है. जनता ने इसी काम के लिए उन्हें चुनकर भेजा है. पार्टी ने विधायक दल का नेता बनाया है.




## गर्मी के कहर से लोग हुए परेशान, लू की चपेट में आ रहे लोग

### *सत्तू और बेल की बिक्री में हुई बढ़ोतरी*

चन्द्र प्रकाश, जिला संवाददाता

धनबाद (झारखंड)ः पिछले दो दिनों से जिले में प्रचंड गर्मी अपना कहर ढा रहा है. आज भी तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है. दिन में लू चलने से लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं शाम को भी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है. दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक मापा गया है. इस प्रचंड गर्मी से लोग पेड़ की छांव में बैठे दिखे तो कुछ लोग बेल का शरबत और सत्तू पीते, आइसक्रीम खाते सड़क के किनारे दिखाई दे रहे हैं.

इस प्रचंड गर्मी में बच्चे, बूढ़े और महिलाएं अपना बचाओ तो किसी तरह अपने विवेक से कर ले रहे हैं, परंतु जहां बात मूक जानवरों की आ जाती है तो उन पर गर्मी मानो कहर ढा रही है । अब ना तो शहर में नदियां दिखती हैं ना ही तलाब अब तो यह गुजरे जमाने की बातें हो गई है, कि शहरों में तालाब हो । कुछ छोटी-मोटी पोखरे हैं तो उसमें पानी नहीं है । इन नदी ,नहर और तालाब के पानी से ही जानवर अपना प्यास बुझाते हैं और राहत की सांस लेती हैं।




## विधायक ने कॉलेज के शाशी निकाय कि बैठक में किया समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड़ू**

सरायकेला (झारखंड) 20 अप्रैल 2023 तिरुलडीहः सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को विधायक सविता महतो कि अध्यक्षता में इंटर कॉलेज तिरुलडीह, शाहिद निर्मल महतो इंटर कॉलेज दुमदुमी व प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल आदरडीह के प्राचार्य एवं सभी सदस्य के संग शाशी निकाय की बैठक की गई। बैठक में विधायक ने सभी कॉलेज का बारी बारी से समीक्षा की। साथ ही कॉलेज में अनुदान सम्बंधित, कॉलेज की कमी खामी, बाउंड्री वाल, पठन पाठन, कॉलेज के छात्र छात्राओ आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर अनुमंडल पदाधीकारी रंजीत लोहरा, डीएसपी संजय कुमार सिंह, प्रचार्ज उपेन चंद्र महतो, संजीत कुमार महतो, हरिपदों महतो, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, आदि उपस्थित थे।